सोने का सच्चा भाव
आनंद का सच्चा भाव
18 कैरेट रेट (75.00%) = ₹110412/-
22 कैरेट रेट (91.60%) = ₹134850/-
24 कैरेट रेट (99.99%) = ₹147201/-
Live Rate आनंद ज्वेल्स के मोबाइल ऐप पर चेक करें।
ANAND jewels
Pandri, Raipur
*Conditions apply

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com
रायपुर, मंगलवार 29 सितंबर 2026

भाजपा आम आदमी जैसे व्यक्ति को नेतृत्व देती है छत्तीसगढ़ में भी यही किया और साय को सीएम बनाया

भाजपा के राष्ट्रीय कार्यालय के प्रभारी तरुण चुग से डॉ. हिमांशु द्विवेदी का सार्थक संवाद



हरिभूमि न्यूज/ रायपुर

भाजपा के राष्ट्रीय कार्यालय के प्रभारी और गुजरात भाजपा के प्रदेश प्रभारी तरुण चुग का कहना है, भारतीय जनता पार्टी सच में आम आदमी को नेतृत्व देती है। छत्तीसगढ़ में भी ऐसा ही किया गया। यहां पर विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री बनाया गया। वे जनता के दिल के साथ जुड़े हुए हैं, उनकी भावनाओं के साथ जुड़े हैं। प्रदेश की तरक्की के लिए दिन-रात मेहनत करने वाला व्यक्ति छत्तीसगढ़ को मिला है। हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के साथ सार्थक संवाद में श्री चुग ने कई अहम सवालों का बेबाकी से जवाब दिया। पेश हैं प्रमुख अंश-

■ *नए राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन हैं जो छत्तीसगढ़ के प्रभारी रहे, और उनके साथ में एक पूरी नई टीम, उस नई टीम में कुछ ही लोग हैं जो पुरानी टीम का हिस्सा थे। तरुण चुग भी उनमें से एक हैं। तो ऐसी आंधी में भी तरुण चुग बने रहे थोड़ा बताएंगे?*

■ आशीर्वाद है संगठन के वरिष्ठ नेतृत्व का। मैं सौभाग्यशाली हूं कि अमित भाई साहब के साथ दो बार राष्ट्रीय पदाधिकारी रहा हूं। नड्डा जी की दोनों टीमों में रहा हूं। अब नितिन जी के साथ भी हूं। और यह सब हमारे जो बड़े नेता हैं, उनका ट्रस्ट है, उनका स्नेह है और हमारी कमिटमेंट है। समर्पण है पार्टी के प्रति। पार्टी जो कहेगी हम करते हैं, इससे ज्यादा कभी सोचा नहीं। और पार्टी की सूचना को उसके बाद सोचना सीखा नहीं। सूचना आई है तो सूचना है, उस पर काम करना है।

■ *जो आपका गृह प्रदेश है, पंजाब की पहेली क्या है? पंजाब में बढ़त के संदर्भ में उपलब्धि क्यों नहीं आ रही है?*

■ ऐसा है कि भारतीय जनता पार्टी पंजाब में बहुत पुराना दल है। अब हम छोटे भाई की भूमिका से बाहर आए हैं। पंजाब के मुद्दों को, पंजाब के प्रॉब्लम्स को, पंजाब के चैलेंजेस को हम सामने से ले रहे हैं और सामने से देख रहे हैं। और जब से हमने यह शुरुआत की है, निरंतर भारतीय जनता पार्टी का वोट बैंक बढ़ रहा है और निश्चित रूप से 2027 में भारतीय जनता पार्टी पंजाब में सरकार बनाएगी।

■ *गुजरात की चुनौती किस प्रकार की है?*

■ गुजरात भारत की तरक्की का मॉडल है। प्रधानमंत्री मोदी जी के सामाजिक विज्ञान की प्रयोगशाला है। मैंने किसी प्रदेश में इतनी तरक्की नहीं देखी, और निरंतर वहां अगर इंडस्ट्री कहें, वहां का कृषि क्षेत्र कहें, वहाँ सर्विस सेक्टर कहें, वहां अमन-चैन कहें, तो अव्वल है। और हम भगवान की कृपा से लगभग 92 से सत्ता में हैं। और जनता की सेवा में हैं। और जनता की सेवा का आशीर्वाद निरंतर बढ़ रहा है।

■ *गुजरात के आप प्रभारी हैं तो गुजरात का प्रभार चुनौती है या सहूलियत है? सब कुछ तो बढ़िया है, तरुण चुग जी को लगता नहीं कि कोई बहुत मेहनत की जरूरत है इसलिए पंजाब में समय लगाते हैं, या गुजरात में कोई चुनौती महसूस करते हैं तरुण चुग जी?*

■ जब कोई बच्चा फर्स्ट आता है, तो उस को फर्स्ट रहने की आदत पड़ जाती है। गुजरात भारत में फर्स्ट नंबर पर संगठन के मामले में, विजय के मामले में नंबर वन है। तो उसे नंबर वन रहने के लिए काम करना पड़ता है, और वहां मेहनत ज्यादा होती है। जहां आप 20 सीटें थे, 40 आ गईं तो बहुत अच्छी बात है। जहाँ आप हाइट पर हैं, आज भारतीय जनता पार्टी के 162 विधायक हैं।

▶▶शेष पेज 7 पर

राज्य सरकार के गृह विभाग ने किया फैसला

बीएसपी से लोहा की अफरातफरी जांच अब सीबीआई के हवाले



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

भिलाई इस्पात संयंत्र के बहुचर्चित लोहा चोरी(स्क्रैप) कांड की जांच अब केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो(सीबीआई) करेगी। राज्य शासन के गृह विभाग ने मामले की जांच सीबीआई से कराने का निर्णय लिया है। इससे पहले अब तक दुर्ग जिला पुलिस मामले की जांच कर रही थी। यह मामला छत्तीसगढ़ राज्य के जिला दुर्ग के थाना पुरानी भिलाई में दर्ज अपराध क्रमांक- 277/2026 से संबंधित है। इस एफआईआर में भारतीय न्याय संहिता की कई गंभीर धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध किए गए हैं, जिनमें धारा 303(2), 317(4), 319(2), 336(3), 338, 340(2), 111, 112, 61(2) (क), और 3 (5) शामिल हैं। राज्य सरकार द्वारा दिल्ली स्पेशल पुलिस एस्टेब्लिशमेंट (सीबीआई) के सदस्यों को इस मामले के अनुसंधान (तफ्तीश) के लिए उनकी शक्तियों और क्षेत्राधिकार का विस्तार सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य में करने की औपचारिक सहमति प्रदान कर दी गई है।

मामला सीबीआई को सौंपे जाने की वजह

यह मामला केवल एक साधारण चोरी का न होकर एक बहुत बड़े अंतर-जिला,राज्य स्तर के संगठित औद्योगिक अपराध से जुड़ा हुआ है, जिसमें कई बड़ी कंपनियों, व्यावसायिक नेटवर्क और प्रभावशाली लोगों के तार जुड़े होने की आशंका है, इसलिए राज्य सरकार ने इस बहुचर्चित मामले की गहराई से निष्पक्ष जांच के लिए इसकी बागडोर केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो को सौंप दी है। इसके लिए छत्तीसगढ़ शासन के गृह विभाग ने विधिवत अधिसूचना जारी कर दी है।

ये है मामला

भिलाई इस्पात संयंत्र परिसर से भारी मात्रा में कीमती लौह स्क्रैप (लोहे का कबाड़) अवैध रूप से चोरी करके उसे बाहर खपाने और बेचने का एक बड़ा संगठित रैकेट पकड़ा गया था। इस मामले की जांच के दौरान यह बात सामने आई कि चोरी किया गया स्क्रैप रायपुर की एक पावर एंड स्टील कंपनी और उससे जुड़े लोगों को बेचा जा रहा था। मामले में इस कंपनी के एमडी और डायरेक्टरों समेत कई बड़े नाम भी पुलिस की गिरफ्त में आए हैं। इस मामले में पुलिस ने लगातार कार्रवाई करते हुए कई आरोपियों (विभिन्न चरणों में कुल 21 से अधिक आरोपियों) को गिरफ्तार किया है। इसमें प्लांट से स्क्रैप चोरी करने वाले, वाहन चालक, बिचौलिए और कबाड़ खरीदने वाली कंपनियों के जिम्मेदार अधिकारी और डायरेक्टर शामिल हैं।

सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई, केंद्र-आरबीआई और एनपीसीआई से मांगा जवाब

एमडीआर पर रोक से इंकार, 2000 से अधिक यूपीआई पेमेंट पर लगेगा चार्ज

सुप्रीम कोर्ट ने 15 अक्टूबर से 2,000 रुपए से अधिक के निर्धारित यूपीआई व्यक्ति-से-व्यापारी लेनदेन पर 'मर्चेंट डिस्काउंट रेट' (एमडीआर) लागू करने के फैसले पर अंतरिम रोक लगाने से सोमवार को इंकार कर दिया। कोर्ट ने एमडीआर लगाने के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के लिए सहमति जताई। कोर्ट ने केंद्र, भारतीय रिजर्व बैंक तथा भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम से चार सप्ताह के भीतर जवाब मांगा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

सरकार ने करीब छह साल से पूरी तरह निःशुल्क यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस) भुगतान व्यवस्था के बाद 15 अक्टूबर से यूपीआई मंच के जरिए व्यापारियों को किए जाने वाले 2,000 रुपए से अधिक के भुगतान पर 0.4 प्रतिशत शुल्क लागू किया है। इस मामले में सुप्रीम को ट अधिवक्ता अंजन दत्ता द्वारा दायर जनहित याचिका (पीआईएल) पर सुनवाई कर रहा था। इसमें 2,000 रुपए से अधिक के निर्धारित यूपीआई व्यक्ति-से-व्यापारी लेनदेन पर एमडीआर लगाने के केंद्र के फैसले को चुनौती दी गई है। याचिका में केंद्र की 14 सितंबर की अधिसूचना और 15 सितंबर को घोषित एमडीआर ढांचे को चुनौती दी गई है। सरकार ने करीब 15 अक्टूबर से यूपीआई मंच के ▶▶शेष पेज 7 पर

खास खबर

कितना शुल्क तय किया गया

यूपीआई पर 75,000 रुपए और उससे अधिक के भुगतान पर एमडीआर अधिकतम 300 रुपए होगा। रेलवे, दूरसंचार, बीमा, ईंधन और कृषि आदान जैसे आवश्यक तथा कम 'मार्जिन' वाले क्षेत्रों के लिए 2,000 रुपए से अधिक के प्रत्येक लेनदेन पर पांच रुपए का तय एमडीआर होगा। म्यूचुअल फंड, प्रतिभूतियों और शेयर ब्रोकर तथा डीलर के जरिये किए जाने वाले भुगतान पर 0.02 प्रतिशत एमडीआर लगेगा, जो अधिकतम 300 रुपए होगा। व्यक्ति-से-व्यक्ति (पी2पी) हस्तांतरण पर आकार की परवाह किए बिना शून्य शुल्क जारी रहेगा।

- सरकार बोली, लगभग 96% मर्चेंट लेन-देन पूरी तरह अप्रभावित रहेंगे
- याचिकाकर्ता ने कहा- सार्वजनिक परामर्श के बिना लगाया गया चार्ज



यह कर या है शुल्क: सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह शुल्क लागू करने के कानूनी स्रोत को देखना चाहेगा। पीठ ने कहा, क्या यह कर है या शुल्क? अगर यह शुल्क नहीं है, तो इस राशि को लेने के लिए कार्यपालिका का आधार क्या है? विधि अधिकारी ने कहा कि यह राशि लेना नहीं है। उन्होंने कहा कि यह भुगतान 'एग्रीगेटर' और बैंकों के बीच निपटान शुल्क है। उन्होंने कहा कि सरकार का इस धनराशि से कोई लेना-देना नहीं है।

केंद्र से पूछा, फैसले का आधार क्या

पीठ ने केंद्र को जवाबी हलफनामा दाखिल कर यूपीआई मंच के जरिये व्यापारियों को किए जाने वाले 2,000 रुपये से अधिक के भुगतान पर शुल्क लगाने के फैसले का आधार बताने को कहा। वेंकटरमण ने कहा कि आवश्यक सेवाओं के लिए शुल्क अधिकतम पांच रुपये तय किया गया है। पीठ ने कहा, यह मामला कानूनी कम और तकनीकी अधिक है। कोर्ट ने कहा, हमें इन सभी तथ्यों की जानकारी एक संक्षिप्त हलफनामे में चाहिए। इससे हमें मामले को बेहतर ढंग से समझने में मदद मिलेगी। यह मामला कानूनी से कम और तकनीकी अधिक है।

अंतरिम रोक से इंकार

पीठ द्वारा याचिका पर नोटिस जारी किए जाने के बाद याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील ने कहा, तब तक इस पर रोक लगा दीजिए। पीठ ने एमडीआर लगाने के केंद्र के फैसले पर किसी तरह की अंतरिम रोक लगाने से इंकार कर दिया।

सेंसेक्स 1,124 अंक और निफ्टी 360 अंक टूटा

तेल की धार में ढह गया शेयर बाजार, डूबे 8.77 लाख करोड़

एजेंसी ▶▶ मुंबई

पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष, कच्चे तेल की कीमत में बड़ी बढ़त, विदेशी निवेशकों की बिकवाली और डॉलर के मुकाबले रुपए की कमजोरी ने घरेलू शेयर बाजार को एक बार फिर से बड़ा झटका दिया है। निवेशकों को एक ही दिन में करीब 8.77 लाख से अधिक के नुकसान की खबर है। मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 1,124 अंक का गोता लगाकर छह महीने के निचले स्तर पर आ गया। वहीं एनएसई निफ्टी 22,800 अंक के नीचे रहा।



क्यों गिरा बाजार

- पश्चिम एशिया में बढ़ता संघर्ष
- तेल की कीमतों में उछाल
- अमेरिकी बॉन्ड यील्ड में बड़ा उछाल
- भारतीय करेंसी में कमजोरी
- विदेशी निवेशकों की बिकवाली

क्या कहते हैं एक्सपर्ट

विश्लेषकों के अनुसार, होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने को लेकर अमेरिका और ईरान के बीच गतिरोध से कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल, विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली, अमेरिकी बॉण्ड प्रतिफल में वृद्धि और एशियाई बाजारों में कमजोर रुख के कारण वित्तीय, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, धातु, दैनिक उपयोग की वस्तुओं, तेल एवं गैस तथा वाहन कंपनियों के शेयरों में बिकवाली हुई। बाजार में मंदड़ियों का दबदबा बना रहा।

सीएम ने बाढ़ देखी, देंगे मुआवजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोमवार को नगर निगम क्षेत्र के डोंगाघाट पहुंचकर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लिया और प्रभावित परिवारों से भेंटकर उन्हें हरसंभव सहायता प्रदान करने आश्वस्त किया। वहीं हरेक प्रभावित परिवार को शासन की सहायता के साथ ही मुख्यमंत्री राहत कोष से दस-दस हजार की मदद देने की घोषणा की। इस दौरान मुख्यमंत्री इंद्रावती नदी पर स्थित पुल पहुंचे, जहां उन्हें अधिकारियों ने नक्शा से बाढ़ की जानकारी दी। उन्होंने बाढ़ से उत्पन्न स्थिति, प्रभावित परिवारों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं तथा प्रशासन द्वारा संचालित राहत कार्यों की जानकारी ली ▶▶शेष पेज 7 पर



मुख्यमंत्री राहत कोष से 10-10 हजार मदद देने की घोषणा

मकान, फसल, पशुधन क्षति का सर्वे करें

बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में संवेदनशीलता के साथ मकान, फसल, पशुधन क्षति का सर्वे कर आंकलन किए जाने सहित संबंधित परिवारों को सहायता सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि विषम परिस्थितियों में शासन-प्रशासन प्रभावित परिवारों के साथ खड़ा है। बाढ़ प्रभावित लोगों की सुरक्षा उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

सरगुजा में धरे गए चार आरोपी

रेस्टोरेंट में फायरिंग कर भागे, धरे गए चार शूटर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबिकापुर

झारखंड के जमशेदपुर में अंधाधुंध फायरिंग करने के बाद फरार चल रहे चार शूटरों को पकड़ने में सरगुजा पुलिस ने सफलता हासिल की है। मणिपुर (अंबिकापुर) पुलिस ने सूचना मिलने के बाद घेराबंदी कर चारों आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपी एक रेस्टोरेंट में अंधाधुंध फायरिंग की वारदात को अंजाम देकर फरार हुए थे। सरगुजा पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में लेने के बाद झारखंड पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। 26 सितंबर को झारखंड के जमशेदपुर (पूर्वी सिंहभूम) स्थित सोनारी थाना क्षेत्र के मरीन ड्राइव पर 'उदिपी रेस्टोरेंट' में अपराधियों ने अंधाधुंध फायरिंग ▶▶शेष पेज 7 पर

गिरफ्तार आरोपी

रमेश कुमार शर्मा उर्फ टीटू (50 वर्ष) निवासीः राउरकेला, सुंदरगढ़ (ओडिशा), मनोज उर्फ भंडु सरकार (53 वर्ष) – निवासीः परसुडीह, पश्चिम सिंहभूम (झारखंड), दीपू ओझा (35 वर्ष)– निवासीः बिरसानगर, जमशेदपुर (झारखंड), शंकर मुंडा (42 वर्ष) – निवासीः सीतारामडेरा, पूर्वी सिंहभूम (झारखंड)

भागे थे ओडिशा

वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी पहले ओडिशा भागे थे। इसके बाद वे छत्तीसगढ़ की सीमा में प्रवेश कर सरगुजा के रास्ते झारखंड या उत्तर प्रदेश की ओर निकलने की फिराक में थे। सरगुजा पुलिस ने ट्रांजिट रिमांड प्राप्त कर चारों आरोपियों को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए झारखंड पुलिस के सुपुर्द कर दिया है।

घेराबंदी और गिरफ्तारी

27 सितंबर की रात एसडीओपी सीतापुर तुल सिंह पट्टावी को सूचना मिली कि कुछ संदिग्ध व्यक्ति अर्टिगा वाहन (जे एच 05 ई ए 7928) में सवार होकर बिलासपुर की ओर से अंबिकापुर की तरफ भाग रहे हैं। सूचना मिलते ही एसएसपी राजेश अग्रवाल ने सभी थानों और चौकियों को नाकेबंदी के निर्देश दिए। मणिपुर थाना प्रभारी सीपी तिवारी के नेतृत्व में थाने के सामने सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान चार लोगों को हिरासत में लिया गया।

खबर संक्षेप

आशीष बने संचालक छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

रायपुर। छत्तीसगढ़ शासन ने प्रशासनिक फेरबदल करते हुए



आईएएस अधिकारी आशीष कुमार टिकरिहा को संचालक जनसंपर्क विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। श्री टिकरिहा वर्तमान में छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाउसिंग कॉर्पोरेशन के प्रबंध संचालक के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उन्हें अपने वर्तमान दायित्वों के साथ-साथ संचालक जनसंपर्क की अतिरिक्त जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा इस संबंध में आदेश जारी किया गया है।

जैवलिन में भारत का डबल धमाल, यशवीर ने सिल्वर, रोहित के नाम ब्रॉन्ज

एशियन गेम्स : विथ्या रामराज ने 42 साल बाद तोड़ा पीटी उषा का रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶ नागोया

विथ्या रामराज ने 400 मीटर हर्डल रेस का नेशनल रिकॉर्ड तोड़ दिया है। यह रिकॉर्ड अभी तक पीटी उषा के नाम था। एशियाई खेलों के पुरुष जैवलिन इवेंट में भारत का डबल धमाल देखने को मिला। भारत के यशवीर सिंह और रोहित यादव ने सोमवार को यहां एशियाई खेलों की पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया और भारत को इस स्पर्धा में दोहरी सफलता दिलाई।

भारत को कुल 45 मेडल, 4 गोल्ड, 20 सिल्वर और 21 ब्रॉन्ज



नौवें दिन के पदक विजेता

सिल्वर : यशवीर सिंह (जैवलिन-85.72 मीटर के बेस्ट थ्रो)
ईशा सिंह (शूटिंग - महिला 25 मीटर पिस्टल), **गुलवीर सिंह (एथलेटिक्स** - पुरुषों की 1500 मीटर), **सर्वेश कुशारे** (पुरुषों की हाई जंप)/एंसी सोजन (लॉन्ग जंप)
ब्रॉन्ज : रोहित यादव (जैवलिन-84.35 मीटर के थ्रो), पारुल चौधरी (एथलेटिक्स - महिलाओं की 5000 मीटर/3000 मीटर स्टीपलचेज) हरिता भद्रा (महिलाओं की 200 मीटर दौड़)

विथ्या ने 1984 में बना नेशनल रिकॉर्ड तोड़ा

विथ्या रामराज ने इसके रेस 400 मीटर हर्डल रेस का नेशनल रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है। यह रिकॉर्ड अभी तक पीटी उषा के नाम था। उन्होंने 42 साल पहले रिकॉर्ड बनाया था। उषा के 1984 लॉस एंजिलिस ओलंपिक में बनाए 55.42 सेकेंड का नेशनल रिकॉर्ड बनाया था। अभी पीटी उषा भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष हैं और एशियन गेम्स के लिए जापान में ही हैं।

गोल्ड के करीब पहुंचकर चूके

युवा निशानेबाज ईशा सिंह, लंबी दूरी के धावक गुलवीर सिंह और लंबी कूद में मुरली श्रीशंकर ने एशियाई खेलों में सोमवार को भारत की झोली में रजत पदक डाले हालांकि स्वर्णिम सफलता के करीब पहुंचकर चूकने का सिलसिला जारी रहा। भारत के नाम पर अभी भी चार स्वर्ण पदक ही दर्ज हैं। इसके अलावा उसने 20 रजत और 21 कांस्य पदक सहित कुल 45 पदक हासिल कर लिए हैं और वह पदक तालिका में 12वें स्थान पर है। चीन शीर्ष पर बना हुआ है।

सुप्रीम कोर्ट ने दिए कई सुझाव, वाहन-लाइसेंस पर भी कार्रवाई के संकेत

देशभर में 45,000 करोड़ के ई-चालान की रकम वसूलना बाकी

ट्रैफिक चालान नहीं भरा तो बिजली बिल में जुड़ेगी जुर्माने की रकम!

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ट्रैफिक नियम तोड़ने के बाद ई-चालान भरने में लापरवाही करने वालों के लिए सुप्रीम कोर्ट ने सख्त कदमों पर विचार करने को कहा है। अदालत ने सुझाव दिया कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को बकाया ई-चालान की रकम वसूलने के लिए व्यावहारिक तरीके तलाशने चाहिए। इनमें बकाया चालान को बिजली बिल से जोड़ने का सुझाव भी शामिल है। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ सोमवार को एस. राजसीकरन बनाम भारत संघ मामले में ई-चालान और ट्रैफिक नियमों के इलेक्ट्रॉनिक प्रवर्तन से जुड़ी याचिका पर सुनवाई कर रही थी। अदालत को बताया गया कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के स्तर पर करीब 45,000 करोड़ रुपये के ई-चालान की रकम वसूलना बाकी है। इनमें से करीब 25,000 करोड़ रुपये की वसूली हो चुकी है। इसी पृष्ठभूमि में अदालत ने बकाया चालानों की वसूली के लिए कई संभावित उपायों पर चर्चा की।

सिर्फ ई-चालान काटना काफी नहीं

सुनवाई के दौरान जस्टिस पारदीवाला ने कहा कि सिर्फ बड़ी संख्या में ई-चालान जारी करना पर्याप्त नहीं है। असली सवाल इन चालानों पर लगाई गई जुर्माने की रकम की वसूली का है। अदालत ने सुझाव दिया कि अगर लोग ट्रैफिक चालान नहीं भर रहे हैं तो बकाया रकम को बिजली के बिल से जोड़ने की व्यवस्था पर विचार किया जा सकता है। इससे बकाया चालान जमा कराने के लिए अतिरिक्त प्रोत्साहन मिल सकता है।



14 साल के निर्देशों का जमीन पर क्या असर?

सुनवाई के दौरान अदालत ने यह भी सवाल उठाया कि करीब 14 वर्षों से दिए जा रहे निर्देशों का वास्तविक स्तर पर कितना पालन हुआ है। कोर्ट ने कहा कि अगर निर्देश सिर्फ कागजों तक सीमित रहेंगे और उनका पालन नहीं होगा तो आगे सख्त कदम उठाने की स्थिति आ सकती है। अदालत ने वरिष्ठ अधिवक्ता और अमिकस क्यूरी गौरव अग्रवाल से निर्देशों की स्थिति बताने वाला एक चार्ट तैयार करने को कहा है। इसमें अब तक जारी निर्देश, उन्हें लागू करने के लिए दिया गया समय, वर्तमान स्थिति और अमिकस की टिप्पणियां शामिल होंगी। इस मामले में आगे की कार्यवाही के दौरान बकाया ई-चालान की वसूली और सड़क सुरक्षा से जुड़े उपायों पर अदालत की दिशा स्पष्ट हो सकती है।

वाहन से जुड़े काम भी रुक सकते हैं

सुप्रीम कोर्ट ने सुझाव दिया कि जिन वाहनों पर चालान बकाया हैं, उनके लिए कुछ वाहन संबंधी सेवाओं को रोका जा सकता है। इनमें वाहन के रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट के नवीनीकरण, डुप्लीकेट सर्टिफिकेट जारी करने और मालिकाना हक में बदलाव जैसी सेवाओं को बकाया चालान से जोड़ने पर विचार किया गया। अदालत ने परिवहन पोर्टल पर ऐसे वाहनों को ब्लैकलिस्ट करने और उनका स्वामित्व ट्रांसफर रोकने का सुझाव भी दिया। इसके अलावा, फिटनेस सर्टिफिकेट और प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र यानी पीयूसी जारी करने या नवीनीकरण पर रोक तथा ड्राइविंग लाइसेंस के नवीनीकरण से जुड़े उपायों पर भी चर्चा हुई।

2012 से चल रही है सड़क सुरक्षा की सुनवाई

यह मामला 2012 में कोयंबटूर के ऑर्थोपेडिक सर्जन एस. राजसीकरन की ओर से दायर जनहित याचिका से जुड़ा है। याचिका में सड़क सुरक्षा, सड़क हादसों को कम करने, बेहतर बुनियादी ढांचे और दुर्घटना के बाद पीड़ितों को उचित सहायता उपलब्ध कराने के लिए समन्वित कदम उठाने की मांग की गई है।

उज्जैन में सिंहस्थ-2028 के लिए सड़क चौड़ीकरण के दौरान तनाव

दो बार पथराव के बाद लाठीचार्ज, पुलिस ने आंसू गैस छोड़ी,10 पर एफआईआर

सिंहस्थ प्रोजेक्ट के तहत उज्जैन में कंठाल चौराहे से गोपाल मंदिर तक डेढ़ किलोमीटर एरिया की सड़क 15 मीटर चौड़ी की जाएगी। इसके लिए 323 मकान तोड़े जाएंगे। इनमें 15 धर्मस्थल हैं। अब तक 12 धर्मस्थल हटाए जा चुके हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के तहत सड़क चौड़ीकरण के लिए शाही मस्जिद का बाधक हिस्सा हटाने की कार्रवाई सोमवार को विवाद में बदल गई। कंठाल चौराहा से गोपाल मंदिर तक मार्ग चौड़ा करने के लिए मस्जिद के हिस्से को हटाने की कार्रवाई शुरू होते ही विरोध और नारेबाजी होने लगी। इसके बाद कुछ लोगों ने पुलिस पर पथराव कर दिया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े और लाठीचार्ज किया।

इस दौरान एक महिला थाना प्रभारी घायल हो गई। बाद में दोपहर में फिर पथराव हुआ, जिसके बाद पुलिस ने दोबारा लाठीचार्ज किया। मामले में 10 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है और पांच लोगों की गिरफ्तारी की गई है। मस्जिद पक्ष के अधिवक्ता कुलदीप पाठक के अनुसार प्रशासन की ओर से पहले करीब साढ़े नौ फीट हिस्सा हटाने की मांग की गई थी। बातचीत के बाद अब करीब तीन फीट हिस्सा हटाने पर सहमति बनी है। इसके साथ ही एक दुकान हटाने और प्रभावित दुकानदारों को वैकल्पिक जगह देने की बात भी तय हुई है।



पुलिस ने ड्रोन से भी निगरानी की

मस्जिद के बाधक हिस्से को हटाने की कार्रवाई की जानकारी के बाद बड़ी संख्या में लोग मौके के आसपास जमा हो गए थे। प्रशासन ने सुरक्षा के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया था। क्षेत्र में बैरिकेडिंग की गई और निगरानी के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया गया।

अफवाह पर ध्यान न दें, मौके पर न जाएं : शहर काजी

उज्जैन शहर काजी खली कुर्रे रहमान ने कहा कि मस्जिद का मामला रात में ही आपसी सहमति से सुलझा गया था। ऐसी कोई स्थिति नहीं है, जिसके लिए किसी को मौके पर जाने की जरूरत हो। उन्होंने सभी लोगों से अपील की कि किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें।



रहमान

समाजजनों की सहमति से हटाया जा रहा शाही मस्जिद का हिस्सा

कलेक्टर रोशन सिंह ने कहा कि वर्ष 2028 में उज्जैन में सिंहस्थ महाकुंभ का आयोजन होना है। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन को देखते हुए मास्टर प्लान के अनुरूप सड़कों के चौड़ीकरण और अन्य निर्माण कार्य किए जा रहे हैं।





टैक्स चोरी और मनी लॉन्ड्रिंग

रकुल प्रीत, वाशु से जुड़े 12 ठिकानों पर छापा

मुंबई। मुंबई में इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बॉलीवुड एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह, उनके ससुर और फिल्म प्रोड्यूसर वाशु भगनानी और पैनोरमा स्टूडियो से जुड़ी 12 जगहों पर छापेमारी की है। विभाग को फंड में गड़बड़ी के शक को लेकर टिप मिली थी, जिसके बाद एक दर्जन जगहों पर तलाशी शुरू की गई है। जांच अधिकारियों का मानना है कि फिल्म प्रोजेक्ट्स को फाइनेंस करने के नाम पर कथित तौर पर विदेश में पैसा भेजा जा रहा है। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट का यह सर्च ऑपरेशन टैक्स चोरी और मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में है। रकुल प्रीत सिंह और वाशु भगनानी से जुड़े 12 पतों पर एकसाथ तलाशी अभियान शुरू की है और यह अभी भी जारी है।



विदेशी लेन-देन के कागजात खंगाल रहे

मुंबई इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की कई टीमें अभी डॉक्यूमेंट्स, फाइनेंशियल रिकॉर्ड्स और कथित विदेशी लेन-देन की डिटेल्स की जांच कर रही हैं।

समुद्र में साहस का परिचय

भारतीय तटरक्षकों ने टैंकर को बचाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय तट रक्षकों ने सोमवार को अदम्य साहस का परिचय दिया। ओडिशा के पारादीप तट के पास एक अस्थिर केमिकल टैंकर को बचाया। इस टैंकर पर 23 क्रू मेंबर सवार थे। मदद के लिए कॉल मिलने पर आईसीजी ने विदेशी जहाज को सुरक्षित रूप से टेकओवर किया गया। इंडियन कोस्ट गार्ड ने इस बारे में एक्स पर पोस्ट किया है। इसके मुताबिक एमटी सीगल 9 से मदद के लिए कॉल आई थी। इसके आईसीजीएस ने तेजी के साथ रेस्क्यू ऑपरेशन को अंजाम दिया। आगे बताया गया है कि इस केमिकल टैंकर में 9000 मीट्रिक टन पाम ऑयल था, जबकि 23 क्रू मेंबर्स सवार थे।

■ 23 क्रू मेंबर्स थे सवार

बैलास्ट टैंक का इस्तेमाल

एक अधिकारी ने बताया कि मुख्य इंजन खराब होने और बैलास्ट टैंक या संतुलन टैंक में तेजी से पानी भरने के कारण पोत एक ओर झुक गया था। जहाज की तलहटी में स्थित इस टैंक का उपयोग इसमें समुद्र का पानी भरकर या निकाल कर पोत को संतुलन दिया जाता है। दल ने बताया कि उसने तुरंत कार्रवाई करते हुए आईसीजी के पोत 'विश्वस्त' को मौके पर भेजा गया। आईसीजी ने बताया कि यह घटना पारादीप से पूर्व-दक्षिण-पूर्व दिशा में 37 समुद्री मील की दूरी पर हुई। उच्च परिचालन तत्परता का प्रदर्शन करते हुए आईसीजी के क्षति नियंत्रण विशेषज्ञों की टीम ने मुश्किल हालात के बावजूद उस अस्थिर पोत पर गई। अधिकारी ने बताया कि टीम ने पनडुब्बी जल-निकासी पंप और नुकसान को रोकने वाले आधुनिक उपकरणों का इस्तेमाल करके तेजी से रिसाव को रोका, क्षतिग्रस्त समुद्री जल पाइपलाइनों को बंद किया और टूटी हुई तीसरी लाइन को भी नियंत्रित किया।



रायपुर, मंगलवार 29 सितंबर 2026 | आश्विन कृष्ण पक्ष तृतीया | वर्ष : 25, अंक : 70 | पृष्ठ : 12+4+4+8 = 28 मूल्य : 5.00** | haribhoomi.com

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

झांकी ने लोगों को किया मंत्रमुग्ध



ड्रोन फोटो : रिजवान कुरैशी







रायपुर। राजधानी रायपुर में सोमवार की रात गणेश विसर्जन झांकी निकली। झांकी देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग उमड़े। झांकी में रामायण, सती दहन, गरूड़ पुराण, कृष्ण लीला का वर्णन किया गया। शारदा चौक से शुरू होकर जयस्तंभ चौक, मालवीय रोड, कोतवाली चौक, सदर बाजार, कंकालीपारा चौक, पुरानी बस्ती थाना तिराहा, लाखेनगर चौक, सुंदरनगर रोड और रायपुरा चौक होते हुए महादेव घाट विसर्जन स्थल पहुंची।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की समयबद्धता में लगातार गिरावट

ट्रेनों की टाइमिंग गड़बड़, हमारा जोन सबसे पीछे 18 में 17वें नंबर पर, टॉप पर उत्तर-पश्चिमी रेलवे

ट्रेनों को समय पर पहुंचाने में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे लगातार पिछड़ता जा रहा है। बीते पांच वर्षों से पंक्चुअलिटी घटती जा रही है। इसके पीछे मुख्य वजह लगातार मालगाड़ियों की बढ़ती संख्या है। वर्तमान में रायपुर में 100 से 140 यात्री ट्रेनें गुजरती हैं और इससे अधिक अब मालगाड़ियों का परिचालन हो रहा है।

मालगाड़ियों को समय पर पहुंचाने यात्री ट्रेनों को कई जगह रोका जा रहा है। यही वजह है कि माल लदान में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे टॉप जोन में शामिल है, लेकिन यात्री ट्रेनों की पंक्चुअलिटी में यह पिछड़ गया है। इसका खुलासा सूचना के अधिकार से मिले रेलवे बोर्ड के आधिकारिक आंकड़ों में हुआ है।

ललित राठोड़ ⏭ रायपुर

एक रेल यूजर की ओर से मांगे गए आरटीआई के जवाब में रेलवे बोर्ड के कोचिंग निदेशालय ने देश के सभी 18 रेलवे जोन की पिछले 10 वर्षों की पंक्चुअलिटी का आंकड़ा उपलब्ध कराया है। इसमें दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की समयबद्धता में लगातार गिरावट दिखाई देती है। बता दें कि एसईसीआर की पंक्चुअलिटी 2020-21 में 95.94 प्रतिशत के उच्चतम स्तर पर थी, जबकि 2023-24 में घटकर 45.44 प्रतिशत रह गई। 2026-27 में अगस्त तक यह 54.38 प्रतिशत है। आरटीआई आंकड़ों के मुताबिक, देश के 18 रेलवे जोन में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे 17वें स्थान है।

एक्सक्लूसिव

2020-21 में रहा सबसे बेहतर प्रदर्शन

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की ट्रेनों की पंक्चुअलिटी में पिछले कुछ वर्षों में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार ⏭शेष पेज 7 पर

अधिक मालगाड़ी परिचालन और पटरियों पर ट्रैफिक मुख्य वजह

सूचना के अधिकार से मिले रेलवे बोर्ड के आधिकारिक आंकड़ों से हुआ खुलासा

उत्तर पश्चिमी रेलवे 94.80 प्रतिशत और पश्चिम रेलवे 94.10 प्रतिशत पंक्चुअलिटी के साथ ऊंचे स्तर पर

आरटीआई से मिले 10 वर्षों की पंक्चुअलिटी आंकड़े

वर्ष	पंक्चुअलिटी
2017-18	80.06 प्रतिशत
2018-19	54.91 प्रतिशत
2019-20	76.11 प्रतिशत
2020-21	95.94 प्रतिशत
2021-22	79.12 प्रतिशत
2022-23	51.28 प्रतिशत
2023-24	45.44 प्रतिशत
2024-25	55.38 प्रतिशत
2025-26	59.34 प्रतिशत
2026-27	54.38प्रतिशत (अगस्त तक)



देश के जोनों में भी बड़ा अंतर

आरटीआई से मिले आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2026-27 में अगस्त तक रेलवे जोन की पंक्चुअलिटी में काफी अंतर है। उत्तर-पश्चिमी रेलवे 94.80 प्रतिशत और पश्चिम रेलवे 94.10 प्रतिशत पंक्चुअलिटी के साथ ऊंचे स्तर पर हैं। दक्षिण रेलवे की पंक्चुअलिटी भी 90.42 प्रतिशत रही। वहीं ईस्ट-कोस्ट रेलवे 43.40 प्रतिशत के साथ सबसे निचली पायदान पर है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की पंक्चुअलिटी 54.38 प्रतिशत और दक्षिण पूर्व रेलवे की 54.18 प्रतिशत रही। इससे अलग-अलग जोन में ट्रेनों की समयबद्धता के बीच बड़ा अंतर सामने आता है।

100 की क्षमता में दौड़ रहीं 140 यात्री ट्रेनें

पंक्चुअलिटी घटने का कारण यह भी है कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का रेल रूट बीते पांच वर्षों में काफी व्यस्त हो चुका है। रायपुर मंडल में 100 यात्री ट्रेनों की क्षमता है, लेकिन प्रतिदिन यहां 140 यात्री ट्रेनें दौड़ रही हैं। खास बात ये है कि यात्री ट्रेनों की तुलना में मालगाड़ियों की संख्या अधिक है। जोन में 250 से अधिक मालगाड़ियां चल रही हैं। मालगाड़ियों की संख्या बढ़ने और पटरियों पर ट्रैफिक बढ़ने के कारण जोन के मंडलों में कोई भी ट्रेन समय पर नहीं पहुंच पा रही है। बता दें कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से कोयले की भारी माल ढुलाई होती है। पटरियों पर अधिक ट्रैफिक और मेंटेनेंस ब्लॉक के कारण यात्री ट्रेनों के परिचालन पर असर पड़ता है। इससे ट्रेनों के समय पर चलने की व्यवस्था प्रभावित होती है।

नियमित समीक्षा की जा रही

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में ट्रेनों की समयबद्धता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए लगातार मॉनिटरिंग और नियमित समीक्षा की जा रही है। विलंब के कारणों की पहचान कर आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। साथ ही, रेल नेटवर्क की क्षमता बढ़ाने के लिए बड़े पैमाने पर आधारभूत संरचना के काम तेजी से किए जा रहे हैं, जिससे आने वाले समय में ट्रेनों के परिचालन की दक्षता और समयबद्धता में और सुधार होगा।

- शेख शमी उर रहमान, सीपीआरओ, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

दिल का दर्द....ट्रांसप्लांट महंगा इसलिए चार बरस में एक भी नहीं हो पाया, सरकारी पैकेज अब बढ़ेगा!

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



खर्च ज्यादा होने की वजह से राज्य में कैडेवर डोनेशन की शुरुआत के चार साल होने के बाद भी हार्ट ट्रांसप्लांट की शुरुआत नहीं हो पाई है। इसकी संभावनाओं को विचार करते हुए मुख्यमंत्री विशेष सहायता योजना में इसके लिए साढ़े 13 लाख का पैकेज जोड़ने की तैयारी है। वर्तमान में किडनी, लिवर, नेत्र और त्वचा के जरिए राज्य में कैडेवर डोनेशन की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। सुविधा नहीं होने की वजह राज्य अंग एवं उतक प्राधिकरण के पास अब तक हार्ट और लंग्स के किसी जरूरतमंद ने पंजीयन नहीं कराया है। राज्य में पहला अंगदान नवंबर 2022 में हुआ था और इसके बाद 15 लोगों के अंगों के माध्यम से अनेक लोग अच्छी जिंदगी गुजार रहे हैं। राज्य में कैडेवर डोनेशन किडनी, लिवर, नेत्र और त्वचा और हार्ट के टिशू के माध्यम से पूरी की जा रही है। करीब चार साल गुजरने के बाद भी यह हार्ट और लंग्स का दान और प्रत्यारोपण की सफलता से नहीं जुड़ पाया है। जानकारों का तर्क है कि हार्ट ट्रांसप्लांट का खर्च ज्यादा होने की वजह से इसके लिए तीन बड़े निजी अस्पतालों के पंजीकृत होने के बाद भी एक भी प्रोसीजर पूरा नहीं हो पाया है। इतना ही नहीं राज्य में दान में मिलने वाले अंगों के जरिए नए जीवन की आस रखने वाले मरीजों की सूची तैयार करने वाले राज्य अंग एवं उतक प्राधिकरण के पास के अब तक ⏭शेष पेज 7 पर

किडनी, लिवर, नेत्र और त्वचा के जरिए पूरी हो रही कैडेवर डोनेशन की प्रक्रिया

विश्व हृदय दिवस आज

अन्य सुविधा भी

दिल के इलाज के लिए विशेष सहायता योजना में जोड़े जाने वाले 13 लाख के पैकेज में एक्मो और आईएबीपी सुविधा को भी शामिल किए जाने का प्रस्ताव है। एक्मो हार्ट सहित गंभीर स्थिति वाले मरीजों के लिए एडवांस कृत्रिम जीवन रक्षक प्रणाली है, जो गंभीर रूप से बीमार मरीज के हृदय एवं फेफड़ों को अस्थायी रूप से बाहर से काम करने में मदद करती है। इसी तरह आईएबीपी सर्जरी के दौरान मरीज के ब्लडप्रेशर को नियंत्रित करने का काम करता है।

हार्ट के टिशू का उपयोग

भले ही राज्य में हार्ट ट्रांसप्लांट शुरू नहीं हो पाया हो, मगर कई दानदाताओं से मिले हार्ट वॉल्व के टिशू का उपयोग छोटे बच्चों के दिल की सर्जरी के दौरान किया जा रहा है। इसलिए हार्ट टिशू को सुरक्षित रखने के लिए सत्यसाईं संजीवनी हास्पिटल में बैंक स्थापित किया गया है। वहीं दान में मिलने वाली त्वचा सुरक्षित रखने के लिए डीके हास्पिटल में स्किन बैंक की स्थापना की गई है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA sky चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

आतंक-रोधी अभियानों में फौरन हो एक्शन : शाह

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आतंक-रोधी अभियानों में बिना किसी देरी के कदम उठाने पर जोर देते हुए सोमवार को देश के आतंकवाद रोधी ढांचे 'प्रहार' के हर स्तर पर एक 'स्वचालित प्रतिक्रिया तंत्र' को संस्थागत रूप देने का आह्वान किया। शाह ने 'प्रहार-आतंकवाद रोधी नीति और रणनीति' सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए भगोड़ों को भारत वापस लाने के प्रयासों में तेजी लाने के उद्देश्य से एक विशेष प्रत्यर्पण पोर्टल भी शुरू किया।



वाहन नदी में गिरा पांच लोगों की मौत

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सोमवार को एक 'एसयूवी' वाहन के किशनगंगा नदी में गिर जाने से पांच लोगों की मौत हो गई एवं छह अन्य घायल हो गए। यह हादसा तीतवाल क्षेत्र में सीमारी सड़क पर हुआ। तत्काल बचाव अभियान शुरू किया गया और घायलों को पास के अस्पताल पहुंचाया गया। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने इस हादसे पर दुख व्यक्त किया।

निर्वाचन आयुक्त से कांग्रेस ने मांगा इस्तीफा

सीईसी ज्ञानेश के घर पर पोती कालिख, देशभर में प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण में कथित अनियमितताओं और निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली से जुड़े विवाद को लेकर सोमवार को देशभर में जिले स्तर पर प्रदर्शन किया तथा मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की।

ज्ञानेश कुमार के आगरा स्थित आवास के मुख्य द्वार और दीवार को स्प्रे पेंट से विरूपित कर दिया। दिल्ली में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दीन दयाल उपाध्याय मार्ग स्थित पार्टी के प्रदेश कार्यालय से निर्वाचन सदन की ओर मार्च करने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने बैरिकेड लगाकर उन्हें रोक दिया।

कांग्रेस पर भड़के नड्डा

कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के हमलावर रुख पर केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने पलटवार किया। उन्होंने दिल्ली में कहा कि जो ताकतें देश में अस्थिरता पैदा करना चाहती है, उन्हें देश ने पहले भी करारा सबक सिखाया है। आगे भी इनका भ्रम चूर-चूर होगा। नड्डा ने कहा, देश के 140 करोड़ों भारतीयों के संकल्प पर देश आगे बढ़ रहा है। विपक्ष के हर झूठ की हवा निकल चुकी है। यह नया परपंच कर रहे हैं। माहौल खराब करने में लगे हुए हैं। राहुल गांधी, ममता बनर्जी, अखिलेश यादव, अरविंद केजरीवाल...सबकी मानसिकता देश की संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल खड़ा कर रहे हैं। यह सब सत्ता पाने के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं।

आगरा में पुश्तैनी आवास के बाहर नारेबाजी

उत्तर प्रदेश के आगरा में भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ज्ञानेश कुमार के विजय नगर स्थित पुश्तैनी आवास आवास के बाहर प्रदर्शन किया। इस दौरान कुछ कार्यकर्ताओं ने उनके आवास के बाहर पेंट से 'ज्ञानेश गद्दार, वोट चोर' लिख दिया।

कैसे शुरू हुआ विवाद?

बता दें कि कई महीनों से चल रहे एसआईआर विवाद के बीच 23 सितंबर को एक रिपोर्ट से सियासी हंगामा नए सिरे से शुरू हो गई। रिपोर्ट में दावा है कि एसआई प्रक्रिया के दौरान तीन चुनाव आयुक्तों में से दो ने कई मसलों पर अपनी आपत्तियां जताई। इन आपत्तियों को नजरअंदाज कर दिया गया। अब इसे विपक्ष ने बड़ा मुद्दा बनाया है। इसके बाद चुनाव आयोग ने 26 सितंबर को बैठक की। इसमें मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के साथ चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी मौजूद रहे। इसकी तस्वीर जारी करते हुए आयोग ने डिटेल में सफाई दी और कई बदलाव भी किए।

कबाड़ी कुलदीप साहू समेत चारों आरोपी दोषी, 8 को आएगा फैसला

दोहरा हत्याकांड गोलीकांड में सभी दोषमुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबिकापुर

दो साल पहले सूरजपुर जिले के साथ पूरे प्रदेश को हिला देने वाले दोहरे हत्याकांड के मामले में फैसला आया है। प्रधान आरक्षक आरिफ शेख की पत्नी और बेटी की बेरहमी से हत्या करने के मामले में फास्ट ट्रैक कोर्ट ने आरोपियों को दोषी माना है। हालांकि आरोपियों को सजा 8 अक्टूबर को सुनाई जाएगी। इस बीच कोर्ट ने पुलिस पर गाड़ी चढ़ाने के मामले में कुलदीप साहू को दस साल की सजा सुनाई है जबकि गोली कांड के मामले में सभी आरोपियों को बरी कर दिया है।

गौरतलब है कि सूरजपुर कोतवाली में पदस्थ प्रधान आरक्षक आरिफ शेख के पत्नी मेहु फैज व बेटी आलिया शेख की कबाड़ व्यवसायी ने अपने साथियों के साथ मिलकर हत्या कर दी थी। महिला और उसकी बच्ची की लाश नग्न अवस्था में पीढ़ा में खेत किनारे मिली थी। इस घटना के बाद क्षेत्र सनसनी फैल गई थी।

वाहन चढ़ाने के मामले में दस साल की सजा

आरोपियों ने हत्याकांड और दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने से पहले आरक्षक घनश्याम सोनी पर खौलता तेल डालकर गंभीर रूप से घायल किया गया था। वहीं आरोपी कुलदीप साहू ने थाने के सामने ही अपनी स्विफ्ट कार से कुचलने का प्रयास करने और भागते समय पुलिस पर फायरिंग की थी। पुलिस ने आरोपी से करवां में छिपाए गए हथियार को भी बरामद किया था। बताया जा रहा है कि कोर्ट ने गाड़ी चढाने के मामले में कुलदीप साहू को दोषी मानते हुए दस साल की सजा दी है।

आदेश के दो माह बाद भी एफआईआर नहीं

43 लाख की खाद गायब संस्था प्रबंधक बर्खास्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

सक्ती जिले के जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा चन्द्रपुर अंतर्गत सेवा सहकारी समिति चन्द्रपुर में साढ़े 43 लाख से अधिक की रासायनिक खाद आश्चर्यजनक ढंग से गायब हो गई। शिकायत पर विभागीय अधिकारियों की टीम ने जांच की और प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जिसके आधार पर 3850 बोरी खाद गायब पाई गई है। मामले में ⏭शेष पेज 7 पर

■ चन्द्रपुर सेवा सहकारी समिति का मामला

पुलिस की कार्यशैली पर सवाल

किसानों का कहना है कि इसी घोटाले के कारण खरीफ 2026 में खाद की किल्लत हुई। किसान संगठनों ने कलेक्टर से तत्काल एफआईआर दर्ज कर राशि वसूली की मांग की है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि पुलिस को जांच प्रतिवेदन और पूरी रिपोर्ट के साथ एफ आई आर दर्ज करने का आवेदन दिया गया है, वह भी विभागीय आदेश की कॉपी के साथ इसके बाद भी इस मामले में पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही है।

केदारनाथ पैदल मार्ग बंद



रुद्रप्रयाग। केदारनाथ पैदल मार्ग पर चीरबासा के पास सोमवार को फिर मलबा और पत्थर आने से रास्ता पूरी तरह अवरुद्ध हो गया। मार्ग की स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने सोमवार को सोनप्रयाग और गौरीकुंड से केदारनाथ धाम की ओर यात्रियों की आवाजाही रोक दी है। वहीं, धाम से लौट रहे यात्रियों को बीच के पड़ावों पर रोका जा रहा है। गौरीकुंड से करीब 2.5 किलोमीटर आगे चीरबासा के पास सुबह से पैदल मार्ग के सुधारीकरण और मरम्मत का काम चल रहा था।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा-सातवीं की तरह छठवीं में भी मिले राहत

छठवीं के छात्रों को तीसरी भाषा नीति से छूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने इस साल सीबीएसई के कक्षा 6 के छात्रों को तीसरी भाषा की अनिवार्यता से राहत दी है। कोर्ट ने कहा है कि इस साल कक्षा 6 में पढ़ रहे बच्चों को वही छूट दी जाए, जो मौजूदा कक्षा 7 के छात्रों को दी गई है। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केंद्र और केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) से कहा कि वे सातवीं कक्षा के छात्रों को त्रि-भाषा नियम से दी गई छूट को छठी कक्षा के मौजूदा छात्रों पर लागू करने पर विचार करें। ⏭शेष पेज 7 पर

कोर्ट ने दिया आदेश

सोमवार को कोर्ट ने एक आदेश में सीबीएसई से कहा कि वह इस साल छठी कक्षा के छात्रों को भी वही लाभ प्रदान करे। हालांकि, सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने दलील दी वह मौजूदा छठी कक्षा के बैच को इस नीति से छूट देने के पक्ष में नहीं है और छात्रों को इसी अकादमिक वर्ष से भाषा संबंधी नए प्रारूप को अपनाना चाहिए। दिक्कतों का असर सीबीएसई से संबद्ध सिर्फ 1.2 प्रतिशत स्कूलों पर ही पड़ा।



चार हफ्ते में मांगा जवाब

कोर्ट ने याचिकाओं की सुनवाई को छह हफ्ते बाद के लिए निर्धारित करते हुए सीबीएसई से कहा कि वह चार हफ्ते के अंदर अपना जवाबी हलफनामा दाखिल करे और जवाब दाखिल होने के दो हफ्ते के भीतर अपना प्रत्युत्तर भी दाखिल करे।

99 फीसदी स्कूलों में त्रि-भाषा नीति

केंद्र के अनुसार, लगभग 99 प्रतिशत स्कूलों ने त्रि-भाषा नीति अपना ली और उनके पास जरूरी सुविधाएं मौजूद थीं। न्यायमूर्ति बागची ने सुझाव दिया कि जो छात्र अभी छठी कक्षा में हैं, उनके लिए इसे लागू करने में देरी की जा सकती है, ताकि सीबीएसई को जरूरी अवसंरचना तैयार करने के लिए अतिरिक्त समय मिल सके। सॉलिसिटर जनरल ने दलील दी कि सरकार छूट देने के पक्ष में नहीं है।

दिल्ली में आज नए प्रदेश प्रभारी, नेताओं की बैठक, प्रदेश के नेता भी रहेंगे मौजूद

भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने छत्तीसगढ़ सहित देश से सभी राज्यों के लिए जहां प्रदेश प्रभारी और सहप्रभारी नियुक्त किए हैं, वहीं कई राज्यों के संगठन महामंत्री भी बदले गए हैं। अब दिल्ली में मंगलवार को राष्ट्रीय संगठन ने नए पदाधिकारियों की एक बैठक बुलाई है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

इस बैठक में प्रदेश के नेता अजय जामवाल, पवन साय, सौरभ सिंह और गोमती साय भी शामिल होंगे। इनको अलग-अलग राज्यों की जिम्मेदारी मिली है। इसी के साथ बैठक में छत्तीसगढ़ की प्रदेश प्रभारी स्मृति ईरानी और सह प्रभारी सिद्धार्थ शंभू भी रहेंगे। राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश भी बैठक में रहेंगे। वे प्रदेश के संगठन प्रभारी हैं। इस बैठक के बाद ही कभी भी प्रदेश प्रभारी और सहप्रभारी का रायपुर आना होगा। छत्तीसगढ़ के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद से नई नियुक्ति के पहले तक छत्तीसगढ़ का प्रभार उनके पास था, लेकिन अब स्मृति ईरानी को प्रदेश का नया प्रदेश प्रभारी बनाया गया है। इसी के साथ सिद्धार्थ शंभू को सहप्रभारी का जिम्मा दिया गया है। इसी के साथ छत्तीसगढ़ के नेताओं को भी अन्य राज्यों का जिम्मा मिला है। जहां यहां पर क्षेत्रीय संगठन महामंत्री की जिम्मेदारी निभाने वाले अजय जामवाल को महाराष्ट्र का संगठन महामंत्री बनाया गया है, वहीं पवन साय को झारखंड का संगठन महामंत्री बनाया गया है। यहीं नहीं, झारखंड का ही प्रदेश के पूर्व विधायक सौरभ सिंह को सहप्रदेश प्रभारी बनाया गया है। विधायक गोमती साय को गुजरात का सह प्रदेश प्रभारी बनाया गया है। राष्ट्रीय संगठन ने जो भी नई नियुक्तियां की हैं, उनकी 29 सितंबर को दिल्ली में बैठक रखी गई है। इस बैठक में जहां नए पदाधिकारियों को राष्ट्रीय संगठन के पदाधिकारियों के दिशा निर्देश मिलेंगे, वहीं इस बैठक के बाद यह भी तय होगा कि जिनको नए राज्यों का जिम्मा मिला है, वे अपने राज्यों में कब जाएंगे।

हरिभूमि फॉलोअप

सौरभ सिंह, गोमती साय, पवन साय और अजय जामवाल को मिली है अलग-अलग राज्यों की जिम्मेदारी



स्मृति और शंभू जल्द जाएंगे

मंगलवार की बैठक के बाद प्रदेश की नई प्रभारी स्मृति ईरानी और सह प्रभारी सिद्धार्थ शंभू कभी भी छत्तीसगढ़ का दौरा करने आएंगे। प्रदेश भाजपा के नेताओं के मुताबिक 7 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के रूप मे 25 साल पूरे हो रहे हैं। इस दिन प्रदेश की हर विधानसभा में सेवा ज्योति यात्रा निकाली जाएगी। राजधानी रायपुर में चार विधानसभाएं हैं, ऐसे में यहां पर एक बड़ा कार्यक्रम होगा। इसमें किसी न किसी राष्ट्रीय नेता का आना तय है। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि नई प्रदेश प्रभारी स्मृति ईरानी और सह प्रभारी सिद्धार्थ शंभू इस कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं।

खबर संक्षेप

भूपेश बघेल की पाटन चुनाव याचिका सुप्रीम कोर्ट में स्वीकार



बिलासपुर। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की चुनावी याचिका आंशिक रूप से स्वीकार कर ली है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि, हाईकोर्ट इस आपत्ति को फाइनल स्टेज की जगह प्रारंभिक स्तर पर सुनवाई कर निराकरण करे। अब इस मुद्दे पर हाईकोर्ट में शुरुआती स्तर पर सुनवाई होगी और उसके बाद आगे की प्रक्रिया तय होगी। इससे पहले छग हाईकोर्ट ने भूपेश के आवेदन को खारिज कर दिया था। दरअसल, विजय बघेल ने 2023 के पाटन विधानसभा चुनाव को लेकर भूपेश बघेल के खिलाफ छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में चुनाव याचिका दायर की थी। इस याचिका को लेकर भूपेश बघेल की ओर से आपत्ति लगाई गई थी। इसमें तर्क दिया गया था कि चुनाव याचिका निर्धारित समय-सीमा के बाद दायर की गई है। इस आवेदन पर हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान विजय बघेल की गवाही की प्रक्रिया भी प्रभावित हुई थी। हाईकोर्ट के आदेश के बाद भूपेश बघेल की ओर से इस मुद्दे को लेकर सुप्रीम कोर्ट का रुख किया गया। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद अब हाईकोर्ट में इस बात पर पहले सुनवाई होगी।

कोरोना काल में परीक्षा आयोजित नहीं हुई तो आवेदक को अपात्र नहीं माना जा सकता



बिलासपुर। हाईकोर्ट के जस्टिस बीडी गुरु की सिंगल बेंच ने कहा है कि पति की मौत के बाद अनुकंपा नियुक्ति के लिए जरूरी शिक्षक पात्रता परीक्षा (टैट) की परीक्षा कोरोना काल में आयोजित नहीं हो सकी, तो अभ्यर्थी को तीन साल की समय-सीमा के आधार पर अपात्र नहीं माना जा सकता। हाईकोर्ट ने धमतरी जिले के हसदा निवासी 35 वर्षीय तोमिन साहू की याचिका स्वीकार करते हुए नियुक्ति का दावा खारिज करने वाला आदेश रद्द कर दिया। साथ ही कोर्ट ने संबंधित अधिकारियों को 50 दिन के भीतर उसके आवेदन पर नए सिरे से निर्णय लेने का निर्देश दिया है। मामले के मुताबिक तोमिन के पति दिलीप कुमार साहू की 24 मई 2018 को सेवा में रहते मृत्यु हो गई थी। अनुकंपा नियुक्ति के लिए उसे आवश्यक शैक्षणिक और व्यावसायिक योग्यता तीन साल में हासिल करनी थी।

रिश्वत के मामले में सब इंजीनियर की दोषसिद्धि बरकरार, सजा घटी

बिलासपुर। बिजली कनेक्शन शिफ्ट करने के एवज में रिश्वत लेने के 25 साल पुराने मामले में हाईकोर्ट ने छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल के तत्कालीन सब इंजीनियर बृज नरेश सिंह की दोषसिद्धि बरकरार रखी है, लेकिन उनकी उम्र और घटना के बाद बीते लंबे समय को देखते हुए धारा 7 के तहत एक साल की सश्रम कारावास की सजा घटाकर छह महीने कर दी है। बिलासपुर के महाराणा प्रताप नगर निवासी बृजनरेश सिंह, उम्र करीब 42 वर्ष दर्ज, ने प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश बिलासपुर के 31 जनवरी 2005 के फैसले को चुनौती दी थी। जस्टिस नरेंद्र कुमार व्यास ने 7 जुलाई को फैसला सुरक्षित रखने के बाद 24 सितंबर 2026 को निर्णय सुनाया।

खुले क्षेत्र, नगरीय वन और सामाजिक अधोसंरचना के लिए भूमि आरक्षित

किसी भी भूमिस्वामी को नहीं करेंगे भूमिहीन, 100 वर्ग मीटर से कम वालों के लिए भी अंतिम भूखंड का प्रावधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर के सुनियोजित विस्तार और नागरिकों को बेहतर शहरी अधोसंरचना उपलब्ध कराने की दिशा में रायपुर विकास प्राधिकरण द्वारा ग्राम कचना, लामांडी एवं सड्डु में नगर विकास योजना को आगे बढ़ाया जा रहा है। योजना का उद्देश्य क्षेत्र का व्यवस्थित विकास करते हुए भूस्वामियों को सड़क की पहुंच, जलापूर्ति, सीवर, बिजली और अन्य आवश्यक सुविधाओं से युक्त सुनियोजित अंतिम भूखंड उपलब्ध कराना है।

खास खबर

योजना में किसी भी भूमिस्वामी को भूमिहीन नहीं किया गया है। मूल भूखंड स्वामियों को उनकी भूमि का 40 प्रतिशत हिस्सा मिश्रित भू-उपयोग के अंतर्गत अंतिम भूखंड के रूप में आवंटित करने का प्रस्ताव है। वहीं 100 वर्गमीटर से कम क्षेत्रफल के मूल भूखंड वाले भूमिस्वामियों के लिए भी नेबरहुड शॉपिंग क्षेत्र में अंतिम भूखंड प्रस्तावित किए गए हैं। खंडित स्वामित्व वाली भूमियों को बसरा नंबर के आधार पर एकीकृत कर पूर्ण रकबे के अनुरूप एक अंतिम भूखंड का आवंटन प्रस्तावित किया गया है। इससे भूमि का व्यवस्थित उपयोग संभव होगा और भूस्वामियों को बेहतर आकार तथा नियोजित क्षेत्र में विकास का अवसर मिलेगा। योजना के अंतर्गत नियमानुसार आकार के अंतिम भूखंड उसी ग्राम में प्रस्तावित किए गए हैं, जिस ग्राम में संबंधित भूमिस्वामी के मूल भूखंड स्थित हैं।

खास बातें

- नगर विकास योजना से कचना, लामांडी और सड्डु को मिलेगा सुनियोजित विकास का नया स्वरूप
- भूस्वामियों को सड़क, जलापूर्ति, सीवर और बिजली जैसी सुविधाओं से युक्त सुनियोजित एवं उपयोगी अंतिम देने का प्रस्ताव



45 मीटर तक चौड़ी सड़कें देंगी क्षेत्र को बेहतर कनेक्टिविटी

अधिक क्षेत्रफल वाले भूखंडों को 45 मीटर, 30 मीटर और 24 मीटर चौड़े मार्गों पर तथा अपेक्षाकृत कम क्षेत्रफल वाले भूखंडों को 18 मीटर एवं 12 मीटर चौड़े मार्गों पर आवंटित करने का प्रस्ताव है। बड़े भूखंडों पर भविष्य में अधिक आबादी एवं गतिविधियों की संभावना को देखते हुए उन्हें चौड़े मार्गों से जोड़ने की योजना बनाई गई है, ताकि आवागमन, प्रवेश-निकास और यातायात प्रबंधन बेहतर हो सके। योजना क्षेत्र की कुल 7.29 प्रतिशत भूमि खुले स्थान एवं नगरीय वन के लिए आरक्षित की गई है। इससे योजना क्षेत्र के निवासियों को लगभग 6.7 एकड़ खुला क्षेत्र उपलब्ध होगा, जबकि करीब 4.8 एकड़ भूमि पर नगरीय वन विकसित करने का प्रावधान है।

विद्यालय, स्वास्थ्य केंद्र, आंबा और पुलिस चौकी के लिए भी भूमि आरक्षित

नगर विकास योजना में सामाजिक अधोसंरचना के विकास के लिए कुल 7.94 एकड़ भूमि आरक्षित की गई है। यहां विद्युत सब-स्टेशन, पुलिस चौकी, आंगनबाड़ी, विद्यालय और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जैसी आवश्यक नागरिक सुविधाओं के विकास का प्रस्ताव है। इससे भविष्य में विकसित होने वाली बसाहट को बुनियादी सेवाओं के लिए दूरस्थ क्षेत्रों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। योजना में निम्न आयवर्ग के परिवारों के लिए भी भूमि आरक्षित की गई है।

चरणबद्ध प्रक्रिया के बाद तैयार हुई प्रारूप योजना

कचना, लामांडी एवं सड्डु नगर विकास योजना के लिए रायपुर विकास प्राधिकरण के संचालक मंडल से 10 सितम्बर 2025 को सैद्धांतिक सहमति प्राप्त हुई थी। इसके बाद योजना के आशय की घोषणा का प्रकाशन 5 दिसम्बर 2025 को राजपत्र में किया गया। प्राप्त आवेदनों एवं आपत्तियों की सुनवाई के लिए गठित अंतर्विभागीय समिति ने 12 फरवरी 2026 को सुनवाई की कार्यवाही की। इसके पश्चात प्रारूप नगर विकास योजना को 10 सितम्बर को संचालक मंडल से स्वीकृति मिली और 11 सितम्बर 2026 को इसका प्रकाशन किया गया।

अभी प्रस्तावित है भूखंड आवंटन, भूस्वामियों को दावा-आपत्ति का पूरा अवसर

रायपुर विकास प्राधिकरण ने स्पष्ट किया है कि नगर विकास योजना में दर्शाया गया अंतिम भूखंड आवंटन अभी प्रस्तावित है। छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम की धारा 50(3) के अंतर्गत संबंधित पक्षों से 30 दिवस की अवधि में दावे एवं आपत्तियां आमंत्रित की गई हैं। दावे एवं आपत्तियां 10 अक्टूबर 2026 तक प्रस्तुत की जा सकती हैं।

75 हजार को चाहिए पीएम आवास योजना का लाभ सर्वाधिक अपात्र आरंग में

रायपुर। जिले में 75 हजार से अधिक आवेदन प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए प्राप्त हुए हैं। जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, योजना का लाभ लेने 75 हजार 461 आवेदन मिले। इनमें से 74 हजार 68 हितग्राही पात्र तथा 1 हजार 393 हितग्राही अपात्र पाए गए हैं। चार जनपदों में सर्वाधिक अपात्र आरंग में हैं, जबकि सबसे कम अपात्र तिल्दा में हैं। पीएम आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस 2.0 (2024) सर्वे के आधार पर सिस्टम जनरेट प्राथमिकता सूची का ग्रामसभा में अनुमोदन किया गया है। अब दावा आपत्ति मंगाए जाने सहित आगे की कार्रवाई कर पात्र हितग्राहियों को योजना के अंतर्गत सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। गांवों में रहने वाले परिवारों को मैदानी इलाकों में 1.20 लाख रुपए और पहाड़ी क्षेत्रों में 1.30 लाख रुपए की आर्थिक मदद दी जाती है।

- दावा आपत्ति के बाद अब होगी छंटाई, चस्पा की गई सूची

आज से प्रारंभ होगी दावा आपत्ति

सूची में अपात्र पाए गए हितग्राही 28 सितंबर से 10 अक्टूबर तक दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। दावा-आपत्ति ग्रामसभा में आमंत्रित की गई है। निर्धारित समयावधि में प्राप्त लिखित आवेदनों पर जिला स्तरीय समिति द्वारा नियमानुसार विचार किया जाएगा। जिला पंचायत ने स्पष्ट किया है कि समय-सीमा के बाद प्राप्त, त्रुटिपूर्ण अथवा अस्पष्ट आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

जानिए... कहां, कितने अपात्र

अभनपुर -	18,352 हितग्राहियों में 18,095 पात्र एवं 257 अपात्र
आरंग -	25,814 में 25,138 पात्र एवं 676 अपात्र
धरसींवा -	11,540 में 11,210 पात्र एवं 330 अपात्र
तिल्दा -	19,755 हितग्राहियों में 19,625 पात्र एवं 130 अपात्र

युवक को 10 बार चाकू मारकर फदहाखार जंगल ले गए, वहां गला रेतकर की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पांच साल से चल रही आपसी रंजिश हत्या की वारदात में बदल गई। बीती रात उसी रंजिश में युवकों ने एक अन्य युवक पर चाकू से 10 बार हमला किया, फिर उसे बाइक में बैठाकर एक किलोमीटर दूर फदहाखार जंगल ले गए और वहां गला रेतकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस इस मामले में मुख्य आरोपी सहित 4 संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

- मुख्य आरोपी सहित 4 संदेही हिरासत में, पूछताछ जारी

सिरगिट्टी टीआई वायपी सिंह ने बताया, सिरगिट्टी मैट्रिक चौक निवासी ओमप्रकाश लहरे पिता कन्हैया दीवाकर 22 साल का मोहल्ले में रहने वाले सुनील निर्मलकर उर्फ कल्लू टाइगर से पिछले पांच साल आपसी विवाद चल रहा था। पूर्व में उनके बीच कई बार मारपीट हो चुकी थी। 27 सितंबर की रात 9 बजे ओमप्रकाश लहरे चौक पर खड़ा हुआ था। इसी दौरान सुनील निर्मलकर उर्फ कल्लू टाइगर अपने साथियों के साथ बाइक में वहां पहुंचा और ओमप्रकाश के साथ गाली गलौज करने लगा। मना करने पर सुनील निर्मलकर उर्फ कल्लू टाइगर ने उस पर चाकू से 10 बार वार किया। उसके बाद अपने साथियों के साथ उसे बाइक में बैठाकर एक किलोमीटर दूर फदहाखार के जंगल में ले जाकर चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी, वारदात के बाद सभी आरोपी फरार हो गए।



15 दिन पहले जेल से छूटे

टीआई श्री सिंह ने बताया, एक माह पूर्व मृतक व आरोपी के बीच जमकर मारपीट हुई थी। दोनों पक्षों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। 15 दिन पहले दोनों जमानत पर जेल से छूटे थे।

संदेहियों से पूछताछ जारी

पुरानी रंजिश में युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई है। मुख्या आरोपी सहित अन्य संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज देखकर साक्ष्य एकत्रित कर आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

वाय पी सिंह टीआई. सिरगिट्टी

आरोपी की निशानदेही पर शव मिला

रात में पुलिस को सूचना मिली कि सुनील निर्मलकर ने किसी को चाकू मार दिया है। पुलिस सुनील निर्मलकर की तलाश कर रही थी। काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसने ओमप्रकाश की हत्या कर लाश फदहाखार के जंगल में छिपाना बताया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने जंगल से शव बरामद किया। 28 सितंबर को शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया गया है। पुलिस मुख्य आरोपी सुनील निर्मलकर सहित 4 संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। वहीं घटनास्थल के आसपास सीसीटीवी फुटेज खंगाला जा रहा है।

25 वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले कर्मियों को मिले पूरी पेंशन

रायपुर। छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने शासकीय कर्मचारियों को 25 वर्ष की अर्हकारी सेवा पूरी करने पर पूर्ण पेंशन का लाभ प्रदान करने की मांग की है। इस संबंध में फेडरेशन द्वारा मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव को मांगपत्र प्रेषित कर पेंशन नियमों में आवश्यक संशोधन किए जाने का अनुरोध किया गया है।

फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में बड़ी संख्या में कर्मचारी लगभग 25 से 30 वर्ष की आयु में नियमित शासकीय सेवा में प्रवेश करते हैं। ऐसी स्थिति में लंबी अवधि तक शासकीय सेवा करने के बावजूद पूर्ण पेंशन के लिए अधिक अवधि की सेवा की अनिवार्यता होने से कर्मचारियों के पेंशन लाभ पर प्रभाव पड़ता है। फेडरेशन ने केंद्र सरकार की पेंशन व्यवस्था का उल्लेख करते हुए कहा कि वहां 20 वर्ष की अर्हकारी सेवा को पेंशन लाभ की गणना में महत्वपूर्ण आधार माना गया है। फेडरेशन का कहना है कि इसी दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ में भी 25 वर्ष की अर्हकारी सेवा पूर्ण करने वाले कर्मचारियों को पूर्ण पेंशन का लाभ देने पर विचार किया जाना चाहिए। फेडरेशन ने मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव से मांग की है कि 25 वर्ष की अर्हकारी सेवा पूर्ण करने वाले शासकीय कर्मचारियों को पूर्ण पेंशन का लाभ प्रदान करने के लिए छत्तीसगढ़ पेंशन नियमों में आवश्यक संशोधन किया जाए।

एशियन गेम्स की स्वर्ण पदक विजेता टीम की संजू देवी को मिलेंगे 51 लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

एशियन गेम्स 2026 में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय महिला कबड्डी टीम की सदस्य और छत्तीसगढ़ सुश्री संजू देवी ने सोमवार को मुख्यमंत्री निवास में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात की। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए सुश्री संजू देवी को बधाई देते हुए उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सुश्री संजू देवी को 51 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सुश्री संजू देवी ने अपने उत्कृष्ट खेल, कठिन परिश्रम और दृढ़ संकल्प से अंतरराष्ट्रीय मंच पर छत्तीसगढ़ और पूरे देश का गौरव बढ़ाया है। उनकी यह उपलब्धि प्रदेश की बेटियों और युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की प्रतिभाओं में अपार सामर्थ्य है। राज्य सरकार का प्रयास है कि प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के लिए बेहतर प्रशिक्षण, संसाधन और प्रोत्साहन मिले, ताकि वे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रदेश और देश का नाम रोशन करें।

- संजू देवी ने सोमवार को मुख्यमंत्री निवास में सीएम विष्णु देव साय से की मुलाकात

खास खबर



जीत बच्चों और युवाओं का आत्मविश्वास बढ़ाएगी

मुख्यमंत्री ने सुश्री संजू देवी से एशियन गेम्स के अपने अनुभवों और भारतीय टीम के शानदार प्रदर्शन के संबंध में आत्मीय बातचीत की। उन्होंने संजू देवी की मेहनत और खेल के प्रति समर्पण की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक खिलाड़ी की उपलब्धि केवल व्यक्तिगत सफलता नहीं होती, बल्कि वह अपने साथ हजारों युवाओं के सपनों को भी नई उड़ान देती है। संजू देवी की सफलता प्रदेश के गांवों और छोटे शहरों में खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने का सपना देख रहे बच्चों और युवाओं का आत्मविश्वास बढ़ाएगी। उल्लेखनीय है कि जापान में आयोजित एशियन गेम्स 2026 की महिला कबड्डी स्पर्धा में भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल मुकाबले में ईरान को पराजित कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

कैट की मांग पर केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने लिया अहम निर्णय

कैट की मांग पर ऑडिट मामलों में आयकर रिटर्न की अंतिम तिथि बढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कैट छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखकर व्यापारियों एवं करदाताओं के लिए आयकर रिटर्न एवं ऑडिट संबंधी कार्यों को पूरा करने हेतु पर्याप्त समय उपलब्ध कराने तथा निर्धारित अंतिम तिथियों को बढ़ाने की मांग की गई थी। इसी परिपेक्ष्य कैट की मांग पर केंद्रीय प्रत्यक्ष बोर्ड ने एक महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए आडिट मामलों में आयकर रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2026 से बढ़ाकर 21 नवंबर 2026 कर दी गई है।

कैट के नेशनल वाइस चेयरमैन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्य अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमैन विक्रम सिंहदेव, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन ने ने संयुक्त रूप से बताया कि असेसमेंट ईयर 2026-27 के लिए सेक्शन 92-ई के अंतर्गत आने वाले मामलों को छोड़कर, ऑडिट के दायरे में आने वाले व्यापारियों एवं अन्य करदाताओं को बड़ी राहत देते हुए केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने आयकर रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 नवंबर 2026 कर दी है। श्री पारवानी ने कहा कि वर्तमान में व्यापारिक प्रतिष्ठानों में ऑडिट, लेखांकन, आवश्यक दस्तावेजों के संकलन तथा आयकर संबंधी अनुपालन की प्रक्रिया चल रही है। ऐसे में समयसीमा में विस्तार से करदाताओं एवं कर पेशेवरों को अपने अनुपालन कार्यों को अधिक व्यवस्थित एवं सावधानीपूर्वक पूरा करने का अवसर मिलेगा। कैट छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एवं केंद्रीय प्रत्यक्ष बोर्ड के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि व्यापारियों एवं करदाताओं की वास्तविक व्यावहारिक कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए समयसीमा में विस्तार किया जाना स्वागतयोग्य निर्णय है। उन्होंने कहा कि इस विस्तार से व्यापारियों को आवश्यक दस्तावेजों के संकलन, खातों के अंतिम रूप देने, ऑडिट प्रक्रिया तथा आयकर रिटर्न दाखिल करने के कार्यों को निर्धारित समयसीमा के भीतर व्यवस्थित रूप से पूरा करने में सुविधा होगी।

- 31 अक्टूबर से बढ़ाकर 21 नवंबर की गई अंतिम तिथि

चैंबर ने केंद्र सरकार का जताया आभार

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड असेसमेंट ईयर 2026-27 के लिए टैक्स ऑडिट रिपोर्ट और ऑडिट से जुड़े आयकर रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि बढ़ाने के निर्णय का छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने स्वागत किया है। चैंबर ने इस व्यावहारिक व राहतकारी निर्णय के लिए केंद्रीय वित्त मंत्री एवं केंद्रीय प्रत्यक्ष बोर्ड का आभार व्यक्त किया है।



छत्तीसगढ़ चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने कहा कि पिछले कुछ समय से ई-फाइलिंग पोर्टल पर आ रही तकनीकी समस्याओं, अत्यधिक सर्वर लोड और भारी कार्यभार के कारण प्रदेशभर के व्यापारियों, उद्योगपतियों और कर सलाहकारों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। 30 सितंबर की समय-सीमा नजदीक होने से व्यापारिक वर्ग पर मानसिक दबाव बना हुआ था। चैंबर लगातार शासन-प्रशासन के समक्ष इस व्यावहारिक कठिनाई को रखकर समयसीमा बढ़ाने की मांग कर रहा था।



प्रभास की कल्कि 2 के लिए करना पड़ेगा लंबा इंतजार

नई दिल्ली। दो साल पहले सिनेमाघरों से लेकर बॉक्स ऑफिस तक शानदार प्रदर्शन करने वाली कल्कि 2898 एडी के सीक्वल की चर्चा लंबे समय से चल रही है। प्रभास, अमिताभ बच्चन और कमल हासन जैसे दिग्गज अभिनेताओं से सजी कल्कि 2 को लेकर अब लेटेस्ट अपडेट सामने आ रहा है। जो इस माइथोलॉजिकल और साइंस-फिक्शन फिल्म की रिलीज डेट से जुड़ा है। जिससे ये साफ हो गया है कि कल्कि के सीक्वल में देरी होगी। इसकी जानकारी फिल्म के निर्देशक नाग अश्विन की तरफ से दी गई है। उम्मीद है, हम अगले साल के मध्य तक पूरी शूटिंग पूरी कर लेंगे और फिर पोस्ट-प्रोडक्शन का काम करेंगे।

लाइफ Style

तान्या

मिस इंडिया पेजेंट से मिली पहचान

एजेंसी ⏭ मुंबई

सोशल मीडिया पर इन दिनों तान्या मिश्रा चर्चा में बनी हुई हैं। दरअसल, रश्मिका मंदाना, प्रिया प्रकाश वारियर और तृप्ति डिमरी के बाद अब लोगों ने तान्या मिश्रा को भारत की नई नेशनल क्रश का टैग दे दिया है। तान्या मॉडल और एक्ट्रेस हैं।

31 जनवरी, 1999 को जन्मी अभिनेत्री मूल रूप से बिहार के गया की रहने वाली हैं और फिलहाल मुंबई में रहती हैं। तान्या ने मगध यूनिवर्सिटी से बी.कॉम की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद उन्होंने मॉडलिंग और एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा। उनके प्रोफेशनल पोर्टफोलियो में फेमिना, फिल्मफेयर और ग्राजिया जैसी मैगजीन के लिए फोटोशूट कर चुकी हैं। उन्हें पहली बार पॉपुलैरिटी तब मिली थी, जब अप्रैल-मई 2024 में वह 'फेमिना' के कवर पेज पर नजर आई थीं।

तान्या ने साल 2019 में ब्यूटी पेजेंट में भी हिस्सा लिया। वह आइवा मिस इंडिया में चौथी रनर-अप रहीं। इसके अलावा वह कई दूसरे अवॉर्ड्स जीत चुकी हैं। तान्या मिश्रा को नेशनल क्रश का टैग उनकी हालिया तस्वीरों के लिए मिला है। वायरल फोटो को देखने के बाद कोई उनकी अदाओं पर फिदा हो गया है, तो कोई उनके लुक्स में खो गया है। बता दें कि इंस्टाग्राम पर उनके 1.2 मिलियन फॉलोअर्स हैं। मॉडलिंग के साथ-साथ तान्या ने कई फिल्मों, वेब सीरीज और म्यूजिक वीडियोज में काम किया है। साल 2023 में उन्होंने फिल्म 'गजनवी' में नेहा नाम की लड़की का किरदार निभाया था।



हॉलीवुड मसाला



म्यूजिक वीडियो में दिखेंगे

डकोटा-कॉलिन

लॉस एंजिल्स। टेलर स्विफ्ट एक बार फिर अपने फैंस के लिए कुछ खास लेकर आ रही हैं। उनका नया गाना 'पेशेंट जीरो' जल्द रिलीज होने वाला है। इस म्यूजिक वीडियो में डकोटा जॉनसन और कॉलिन फैरेल साथ नजर आएंगे। खास बात यह है कि इस वीडियो का निर्देशन खुद टेलर स्विफ्ट ने किया है और इसका वर्ल्ड प्रीमियर 'एमटीवी वीएमए' में होगा। सिंगर ने गुरुवार को अपने एक्स हैंडल पर आने वाले म्यूजिक वीडियो की एक झलक शेयर की। टीजर में स्विफ्ट और डकोटा जॉनसन को एक-दूसरे की नकल करते हुए दिखाया गया है।



टॉम की 'डिगर' में बूढ़े आदमी का किरदार

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड सुपरस्टार टॉम क्रूज इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'डिगर' के प्रमोशन में बिजी हैं। इसे एलेजांद्रो जी. इनारितु ने डायरेक्ट किया है, जिनकी दो फिल्में- 'बर्डमैन' और 'द रेवेनेंट' ऑस्कर जीत चुकी हैं। करीब एक दशक बाद एलेजांद्रो की यह पहली इंग्लिश फिल्म है। टॉम क्रूज ने इसमें डिगर रॉकवेल का किरदार निभाया है, जिसे 'दुनिया का सबसे ताकतवर आदमी' बताया गया है। वह तेल के कारोबार से जुड़ा है और अजीब स्वभाव वाला आदमी है। फिल्म के टीजर-ट्रेलर को खूब पसंद किया गया है, खासकर टॉम क्रूज के बूढ़े अवतार को। कहानी में डिगर रॉकवेल की जिंदगी तब बदल जाती है, जब ग्रीनलैंड में ड्रिलिंग के काम के दौरान गलती से बर्फ की एक बड़ी परत टूटकर अलग हो जाती है।



बिना किसी कट के पास हुई दृश्यम -3

मुंबई। बॉलीवुड एक्टर अजय देवगन के फैंस उनकी फिल्म 'दृश्यम 3' का इंतजार कर रहे हैं। बस कुछ दिन और, उसके बाद ये फिल्म बड़े पर्दे पर होगी। सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन ने फिल्म को रिलीज के लिए मंजूरी दे दी है। 28 सितंबर को 'दृश्यम 3' सेंसर बोर्ड से पास हुई। खास बात ये है कि बोर्ड ने फिल्म में किसी भी तरह का कोई बदलालव नहीं करवाया है। दृश्यम 3 को सेंसर बोर्ड ने यू/ए 16+ सर्टिफिकेट दिया है। एक रिपोर्ट की मानें तो बोर्ड ने इसमें किसी भी तरह का कोई ऑडियो-विजुअल बदलाव नहीं करवाया। बिना किसी कट और बदलाव के फिल्म सेंसर बोर्ड से पास हो चुकी है। ये फिल्म 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है। तब्बू, इशिता दत्ता, श्रिया सरन, जयदीप अहलावत और प्रकाश राज भी इस फिल्म का हिस्सा हैं।



'रामायण' दिवाली से पहले दे सकती है दस्तक

नई दिल्ली। रणबीर कपूर की फिल्म 'रामायण' के रिलीज होने में अब करीब डेढ़ महीने का समय बचा है। इस फिल्म का ट्रेलर और म्यूजिक पहले ही धूम मचा चुका है। अब ऑडियंस रणबीर कपूर को राम और साई पल्लवी को सीता के किरदार में देखने का इंतजार कर रहे हैं, मेकर्स ने ग्रैंड अनाउंसमेंट के साथ फिल्म की रिलीज ओवरसीज में 5 नवंबर और भारत में दिवाली पर यानी 8 नवंबर बताई थी। लेकिन अब ताजा खबरों की मानें तो मेकर्स इस रिलीज डेट को बदलने का प्लान कर रहे हैं। यानी फिल्म 'रामायण' ऑडियंस को 8 नवंबर से पहले देखने को मिल सकती है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, 'रामायण के मेकर्स ने तय किया कि वो फिल्म 5 नवंबर, गुरुवार को थिएटर में रिलीज करेंगे। इस बार ये फिल्म दुनियाभर में यानी भारत के साथ ओवरसीज में भी एक दिन रिलीज की जाएगी।

टीवी मसाला

खतरों के खिलाड़ी 15 से रुहानिका हुईं बाहर

नई दिल्ली। जैस्मिन भसीन के बाद रुहानिका धवन 'खतरों के खिलाड़ी 15' के सेमी फाइनल हफ्ते में मगरमच्छ वाले एलिमिनेशन स्टंट में हारने के बाद शो से बाहर हो गईं। 18 साल की इस एक्ट्रेस का शो का सफर यहीं खत्म हो गया, क्योंकि वह ग्रैंड फाइनल में पहुंचने का मौका चूक गईं। रुहानिका ने पूरे सीजन के दौरान अपनी हिम्मत, पक्के इरादे और मुश्किल स्टंट करके दर्शकों का दिल जीत लिया। कई मुश्किल टास्क का सामना करने के बावजूद उन्होंने अपना बेस्ट दिया और खुद को एक मजबूत कंटेस्टेंट साबित किया। उनके बाहर होने के बाद होस्ट रोहित शेट्टी ने रुहानिका के सफर और हर स्टंट में उनकी कोशिशों की तारीफ की। हालांकि, रुहानिका के बाहर होने से उनके फैंस निराश हैं, क्योंकि कई लोग इस एक्ट्रेस को फाइनल में ट्रॉफी के लिए मुकाबला करते देखना चाहते थे। रुहानिका धवन एक्ट्रेस फरहाना भट्ट के खिलाफ मगरमच्छ वाला स्टंट हार गईं और 'खतरों के खिलाड़ी 15' से बाहर हो गईं। उन्होंने फिनाले से ठीक पहले एलिमिनेशन स्टंट बीच में ही छोड़ दिया, जबकि फरहाना ने टास्क पूरा किया और जीत हासिल की। इससे पहले कप्तान के तौर पर रित्विक धनजानी को एक मुश्किल फैसला लेना पड़ा। उन्हें 'फियर फंदा' के लिए दो कंटेस्टेंट चुनने थे। 'पवित्र रिश्ता' के एक्टर ने रुबीना दिलैक और रुहानिका धवन को चुना। इसके बाद दोनों कंटेस्टेंट ने एलिमिनेशन स्टंट में मुकाबला किया। ट्रक वाले स्टंट में रुबीना 11 झंडे इकट्ठा करने में कामयाब रहीं, जबकि रुहानिका ने छह झंडे इकट्ठा किए।



बिग बॉस 20 से कटा ईशा का पत्ता

नई दिल्ली। रियलिटी शो 'बिग बॉस 20' में ड्रामा और ट्विस्ट का सिलसिला दिन पर दिन रफ्तार पकड़ता जा रहा है। आए दिन घरवाले एक-दूसरे से लड़ते-भिड़ते नजर आते रहते हैं। बिग बॉस 20 के इस वीकेंड का वार में सलमान खान ने बताया कि ईशा रिखी का शो से सफर खत्म हो गया है। रविवार के एपिसोड में सलमान खान ने इस शॉकिंग एलिमिनेशन का ऐलान किया और इसी के साथ ईशा रिखी बिग बॉस 20 से बाहर होने वाली दूसरी कंटेस्टेंट बन गई हैं। ईशा से पहले रोहेद खान शो से बाहर हो चुके हैं। पिछले हफ्ते यानी दूसरे वीकेंड का वार में सलमान खान ने उन्हें शो से बाहर का रास्ता दिखाया था। ईशा रिखी की बात करें तो शो में उनका सफर तीन हफ्ते का रहा, इस दौरान उन्होंने अपनी जगह बनाने की खूब कोशिश की, लेकिन आखिरकार उन्हें शो को अलविदा कहना पड़ा। इस हफ्ते घर से बेघर होने के लिए जो सदस्य नॉमिनेट थे, उनमें यंग डीएसए भी शामिल थे।



'ये तो साध्वी बन गई थी ना' ममता के मॉडर्न लुक पर उठे सवाल

नई दिल्ली। ममता कुलकर्णी 1990 के दशक के अपने मशहूर गानों पर डांस करते हुए वीडियो वायरल होने के बाद फिर से चर्चा में आ गई हैं। हाल ही में जयपुर में हुए 14वें राजस्थान फिल्म फेस्टिवल में एक्ट्रेस को 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया। इवेंट में जब उनकी फिल्मों के गाने बजाए गए, तो उन्होंने स्टूडेंट्स के साथ डांस भी किया। ममता को घातक फिल्म के गाने 'कोई जाए तो ले आए', करण अर्जुन के 'एक मुंडा मेरी उम्र का' और सबसे बड़ा खिलाड़ी के 'लंबा-लंबा घूंघट' जैसे गानों पर डांस करते देखा गया। लोगों का ध्यान ममता के लुक ने खींचा। स्टेज पर डांस करते हुए वह ग्लैमरस आउटफिट में नजर आईं, जो 2025 में संन्यास लेने के बाद उनके भगवा कपड़ों वाले आध्यात्मिक रूप से बिल्कुल अलग था। इन वीडियोज को देखकर सोशल मीडिया यूजर्स उनके पुराने बॉलीवुड अवतार में लौटने पर तरह-तरह की प्रतिक्रिया दे रहे हैं।



नेल्लोर के लोगों ने बनवाया ममता का मंदिर

ममता ने कहा, 'नेल्लोर के लोगों ने तो मेरे नाम पर एक मंदिर भी बनवा दिया था और यह खबर 'टाइम' मैगजीन में छपी थी। उसके बाद मैं बॉलीवुड में आया। मेरी पहली हिंदी फिल्म तिरंगा थी। फिर मैंने आशिक आवारा, क्रांतिवीर, सबसे बड़ा खिलाड़ी, आंदोलन, करण अर्जुन, घातक और नसीब जैसी फिल्मों में काम किया। इसलिए, इतने सालों बाद लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड मिलना मेरे लिए बहुत भावुक पल है।' जिंदगी में एक ऐसा समय आता है जब आपको लगता है कि आपको कुछ और खोजने की जरूरत है। मेरी जिंदगी में भी ऐसा ही हुआ। मुझे अपने अंदर से एक आवाज सुनाई दी जो मुझे आध्यात्मिक जीवन की ओर बुला रही थी। मेरे गुरु मेरी जिंदगी में आए और उसके बाद, आध्यात्मिकता की ओर मेरा झुकाव बढ़ता गया।

इंडियाज बेस्ट डांसर-5 के विनर बने रायपुर के रितेश

नई दिल्ली। रायपुर के रितेश पाल ने कोरियोग्राफर प्रतीक उतेकर के साथ 'इंडियाज बेस्ट डांसर सीजन 5' का खिताब जीता है। उन्होंने अपने कोरियोग्राफर प्रतीक उतेकर के साथ यह शानदार ट्रॉफी जीती। यह सीजन मुश्किल परफॉर्मेंस और यादगार डांस एक्ट्स से भरा हुआ था। इस डांसर ने पूरे सीजन में अपनी अलग-अलग तरह की डांस शैलियों से सबको दिल जीता और तीन बार 'बैटल ट्रॉफी' जीती। रितेश और प्रतीक ने ग्रैंड फिनाले में साथी फाइनलिस्ट दीपाली बोरकर, प्रथमेश माने, अंशिका धारा और गीतांजलि मारवाह को हराकर यह शानदार ट्रॉफी अपने नाम की। इंडियाज बेस्ट डांसर 4 के विनर स्टीव ज्यरवा थे। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के डांस रियलिटी शो 'इंडियाज बेस्ट डांसर 5' की इस बार की थीम 'इंडिया वाला डांस' थी, जिसमें कंटेस्टेंट्स को अलग-अलग डांस स्टाइल आजमाने और अपनी काबिलियत दिखाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। 'इंडियाज बेस्ट डांसर 5' के विनर रितेश पाल ने पूरे कॉम्पिटिशन के दौरान अपने लगातार अच्छे प्रदर्शन और कुछ नया करने की कोशिश से सबको इंप्रेस किया।



इनामी राशि से मां के लिए घर बनाएंगे

जीत के बाद रितेश का पहला सपना अपने लिए कुछ खरीदने का नहीं है। वह अपनी मां के लिए घर बनाना चाहते हैं। रितेश कहते हैं, 'मुझे एक घर बनाना है, जिसका नाम 'हरि दर्शन' रखना है। मुझे ये नाम बहुत पसंद है। वह घर मैं अपनी मम्मी को देना चाहता हूं। अभी तक मैंने इस बारे में बहुत ज्यादा कुछ प्लान नहीं किया है कि अपने लिए क्या करूंगा। मेरे लिए मम्मी के लिए करना और अपने लिए करना अलग नहीं है। मैं उनके लिए कुछ करता हूं तो मुझे लगता है कि वो मेरे लिए ही है। मैंने इतने साल डांस किया है तो उसका एक सपना ये भी था कि जब मैं कुछ बनूं, जब मैं जीतूं, तो सबसे पहले अपनी मम्मी के लिए कुछ करूं। इसलिए अभी मेरी पहली इच्छा यही है कि उनका अपना घर हो।'

'घर वाले कहते थे- डांस छोड़ो भाई के सैलून में काम करो'

रितेश कहते हैं, 'जब मैंने ऑडिशन देना शुरू किया था, तब परिवार का थोड़ा कम साथ मिला था। बाद में जब उनको मेरी ग्रोथ दिखाई दी तो उन्होंने मेरा साथ देना शुरू किया। लेकिन, जब तीन-चार साल हो गए और लगातार रिजेक्शन मिलने लगे तो उनका भी धैर्य जवाब देने लगा था। उन्होंने मुझसे कहा कि भाई के साथ काम कर, हमारा पार्लर है, भाई की मदद कर। डांस से तो कुछ होने वाला नहीं है। घर वाले मुझे कहते थे कि डांस छोड़ और सैलून पर ध्यान दे'। उन्होंने आगे कहा, 'मैंने डांस छोड़ा नहीं। मैं छह दिन डांस करता था और रविवार को भाई के सैलून में उसकी मदद करने जाता था। वहां से मुझे अपनी जेब खर्च के लिए पैसे मिल जाते थे। उस समय मैं ये भी समझता था कि घर वाले अपनी जगह गलत नहीं सोच रहे हैं। उनको लग रहा था कि मैं इतने साल से कोशिश कर रहा हूं और कुछ हो नहीं रहा। लेकिन मेरे मन में डांस छोड़ने का सवाल ही नहीं था। मैं बस यही सोचता था कि एक दिन तो मेरा भी नंबर आएगा।'

थ्रिलर, कॉमेडी और रोमांच का जमेगा रंग

इस वीक ओटीटी पर रिलीज होंगी ये दिलचस्प फिल्में और सीरीज

नई दिल्ली। सिनेमाघरों में इस वीक अजय देवगन की 'दृश्यम 3' रिलीज होने जा रही है। पहले से भी कई फिल्में सजी हैं। मगर, ओटीटी पर क्या नया आने वाला है इस सप्ताह? जवाब है- कई दिलचस्प फिल्में और सीरीज, जो कॉमेडी और थ्रिलर से भरपूर होंगी।

दुपहिया सीजन 2

चर्चित वेब सीरीज 'दुपहिया' अपने दूसरे सीजन के साथ लौट रही है। इस बार धड़कपुर में अफरा-तफरी होने वाली है, क्योंकि वहां क्राइम बढ़ गया है। दुपहिया सीजन 2 को दर्शक 01 अक्टूबर से प्राइम वीडियो पर देख पाएंगे। इस नए सीजन में नई चुनौतियां देखने को मिलेंगी, जो पहले से ज्यादा अफरा-तफरी दिखाएगी। मगर, दर्शकों को कॉमेडी का डोज भी मिलेगा। दुपहिया सीजन 2 का निर्देशन सोनम नायर ने किया है। कास्ट की बात करें तो इसमें गजराज राव, रेणुका शहाणे, स्पर्श श्रीवास्तव, भुवन अरोड़ा, शिवानी रघुवंशी और यशपाल शर्मा नजर आएंगे।



पूजा मेरी जान

मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले दिनेश विजान और अमर कौशिक द्वारा प्रोड्यूस की गई यह फिल्म भी इस वीक आ रही है। इसमें मृणाल ठाकुर, हुमा कुरैशी और विजय राज हैं। इसमें चैतन्य वियास, विक्रम चौहान और राजेश जैस भी हैं। फिल्म का निर्देशन नवजोत गुलाटी ने किया है। इस फिल्म का प्रीमियर 02 अक्टूबर से जी5 पर होगा।

लव

बालाजी मोहन निर्देशित यह रॉम-कॉम सीरीज सौंदर्या रजनीकांत ने प्रोड्यूस की है। इसमें ऐश्वर्या लक्ष्मी और अर्जुन दास लीड रोल में हैं। यह सीरीज 02 अक्टूबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। इस सीरीज की कहानी डेटिंग एप्स और आधुनिक रिश्तों पर आधारित है।

बेथलहम कुडुम्बा यूनिट

यह मलयालम फिल्म अगस्त में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और दर्शकों से काफी अच्छी प्रतिक्रिया मिली। अब यह ओटीटी पर आ रही है। निविन पॉली और ममिता बैजू अभिनीत यह फिल्म 02 अक्टूबर से ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी।





चिंतन

अर्थव्यवस्था के लिए फिर अग्निपरीक्षा



मुद्दा
ओमकार चौधरी

शेयर बाजार की गिरावट को सिर्फ निवेशकों की घटती संपत्ति के आंकड़े से नहीं समझा जाना चाहिए। यह वैश्विक राजनीति और घरेलू अर्थव्यवस्था के बीच बढ़ते संबंध की चेतावनी भी है। अमेरिका-ईरान में जल्द डील के आसार नहीं दिख रहे हैं, इससे तनाव बना हुआ है। वहीं, रूस-यूक्रेन के बीच तनाव भी बढ़ने लगा है। वैश्विक अस्थिरता के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था के सामने एक बार फिर बाहरी झटकों से निपटने की चुनौती बनी हुई है। सोमवार को सेंसेक्स 1124 अंक यानी 1.52 प्रतिशत गिरकर 72,772 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 360 अंक यानी 1.56 प्रतिशत टूटकर 22,780 पर आ गया। बैंकिंग शेयरों में सबसे ज्यादा बिकवाली रही। लगातार आठवें सप्ताह बाजार में कमजोरी बताती है कि निवेशकों की चिंता किसी एक कंपनी या क्षेत्र तक सीमित नहीं है। वैश्विक तनाव, महंगा तेल और विदेशी पूंजी के रुख में बदलाव बाजार की दिशा को प्रभावित कर रहे हैं। भारत के लिए सबसे बड़ी चिंता कच्चे तेल की बढ़ती कीमत है। देश अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए बड़े पैमाने पर तेल आयात करता है। इसलिए अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल महंगा होने का असर केवल पेट्रोल-डीजल तक सीमित नहीं रहता। परिवहन, लॉजिस्टिक्स और उत्पादन लागत बढ़ने से कंपनियों के मुनाफे पर दबाव पड़ सकता है। इसका असर महंगाई और आम उपभोक्ता की जेब पर भी पड़ सकता है। यदि पश्चिम एशिया का तनाव लंबा खिंचता है तो यह चुनौती और गंभीर हो सकती है। दूसरी तरफ, अमेरिका में बॉन्ड यील्ड बढ़ने से वहां निवेश का आकर्षण बढ़ता है। ऐसे माहौल में विदेशी निवेशक उभरते बाजारों से पैसा निकाल सकते हैं। भारत में विदेशी पूंजी की निकासी बाजार पर अतिरिक्त दबाव डालती है। हालांकि शेयर बाजार में गिरावट को देखकर घबराहट में निर्णय लेना भी उचित नहीं है। बाजार की दैनिक गिरावट और किसी निवेश की दीर्घकालीन स्थिति अलग-अलग विषय हैं। निवेशकों को अपने जोखिम और निवेश अवधि के अनुसार ही निर्णय लेना चाहिए। इसी बीच सोने और चांदी की कीमतों में भी 28 सितंबर को गिरावट दर्ज हुई। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक 24 कैरेट सोना 10 ग्राम पर 4133 रुपये गिरकर 1.48 लाख रुपये पर आ गया, जबकि चांदी 9297 रुपये सस्ती होकर 2.23 लाख रुपये प्रति किलो रह गई। इस महीने सोने की कीमत करीब 8 हजार और चांदी की कीमत करीब 14 हजार रुपये कम हुई है। कीमती धातुओं में यह उतार-चढ़ाव भी वैश्विक बाजार की बदलती धारणा को दर्शाता है। हालांकि बाजार की हर गिरावट को आर्थिक संकट का संकेत मानना भी सही नहीं होगा। उतार-चढ़ाव शेयर बाजार की प्रकृति है, लेकिन लगातार कमजोरी निवेशकों और नीति निर्माताओं के लिए सावधानी का संकेत जरूर है। सरकार के सामने सबसे बड़ी जरूरत अर्थव्यवस्था को बाहरी झटकों से सुरक्षित करने की है। ऊर्जा आयात पर निर्भरता कम करना, वैकल्पिक ऊर्जा को बढ़ावा देना, महंगाई पर नियंत्रण बनाए रखना, घरेलू निवेश मजबूत करना और घरेलू पूंजी आधार को व्यापक बनाना जरूरी है। भारत की आर्थिक बुनियाद जितनी मजबूत होगी, वैश्विक संकटों का असर उतना ही सीमित किया जा सकेगा। शेयर बाजार, कच्चे तेल और सोने-चांदी की कीमतों में हो रही हलचल को अलग-अलग घटनाओं के बजाय व्यापक आर्थिक परिदृश्य में देखना होगा। भारत को अपनी ऊर्जा जरूरतों, महंगाई, पूंजी प्रवाह और विकास की बुनियाद को लगातार मजबूत करना होगा। यही इस समय अर्थव्यवस्था के लिए फिर अग्निपरीक्षा है।

एस. जयशंकर ने विश्व को क्यों चेताया

संयुक्त राष्ट्र महासभा के 81वें सत्र में भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर का इस वर्ष का संबोधन केवल पाकिस्तान को आतंकवाद पर जवाब देने तक सीमित नहीं था। उनके भाषण का दायरा कहीं बड़ा था। उन्होंने एक ओर सीमा-पार आतंकवाद और उसे सरकारी नीति के रूप में इस्तेमाल करने वाले देशों के खिलाफ भारत की शून्य-सहनशीलता नीति दोहराई, तो दूसरी ओर दुनिया में वित्त, व्यापार, तकनीक, संसाधनों और आपूर्ति शृंखलाओं को राजनीतिक दबाव के औजार में बदलने की बढ़ती प्रवृत्ति पर गंभीर चिंता जताई। यूक्रेन से पश्चिम एशिया तक चल रहे युद्धों, समुद्री मार्गों पर बढ़ते खतरों, विकासशील देशों के सामने खाद्य और ऊर्जा संकट तथा संयुक्त राष्ट्र जैसी संस्थाओं की घटती प्रभावशीलता को उन्होंने एक ही वैश्विक संकट के अलग-अलग पहलुओं के रूप में सामने रखा। 26 सितंबर 2026 को न्यूयॉर्क में दिए अपने संबोधन में जयशंकर ने कहा कि दुनिया आज स्थिरता, सुरक्षा और पूर्वानुमेयता के संकट से गुजर रही है।

उनका सबसे चर्चित वाक्य था कि दुनिया अब "हर चीज के हथियारकरण" की स्थिति देख रही है। उनके मुताबिक प्रतिस्पर्धा इतनी तीखी हो गई है कि वित्तीय व्यवस्था, बाजार तक पहुंच, आपूर्ति शृंखला, तकनीक, महत्वपूर्ण संसाधन और यहां तक कि कनेक्टिविटी भी दबाव डालने के साधन बन रहे हैं। इसका परिणाम यह है कि देशों को अब अपनी निर्भरता कम करने, आपूर्ति के स्रोतों में विविधता लाने और जोखिम घटाने पर अधिक ध्यान देना पड़ रहा है। यह संदेश सीधे किसी एक देश के खिलाफ नहीं था, लेकिन उस समय आया जब टैरिफ, तकनीकी प्रतिबंध, ऊर्जा प्रतिबंध और महत्वपूर्ण खनिजों पर नियंत्रण वैश्विक राजनीति के प्रमुख औजार बन चुके हैं। इस व्यापक वैश्विक तस्वीर के बीच जयशंकर ने आतंकवाद को अंतरराष्ट्रीय शांति के लिए लगातार बना हुआ गंभीर खतरा बताया। उन्होंने कहा कि जब आतंकवाद को सीमा पार सरकारी संरक्षण प्राप्त होता है, तो यह सीधे वैश्विक व्यवस्था के लिए चुनौती बन जाता है। सरकारों को ऐसे कृत्यों के लिए जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए, आतंकवाद के खिलाफ शून्य-सहनशीलता की नीति में कोई कमी नहीं होनी चाहिए और आतंकवादी वित्तपोषण के स्रोतों को उजागर कर रोका जाना चाहिए। शहबाज शरीफ एक दिन पहले महासभा को संबोधित कर चुके थे। उसके संदर्भ में जयशंकर ने कहा कि आतंकवाद का लगातार अभ्यास करने वाले देश ने महासभा के सामने तथ्यों को गलत तरीके से पेश किया और आतंकवाद को सामान्य ठहराते हुए उसके परिणामों से बचने की कोशिश की। उन्होंने साफ कहा कि यह स्वीकार नहीं किया जाएगा और भारत आतंकवाद के विरुद्ध अपने आत्मरक्षा के अधिकार का प्रयोग करेगा। उन्होंने कहा कि मित्रता और सद्भावना आतंकवाद के साथ नहीं चल सकती और जिन समझौतों या व्यवस्थाओं की बुनियाद ऐसी सद्भावना पर है, उन पर स्वाभाविक रूप से सवाल उठेंगे। आतंकवाद फैलाने वाले को ही अपने तरीके बदलने होंगे। यह टिप्पणी ऐसे समय आई, जब भारत सीमा-पार आतंकवाद को केवल कानून-व्यवस्था या द्विपक्षीय विवाद के रूप में नहीं, बल्कि अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा और आत्मरक्षा के प्रश्न के रूप में प्रस्तुत कर रहा है। जयशंकर के भाषण का दूसरा



महत्वपूर्ण हिस्सा वैश्विक संघर्षों से जुड़ा था। उन्होंने खाड़ी क्षेत्र में बढ़ते तनाव पर चिंता व्यक्त की और सभी पक्षों से संयम, तनाव कम करने और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की। विशेष रूप से वाणिज्यिक जहाजों और नाविकों पर हुए हमलों का उल्लेख करते हुए उन्होंने इन्हें अस्वीकार्य बताया। लाल सागर से काला सागर और खाड़ी तक व्यापारिक समुद्री मार्गों पर हमलों ने भारत जैसे बड़े ऊर्जा आयातक और समुद्री व्यापार पर निर्भर देश के लिए एक नई सुरक्षा चुनौती पैदा की है। जयशंकर ने ऊर्जा और व्यापार का निर्बाध प्रवाह सुनिश्चित करने को वैश्विक प्राथमिकता बताया। पश्चिम एशिया पर भारत की पुरानी स्थिति भी उन्होंने दोहराई। भारत ने इजराइल और फिलिस्तीन के बीच टिकाऊ शांति के लिए दो-राष्ट्र समाधान का समर्थन जारी रखा है। लंबे समय तक चलने वाले संघर्षों का अंत जरूरी है और भारत फिलिस्तीनी लोगों के लिए मानवीय सहायता में योगदान देता रहेगा। यूक्रेन के मामले में भी उन्होंने युद्ध समाप्त करने वाले प्रयासों के प्रति समर्थन व्यक्त किया। जयशंकर ने विकासशील देशों के सामने खाद्य, ईंधन, उर्वरक और वित्त-इन चार क्षेत्रों के संयुक्त संकट को रेखांकित किया। उनका तर्क था कि जिन देशों की इन युद्धों और भू-राजनीतिक टकरावों में प्रत्यक्ष भूमिका नहीं है, उन्हें भी महंगी ऊर्जा, महंगे खाद्यान्न, उर्वरक की कमी, ऋण और वित्तीय दबाव के रूप में कीमत चुकानी पड़ रही है। भारत इससे पहले भी संयुक्त राष्ट्र मंचों पर कह चुका है कि ग्लोबल साउथ की समस्याओं पर निर्णय अक्सर उन देशों द्वारा लिए जाते हैं जो स्वयं इन संकटों का सबसे अधिक बोझ नहीं उठाते। जयशंकर ने भारत के विकास अनुभव को भी इसी संदर्भ में रखा। उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, बिजली, सड़क, आवास, डिजिटल सार्वजनिक ढांचे, नवाचार और स्टार्टअप व्यवस्था का उल्लेख करते हुए भारत को विकासशील देशों के लिए एक संभावित साझेदार के रूप में प्रस्तुत किया। भारत की ओर से दर्जनों देशों में विकास परियोजनाएं, क्षमता निर्माण और मानवीय सहायता कार्यक्रम चलाने का उल्लेख भी इसी तर्क का हिस्सा था कि भारत केवल ग्लोबल साउथ की समस्याओं की बात नहीं करता, बल्कि समाधान में भागीदारी का दावा भी करता है। यदि इस वर्ष के भाषण को पिछले वर्ष के संयुक्त राष्ट्र सभा के संबोधन से जोड़ा जाए तो भारत की भाषा में एक स्पष्ट निरंतरता दिखाई देती है। 27 सितंबर 2025 को 80वीं महासभा में जयशंकर ने कहा था कि भारत स्वतंत्रता के बाद से ऐसे पड़ोसी का सामना करता आया है जो वैश्विक आतंकवाद का केंद्र रहा है। उन्होंने अप्रैल 2025 के पहलगाम आतंकी हमले पर कहा कि भारत ने अपने नागरिकों की रक्षा के अधिकार का प्रयोग करते हुए आतंकवाद के आयोजकों और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की। उन्होंने आतंकवाद के पूरे पारिस्थितिकी तंत्र, वित्तपोषण और आतंकियों के सार्वजनिक महिमामंडन के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दबाव की मांग की थी। 2025 के भाषण की एक और विशेषता यह थी कि जयशंकर ने भारत की विदेश नीति को तीन शब्दों में परिभाषित किया-आत्मनिर्भरता, आत्मरक्षा और आत्मविश्वास। इस वर्ष का भाषण इसलिए पिछले दोनों वर्षों की कड़ी का विस्तार कहा जा सकता है। संदेश यह है कि भारत आतंकवाद के मामले में पीछे हटने को तैयार नहीं है, लेकिन वह अपनी विदेश नीति को केवल पाकिस्तान के संदर्भ में परिभाषित भी नहीं करना चाहता। नई दिल्ली अपने आपको ऐसी शक्ति के रूप में प्रस्तुत कर रही है जो सुरक्षा के सवाल पर आत्मरक्षा, आर्थिक सवाल पर रणनीतिक स्वायत्तता, वैश्विक संघर्षों पर संवाद और ग्लोबल साउथ के लिए अधिक प्रतिनिधिक विश्व व्यवस्था की बात करती है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

> विदेश मंत्री एस. जयशंकर का इस वर्ष का संबोधन केवल पाकिस्तान को आतंकवाद पर जवाब देने तक सीमित नहीं था। उनके भाषण का दायरा कहीं बड़ा था। उन्होंने एक ओर सीमा-पार आतंकवाद और उसे सरकारी नीति के रूप में इस्तेमाल करने वाले देशों के खिलाफ भारत की शून्य-सहनशीलता नीति दोहराई, तो दूसरी ओर दुनिया में वित्त, व्यापार, तकनीक, संसाधनों और आपूर्ति शृंखलाओं को राजनीतिक दबाव के औजार में बदलने की बढ़ती प्रवृत्ति पर गंभीर चिंता जताई। यूक्रेन से पश्चिम एशिया तक चल रहे युद्धों, समुद्री मार्गों पर बढ़ते खतरों, विकासशील देशों के सामने खाद्य और ऊर्जा संकट को उन्होंने एक ही वैश्विक संकट के अलग-अलग पहलुओं के रूप में सामने रखा।

खेल
सैखोम मीराबाई चानू



भारतीय कोचों पर मेरा भरोसा और मजबूत हुआ

एशियाई खेलों में पदक जीतने का अधूरा सपना आखिरकार पूरा हो गया है। यह वह पदक था, जिसकी मुझे हमेशा से चाहत थी और जापान के आइची-नागोया में आखिरकार वर्षों का इंतजार खत्म हुआ। जापान मेरे लिए हमेशा भाग्यशाली रहा है। टोक्यो 2020 ओलंपिक में मैंने रजत पदक जीता था और जापान ने एक बार फिर यह सुनिश्चित किया कि मुझे खाली हाथ वापस न लौटना पड़े। एक खिलाड़ी का जीवन आत्मचिंतन और प्रतिक्रिया का जीवन होता है। एशियाई खेलों ने मुझे जीवन में बहुत कुछ सिखाया है। सबसे बड़ा सबक था दृढ़ संकल्प का। जब भी किसी गंभीर चोट ने मेरे करियर को पटरी से उतारने की कोशिश की, तब हार न मानने का मेरा जज्बा और मजबूत हुआ। आइची-नागोया में मैं अपनी फिटनेस के शिखर पर थी। इसके लिए मुझे अपने कोच, ट्रेनर और फिजियो का आभार व्यक्त करना चाहिए, जिन्होंने मुझे बहुत अच्छी तैयारी कराई। भारतीय बनाम विदेशी कोच की बहस हमेशा चर्चा का गर्म विषय रहती है। भारत में कई ओलंपिक खेलों में विदेशी कोच हैं। मुक्केबाजी और कुश्ती जैसे ताकत और शारीरिक क्षमता वाले खेलों में बेहतर प्रदर्शन के लिए खेल मंत्रालय समय-समय पर विदेशी कोच नियुक्त करता रहा है। हो सकता है कि मुझे कभी विदेशी कोच की जरूरत महसूस नहीं हुई, लेकिन यह मेरा व्यक्तिगत फैसला है। मेरे लिए तो 'ये दिल है हिंदुस्तानी।' राष्ट्रीय कोच विजय शर्मा के मार्गदर्शन में मेरा करियर परिपक्व हुआ और आगे बढ़ा। जब कोई कोच मुश्किल वक्त में आपके साथ खड़ा रहता है, तो उसके साथ आपका रिश्ता और मजबूत हो जाता है। 2014 से मैं अपने कोच के सुरक्षित मार्गदर्शन में रही हूं। अब सवाल यह है कि क्या हमें भारत में और विदेशी कोच लाने चाहिए या फिर अपने भारतीय कोचों पर भरोसा करना चाहिए? नई खेलो इंडिया योजना में अगले पांच वर्षों और उसके बाद भी खेलों के विकास के लिए व्यापक योजनाएं हैं। इसमें मुझे राष्ट्रीय कोच प्रत्यायन बोर्ड (एनसीएबी) की स्थापना का प्रावधान दिखाई देता है। जिस तरह राष्ट्रीय खेल शासन अधिनियम का उद्देश्य खेलों में सुशासन और पारदर्शिता सुनिश्चित करना है, उसी तरह एनसीएबी कोचों की योग्यता का मानकीकरण करेगा और यह प्रमाणित करेगा कि कोई व्यक्ति युवाओं को सही तरीके से प्रशिक्षित करने में सक्षम है या नहीं। हमें जमीनी स्तर पर अच्छे कोचों की जरूरत है। हमारे पास ऐसे कोच होने चाहिए, जो खेल की बिल्कुल बुनियादी बातें सिखा सकें। शुरुआत में किसी जटिल और भारी-भरकम प्रशिक्षण पद्धति की जरूरत नहीं है। जमीनी स्तर पर प्रशिक्षण और उच्च प्रदर्शन वाला प्रशिक्षण दो अलग-अलग चीजें हैं। कोचिंग कोई ऐसा काम नहीं है, जिसका समाधान रातोंरात निकल आए। दीर्घकालिक सफलता के लिए हमें अपने देश में तैयार हुए ऐसे कोचों की जरूरत है, जो बुनियादी ज्ञान विकसित कर सकें और पुरुष तथा महिला खिलाड़ियों की अलग-अलग जरूरतों को समझ सकें, क्योंकि हमारे शरीर एक जैसे नहीं होते। हमारे पास अच्छे और जानकार कोच हैं, लेकिन उन्हें अवसर और पर्याप्त कार्यक्षेत्र दिया जाना चाहिए, ताकि वे अपनी क्षमताओं को और बेहतर बना सकें तथा अधिक प्रभावी बन सकें। प्रतियोगिता का स्तर चाहे जो भी हो, पदक खिलाड़ी और कोच के बीच बने रिश्ते का परिणाम होता है। मैं इसका प्रत्यक्ष उदाहरण हूं। कोई भी विदेशी कोच ओलंपिक पदक की गारंटी नहीं दे सकता, लेकिन असफलता मिलने पर उनका उपहास भी नहीं किया जाना चाहिए। हालांकि, मेरा मानना है कि भारतीय कोचों पर भरोसा किया जाना चाहिए। विदेशी विशेषज्ञों को हमारे सहायक स्टाफ की व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए नियुक्त किया जा सकता है। संशोधित खेलो इंडिया योजना में प्रौद्योगिकी, खेल चिकित्सा और खिलाड़ियों के बीच बेहतर तालमेल के लिए बजट का प्रावधान किया गया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के लिए रिकवरी और पुनर्वास बेहतर प्रदर्शन के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण क्षेत्र हैं। मेरे करियर में टोक्यो ओलंपिक से पहले डॉ. एरॉन हॉर्शिंग ने बहुत बड़ी भूमिका निभाई थी। डॉ. हॉर्शिंग न केवल खेलों के फिजिकल थेरेपिस्ट हैं, बल्कि पूर्व भारोत्तोलक भी हैं। चोटों के उपचार को लेकर उनका दृष्टिकोण बहुत खास था। मेरे मामले में कंधे और पीठ के निचले हिस्से की चोटों के इलाज में उनकी विशेषज्ञता बेहद उपयोगी साबित हुई। यदि हम डॉ. हॉर्शिंग जैसे विशेषज्ञों की सेवाओं का इस्तेमाल अपने भारतीय कोचों के साथ कर सकें, तो हमारी सहायक व्यवस्था कहीं अधिक प्रभावी हो जाएगी। मैं फिर दोहराना चाहूंगी कि भारतीय कोच अच्छे हैं। विदेशी विशेषज्ञों का इस्तेमाल करके हम अपनी सहायक व्यवस्था को किस तरह बेहतर बनाते हैं, यह देखना अभी बाकी है।

(लेखिका भारतीय वेटलिफ्टर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

मन पतंग, श्वास डोर!



संकलित
दर्शन

केवल एक स्वस्थ कली ही खिल सकती है। उसी प्रकार केवल एक स्वस्थ व्यक्ति ही सफल हो सकता है। तो स्वस्थ होना क्या है? यदि आपके भीतर कड़ापन, बेचैनी या असंतोष है, तो आप स्वस्थ नहीं हैं। यदि मन अस्थिर और अशांत है, तो आप मानसिक रूप से स्वस्थ नहीं हैं। यदि भावनाएं असंतुलित हैं, तो आप भावनात्मक रूप से स्वस्थ नहीं हैं। पूर्ण स्वास्थ्य की स्थिति प्राप्त करने के लिए मन को शांत, स्थिर और भावनाओं को कोमल रखना आवश्यक है। पूर्ण स्वास्थ्य हमारे भीतर से बाहर और बाहर से भीतर निरंतर प्रवाहित होना चाहिए। संस्कृत में स्व या आत्मा में स्थित होने को स्वास्थ्य कहते हैं। हमारे ग्रंथों में कहा गया है कि हमारा अस्तित्व के पांच कोश (परत) होते हैं। पहला है पर्यावरण, अर्थात हमारे चारों ओर का वायुमंडल- यह हमारा मूल आवरण है। दूसरा है भौतिक शरीर। तीसरा है प्राणमय कोश, अर्थात जीवन ऊर्जा। चौथा है मनोमय कोश, जिसमें विचार, भावनाएं और कल्पनाएं होती हैं। पांचवां है विज्ञानमय या अंतर्ज्ञानमय कोश, जिसमें सहज अनुभूति और गहरी समझ होती है- यह अत्यंत सूक्ष्म और प्रभावशाली है। जब कोई रोग उत्पन्न होता है, तो वह पहले विचार रूप में आता है, फिर ध्वनि रूप में, फिर प्रकाश रूप में आभामंडल में प्रकट होता है, और अंततः शरीर में दिखाई देता है।

हृदय से जो जाओगे सबल समझूंगा तोहे



संकलित
प्रेरणा

एक बार सूरदास जी चलते-चलते मार्ग में एक गहरे गढ्ढे में गिर गए और निकलने के सारे प्रयास असफल हो गये। अपने कान्हा को ही पुकारने लगे, एक भक्त अपने जीवन में विपत्ति काल में प्रभु को ही तो पुकारता है। जैसे ही सूरदास जी ने कान्हा को याद किया, प्रभु भी उसकी पुकार सुने बिना नहीं रह पाए! सच है जब एक भक्त दिल से पुकारता है तो यह टीस प्रभु के दिल में भी उठा करती है। उसी समय एक बाल गोपाल के रूप में वहाँ प्रकट हो गए, और प्रभु के पांव की नन्ही-नन्ही सी पैजनिया की छन-छन की आवाज सुनते ही सूरदास जी को समझते देर न लगी। कान्हा उनके समीप आये और बोले अरे बाबा नीचे क्या कर रहे हो, लो मेरा हाथ पकड़ो और जल्दी से ऊपर चले आओ। जैसे ही सूरदास जी ने इतनी प्यारी सी मिश्री सी घुली हुई वाणी सुनी तो जान गए की मेरा कान्हा आ गया, और बहुत प्रसन्न हो गए, और कहने लगे की अच्छा कान्हा, बाल गोपाल के रूप में आ गए, कन्हाई तुम आ ही गए न? बाल गोपाल कहने लगे अरे कौन कान्हा ? किसका नाम लेते जा रहे हो,जल्दी से हाथ पकड़ो और ऊपर आ जाओ, ज्यादा बातें न बनाओ। सूरदास जी मुस्कुरा पड़े और कहने लगेः सच में कान्हा तेरी बांसुरी के भीतर भी वो मधुरता नहीं, माना कि तेरी बांसुरी सारे संसार को नचा दिया करती है लेकिन तेरे भक्तों का दुःख तुझे नचा देता है। क्यों कान्हा सच है न? तभी तो तू दौड़ा चला आया। जैसे ही उन्होंने इतना कहा सूरदास जी ने झट से कान्हा का हाथ पकड़ लिया और उस मंगलमय ब्रह्मसंस्पर्श से वे रोमांचित हो उठे।

अंतर्मन



आज की पाती

घुमंतू परिवारों को स्थायी सहारे की जरूरत

भारत में ऐसे हजारों परिवार आज भी हैं, जिनके बच्चों के लिए नियमित स्कूल तक पहुंच आसान नहीं है। विमुक्त, घुमंतू और अर्ध-घुमंतू समुदायों के अनेक परिवार पीढ़ियों से एक स्थान से दूसरे स्थान पर घूमते हुए जीवन बिताते हैं। ऐसे परिवारों के बच्चे भी माता-पिता के साथ स्थान बदलते रहते हैं और इसका सीधा असर उनकी पढ़ाई पर पड़ता है। केंद्र सरकार अब इन बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए आर्थिक प्रोत्साहन की व्यवस्था पर विचार कर रही है। यदि स्कूल तक पहुंच, आर्थिक सहायता, आवास, पहचान दस्तावेज और रोजगार के अवसर एक साथ उपलब्ध कराए जाएं, तो घुमंतू परिवारों की अगली पीढ़ी के जीवन में बड़ा बदलाव संभव है। शिक्षा से जुड़ाव वास्तव में बेहतर और स्थायी जीवन की शुरुआत बन सकता है। ऐसे लोगों को प्रेरित करने का सरकार का यह प्रयास सराहनीय होगा। -*कांतिलाल मांडोत, सूरत*

ट्रेंड

पहली एलएनजी ट्रेन



अहमदाबाद के साबरमती स्टेशन से देश को पहली एलएनजी ट्रेन समर्पित की गई। साफ ऊर्जा से चलने वाली यह ट्रेन न सिर्फ डीजल पर निर्भरता कम करके प्रदूषण घटाएगी, बल्कि विदेशी मुद्रा की बचत भी करेगी और ग्रीन रेलवे के हमारे संकल्प को पूरा करेगी। -**अमित शाह,** केंद्रीय गृहमंत्री

पिंकी का शानदार प्रदर्शन



पिंकी बलहारा ने एशियाई खेल 2026 में महिलाओं के -78 किग्रा कुराश इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर शानदार प्रदर्शन किया है। इस उपलब्धि के लिए पिंकी को बधाई। उम्मीद है कि वह आगे भी बेहतरीन प्रदर्शन कर भारत का नाम और रोशन करेंगी।
- **राजनाथ सिंह,** रक्षामंत्री

सांस्कृतिक चेतना



राजनीति से दूर रहते हुए भी अशोक सिंघल ने देशभर के हर व्यक्ति के दिल में अपनी जगह बनाई। उनका जीवन पूरी तरह से भारत माता की सेवा के लिए समर्पित था; उन्होंने देश की सांस्कृतिक चेतना को जगाने के लिए पूरे हिंदू समाज को एकजुट किया। - **धर्मेंद्र प्रधान,** सांसद, भाजपा

घटिया सड़क



पूरी सड़क हाथ से खोदी जा रही है। दिल्ली में पहले कभी इतनी घटिया सड़क नहीं बनी। कल, जब इसी भ्रष्टाचार को लेकर एक वीडियो बनाया जा रहा था, तो मंत्री प्रवेश वर्मा आपा खो बैठे और एक लड़के को थप्पड़ मार दिया।
-**अरविंद केजरीवाल,** पूर्व सीएम, नई दिल्ली

करंट अफेयर

चीन की दीवार का एक हिस्सा खदान के कचरे से क्षतिग्रस्त



चीन की महान दीवार का एक सुदूर हिस्सा पिछले 20 वर्षों से खदान का कचरा फेंके जाने के कारण क्षतिग्रस्त हो गया है। चीन के सरकारी प्रसारक 'सीसीटीवी' की खबर के अनुसार, उत्तर-मध्य चीन में मिंग राजवंश के दौर की इस प्राचीन दीवार के पत्थरों को कोयला खदान के कचरे को सस्ते में ठिकाने लगाने के लिए इस्तेमाल किया गया। हांगकांग के अखबार 'साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट' ने सीसीटीवी की रिपोर्ट के हवाले से बताया कि शांक्सी प्रांत की निंगवू काउंटी में दीवार के एक हिस्से का इस्तेमाल पिछले करीब 20 वर्षों से कोयला खदान का कचरा फेंकने के आसान रास्ते के रूप में किया जा रहा था, जबकि व्हिसलब्लोअर' द्वारा स्थानीय अधिकारियों को बार-बार आगाह भी किया गया था। खबर के अनुसार, महान दीवार के गुओजियाओ हिस्से को नुकसान पहुंचना 2007 में उस समय शुरू हुआ, जब बिना लाइसेंस के काम कर रही कंपनी 'निंगवू चाओकाई कोल इंडस्ट्री' ने खनन अपशिष्ट के निपटान के लिए इस संरचना के बीच से तोड़फोड़ की थी। सीसीटीवी ने बताया कि 2015 से व्हिसलब्लोअर द्वारा बार-बार शिकायत किए जाने के बावजूद स्थानीय अधिकारियों ने कार्रवाई नहीं की जिससे तोड़फोड़ लगभग दो दशकों तक जारी रही।

ऑफ बीट

पृथ्वी के ऊपरी सतह के रहस्यों का पता चला



पृथ्वी आज एकमात्र ज्ञात ग्रह है जिस पर प्लेट टेक्टोनिक्स हैं। ग्रह के मैग्मा पर चट्टानों के इन विशाल स्लैब की निरंतर गति से महाद्वीप बनते हैं और शायद इससे जीवन का सृजन करने में भी मदद मिली हो। पृथ्वी लगभग 4.5 अरब साल पुरानी है। कुछ वैज्ञानिकों का तर्क है कि अपने शुरुआती रूप में, ग्रह में प्लेट टेक्टोनिक्स नहीं थीं और इसके बजाय इसकी विशेषता स्थिर सतह (एक ढक्कन की कल्पना करें) रही होगी - मंगल ग्रह के समान। दूसरों का कहना है कि इसकी विशेषता एपिसोडिक, स्टॉप-स्टार्ट टेक्टोनिक्स रही होगी। प्लेट टेक्टोनिक्स महासागरों और वायुमंडल की संरचना से घनिष्ठ रूप से जुड़े हुए हैं क्योंकि प्लेटों की निरंतर गति कार्बन और अन्य तत्वों को भी इधर-उधर ले जाती है। यह पृथ्वी के आंतरिक भाग से गर्मी कैसे निकलती है, इससे भी निकटता से जुड़ा हुआ है। इस वजह से, प्लेट टेक्टोनिक्स को पृथ्वी पर जीवन के विकास से भी घनिष्ठ रूप से जुड़ा हुआ माना जाता है। एक विशिष्ट रासायनिक फिंगरप्रिंट टेक्टोनिक प्लेटों की गति उनकी सीमाओं पर ज्वालामुखी गतिविधि उत्पन्न करती है। लेकिन द्वीप चापों पर, जैसे कि तथाकथित रिंग ऑफ फायर जो प्रशांत महासागर को घेरता है, इस ज्वालामुखी की एक विशिष्ट रासायनिक फिंगरप्रिंट है जो आज के औसत महाद्वीपीय सतह के लगभग समान है।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

तालाब में डूबने से किशोर की मौत, सात घंटे बाद लाश मिली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर/सरोना

दोस्तों के साथ तालाब में नहाने की एक सामान्य-सी खुशी उस वक्त मातम में बदल गई, जब 15 वर्षीय संत यादव अचानक गहरे पानी में समा गया। दोस्तों की आंखों के सामने हुए इस हादसे के बाद ग्रामीणों और पुलिस ने तत्काल रेस्क्यू अभियान शुरू किया। तालाब के गहरे पानी में तलाश के लिए गोताखोरों ने घंटों मशक्कत की और करीब सात घंटे तक चले रेस्क्यू अभियान के बाद आखिरकार संत का शव तालाब से बरामद किया जा सका। शव मिलने की खबर के बाद ठेमा गांव में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार सरोना थाना क्षेत्र के ग्राम ठेमा निवासी 15 वर्षीय संत यादव अपने दोस्तों खिलेश वट्टी, खगेश वट्टी और ईशान यादव के साथ सोमवार 28 सितंबर की सुबह लगभग साढ़े 8 बजे के आसपास गांव के तालाब में नहाने गया था।

विवाद के बीच फायरिंग, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर में बीती रात दो लोगों के बीच आपसी विवाद के बाद फायरिंग की खबर से सनसनी फैल गई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और इस मामले को लेकर जांच पड़ताल में जुट गई है।

शहर के नगर निगम के बाजू सड़क पर बीती रात लगभग 11 बजे दो लोगों के बीच विवाद व लड़ाई झगड़ा हुआ। पुलिस सूत्रों ने बताया कि अनिवाश सेंद्र नामक युवक चौक पर खड़ा था, तभी वहां आरोपी विपिन जॉनवेल पहुंचा। किसी पुरानी बात को लेकर विपिन और अविनाश के बीच गाली-गलौज हुई। आरोप है कि इसके बाद विपिन ने अपने पास रखे पिस्टल को अविनाश के सिर पर तान दी। उसे डराया और हवा में एक बार फायरिंग भी की। अविनाश खुद को बचाकर वहां से भाग निकला और रात में ही थाने पहुंचा। यह खबर जैसे ही सोशल मीडिया में फैली, सनसनी फैल गई थी। पुलिस रात में ही हरकत में आ गई।

■ मौके पर नहीं मिले खोखे, एफआईआर दर्ज



सीसीटीवी फुटेज की जांच

पुलिस टीम रात को ही मौके पर पहुंचकर चौतरफा जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि इस मामले में सीसीटीवी फुटेज सहित अन्य जांच पड़ताल व पूछताछ की जा रही है। फायरिंग की अधिकृत रूप से पुष्टी नहीं हो सकी है। देर रात तक पुलिस को मौके से फायरिंग के सबूत नहीं मिले हैं। कारतूस का कोई खोखा भी बरामद नहीं हुआ है। बताया गया कि इस मामले में प्रार्थी ने कोतवाली थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज किया है। मामले की जांच की जा रही है।

सेप्टिक टैंक में मिला तेंदुए व गाय का शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला



अंचल के ग्राम कुडेरादादर में सोमवार को सुबह बाजार के पास सेप्टिक टैंक में गाय के बछड़े और नर तेंदुए का शव मिला। देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई और तत्काल इसकी सूचना वन विभाग को दी गई। परसुली वन विभाग परिक्षेत्र के अधिकारियों के साथ जिला स्तर के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे। गरियाबंद डीएफओ, एसडीओ,वन परिक्षेत्र अधिकारी, डिप्टी रेंजर, वनरक्षक सहित सभी ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने नियमानुसार पंचनामा कार्रवाई कर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया की गई।

बताया गया है उक्त सेप्टिक टैंक कुडेरादादर निवासी दीपचंद साहू का है। जहां से तेंदुए और बछड़े के शव को बाहर निकाला गया। इसके बाद जिले से पहुंचे वरिष्ठ पशु चिकित्सकों की टीम ने मौके पर ही पोस्टमार्टम कर मृत्यु के कारणों की जांच शुरू की। सभी कानूनी एवं प्रशासनिक प्रक्रियाएं पूरी करने के बाद वन विभाग की टीम ने शव का विधिवत अंतिम संस्कार किया। घटना के बाद ग्रामीणों का कहना है कि आसपास के वन क्षेत्रों में पहले भी तेंदुआ की गतिविधियां देखी जाती रही है, जिससे लोगों में भय बना रहता है।

CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION COMPANY LIMITED

(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) (A Successor Co. of CSEB)CIN – U40108CT2003SGC015820 GST No. 22AADCC5773E1ZX
OFFICE OF CHIEF ENGINEER (COMMUNICATION & TELEMETRY), C.S.P.TRANS.Co.Ltd., BHILAI
E-mail ID-cecntcsptcl.bhilai@cspc.co.in, Ph.No.-0788-2281300, Website:-www.cspc.co.in

No. 02-18/ CE(C&TM) /TR -26/608 Dated-25.09.2026

NOTICE INVITING E-TENDER

Sealed tenders are invited for deployment of 04 Nos. Security Guards through outsourcing for O/o CE (C&TM), CSPTCL, Bhilai for a period of 01 year through E-bidding:

TR No	Name of work	EMD (Rs.)	Cost of tender form (Rs.) (Incl. GST@18%)	Date of Opening
Tender-02-18/CE(C&TM)/ TR -26/608, Dtd. 25.09.2026 (RFX - 8100054446)	Deployment of 04 Nos. Security Guards through outsourcing for O/o CE (C&TM), CSPTCL, Bhilai for a period of 01 year	9000/-	2000 /-	16.10.2026, 15.30 hrs.

For all other details of NIT and terms & conditions, please visit our web site 'www.cspc.co.in/csptcl/tendernotices/Communication & Telemetry/Latest Tenders'.

SAVE ELECTRICITY

Chief Engineer
(Communication & Telemetry) CSPTCL, Bhilai

OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER CHHATTISGARH RURAL ROAD DEVELOPMENT AGENCY PROJECT CIRCLE, DURG, DISTT.: DURG (C.G.)

E-Procurement Tender Notice

NIT No. 83, 84, 85, 86, 87 /SE/TECH./CGRRDA/2026 Dated 28/09/2026

Superintending Engineer, Project Circle Durg on behalf of Governor of Chhattisgarh invites package wise bids in electronic tendering system for **Zonal Work (Repair & Maintenance) under PMGSY & MMGSVY & Defect Liability under PMGSY** and sanctioned for below mentioned district of the state as per B.O.Q. from the eligible contractors/Firms registered with unified registration system (e-registration) for the works mentioned below. Date of release of Invitation for Bids through e-procurement.

S. No	NIT No	Work Name	Amount (Rs. in Lakhs)	Districts	Rate invited
01	83	Zonal Work (Repair & Maintenance) under PMGSY	350.00 (Each Dist. 50.00 Lakhs)	Durg, Balod, Bemetara, Rajnandgaon, KCG, MMAC, Kabirdham	Percentage Rate SOR 06.06.2025 issued by CE, CGRRDA Raipur
02	84	Zonal Work (Repair & Maintenance) under MMGSVY	350.00 (Each Dist. 50.00 Lakhs)	Durg, Balod, Bemetara, Rajnandgaon, KCG, MMAC, Kabirdham	Percentage Rate SOR 06.06.2025 issued by CE, CGRRDA Raipur
03	85	Defect Liability under PMGSY	33.02	Rajnandgaon	Percentage Rate SOR 22.02.2018 issued by CE, CGRRDA Raipur
04	86	Defect Liability under PMGSY	9.23	MMAC	Percentage Rate SOR 22.02.2018 issued by CE, CGRRDA Raipur
05	87	Zonal Work PMGSY	50.00	Rajnandgaon	Percentage Rate SOR 22.02.2018 issued by CE, CGRRDA Raipur

Availability of Bid Documents and mode of submission: The bid document is available online and should be submitted online in **https://eproc.cgstate.gov.in**. The bidder would be required to register in the web-site which is free of cost. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from one of the authorized Certifying Authorities.

Detailed N.I.T. and other Details can be viewed on our website **https://eproc.cgstate.gov.in**. on or after **01.10.2026**. In future any related corrigendum would be seen in the notice section of the website.

Superintending Engineer
Chhattisgarh Rural Road Development Agency
Project Circle, Durg Dist.: Durg (C.G.)
E-mail : sepmgsy.rpc@nic.in

S-49206/1

भूस्खलन से कोरापुट रायगढ़ा रेलखंड में रेल यातायात प्रभावित



जगदलपुर। बीते तीन से लगातार हुई भारी बारिश के बीच कोरापुट-रायगढ़ा रेलखंड पर भूस्खलन के बाद रेल यातायात बुरी तरह प्रभावित हो गया है। रायगढ़ा रेल मंडल के मुनिगुड़ा-विजयनगरम के बीच रेलवे लाइन पर भूस्खलन से मार्ग बाधित होने के बाद रेलवे ने कई ट्रेनों का संचालन रद्द करने के साथ कुछ ट्रेनों को कोरापुट तक सीमित कर दिया है। रेल मार्ग को बहाल करने के लिए सुधार और मरम्मत का काम युद्धस्तर पर चल रहा है। बताया जा रहा है कि क्षतिग्रस्त मार्ग को पूर्ण रूप से बहाल करने में दस दिन का समय लग सकता है। रेलवे के आदेश के अनुसार छह ट्रेनें रद्द की गई हैं। इनमें 58502 किरंदुल-विशाखापत्तनम, 58501 विशाखापत्तनम-किरंदुल, 18516 किरंदुल-विशाखापत्तनम, 18515 विशाखापत्तनम-किरंदुल, 18108 जगदलपुर-राउरकेला तथा कोरापुट-जगदलपुर के बीच रेल परिचालन रद्द किया गया हैं। रेलवे ने स्पष्ट किया है कि उपरोक्त ट्रेनों के लिए कोरापुट-जगदलपुर-कोरापुट के बीच रेल सेवा रद्द रहेगी। इससे जगदलपुर आने-जाने वाले यात्रियों को फिलहाल कोरापुट में यात्रा बदलने की स्थिति का सामना करना पड़ेगा। रेलवे ने यात्रियों की असुविधा से बचने के लिए स्टेशन सूचना पट, उद्घोषणा, संदेश और अन्य माध्यमों से जानकारी प्रसारित करने के निर्देश दिए हैं।

पानी टंकी में गिरकर महिला की मौत

धमतरी। पानी निकलते समय महिला सिर के बल जमीन पर बनी पानी टंकी में गिर गई। इस घटना में उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार स्थानीय बठेनापारा निवासी पूर्णिमा ध्रुव पति गयाराम उम्र 46 वर्ष घर में अकेली रहती थी। रविवार की शाम महिला घर के पास टेप नल की पानी टंकी से पानी निकाल रही थी। इसी दौरान महिला सिर के बल टंकी में गिर गई। इस घटना में उसकी मौत हो गई। पड़ोसी महिला जब अपने घर की छत पर चढ़ी तो पूर्णिमा को टंकी में गिरी देखी। घटना की जानकारी उनके परिजनों व सिटी कोतवाली को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को टंकी से बाहर निकलवाकर जिला अस्पताल के मर्च्यूरी भेज दिया। सोमवार को शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

वापसी की राह पर चंदा दल का एक दंतैल

धमतरी। जिले के जंगल में पखवाड़ा भर विचरण करने के बाद चंदा दल के एक दंतैल ने वापसी की राह पकड़ ली है। सोमवार को कुकरेल परिक्षेत्र के ग्राम जोगीडीह इलाके से निकलकर वापस उत्तर सिंगपुर लौट गया है।

वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 12 सितंबर को एक हाथी गरियाबंद से पैरी नदी पार कर उत्तर सिंगपुर परिक्षेत्र के बीट रेंगाडीह में विचरण करने के बाद केरेगांव परिक्षेत्र के ग्राम जोगीडीह इलाके में आ गया। यहां 27 सितंबर तक ठहरने के बाद 28 सितंबर को उत्तर सिंगपुर के बीट केवराडीह के कक्ष क्रमांक 60 आरएफ में लोकेशन है। यहां से हाथी के बेलोरा, सोनपैरी के कक्ष क्रमांक 57, 58 में जाने की संभावना है।

OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER PUBLIC WORK DEPARTMENT, BILASPUR CIRCLE BILASPUR, CHHATTISGARH

निविदा निरस्तीकरण सूचना

इस कार्यालय के निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 249 दिनांक 19.08.2026 को कार्यपालन अभियंता, लो.नि.वि., संभाग सारंगढ़ का ज्ञाप क्र. 2260/व.ले.लि./2026-27/दिनांक 07.09.2026 के द्वारा किये गये अनुशंसानुसार एवं एन.आई.टी. की **अपेन्डिक्स 2.10 की कंडिका 4.6** के तहत निरस्त किया जाता है।

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग
बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर

G-262703555/4

राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा, छत्तीसगढ़, रायपुर

एकीकृत शिक्षा भवन, द्वितीय तल, बोर्ड ऑफिस परिसर पेंशनबाड़ा, रायपुर, टेलीफोन नं. 0771-2445052
Email-rmsachg@gmail.com, mis.head@gmail.com

:: निविदा सूचना ::

समग्र शिक्षा, छत्तीसगढ़ अंतर्गत हायर सेकेण्डरी स्तर के विद्यालयों हेतु NCERT द्वारा स्वीकृत किट सामग्रियों को उपलब्ध कराये जाने के लिए GEM पोर्टल पर जारी किया गया है। विवरण निम्नानुसार है:-

क्रमांक	सामग्री का नाम	बिड क्रमांक	अंतिम तिथि
1	गणित किट	GEM/2026/B/8080955	16.10.2026
2	रसायन किट	GEM/2026/B/8080870	16.10.2026
3	जीव विज्ञान किट	GEM/2026/B/8080797	16.10.2026
4	भौतिक किट	GEM/2026/B/8080370	16.10.2026

विस्तृत जानकारी **http://gem.gov.in** पर उपलब्ध है।

S-49209/1

CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION COMPANY LTD

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) (छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम)
OFFICE OF CHIEF ENGINEER (HUMAN RESOURCE), RAIPUR
PHONE NO. (दूरभाष): 0771-2574700, 2574157
Website (वेबसाइट): https://cspc.co.inEmail (ईमेल): hr.csptcl@cspc.co.in

सार्वजनिक सूचना

भर्ती एवं नियुक्ति संबंधी फर्जी पत्रों और भ्रामक संदेशों से रहें सावधान

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज में नौकरी के इच्छुक उम्मीदवारों और आम जनता को फर्जी नियुक्ति/प्रस्ताव पत्र, कॉल/साक्षात्कार पत्र, पहचान पत्र और पॉवर कंपनी के नाम पर जारी किए गए धोखाधड़ी वाले व भ्रामक संदेशों से सावधान रहने की चेतावनी देता है।

पॉवर कंपनी में विभिन्न पदों पर भर्ती केवल निर्धारित और विधिवत अधिसूचित भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से और जहां भी लागू हो, पॉवर कंपनी स्वयं, राज्य शासन अथवा केन्द्र शासन से अधिकृत भर्ती एजेंसियों के माध्यम से ही की जाती है। पॉवर कंपनी निजी व्यक्तियों, एजेंटों, मध्यस्थों या अनाधिकृत व्यक्तियों के माध्यम से उम्मीदवारों की नियुक्ति नहीं करती है, न ही यह किसी को भर्ती, नियुक्ति, दस्तावेज सत्यापन, ज्वाइनिंग या पोस्टिंग के लिए धन मांगने या एकत्र करने के लिए अधिकृत करती है।

जनता को सलाह दी जाती है कि :

- भर्ती संबंधी सभी जानकारी की पुष्टि केवल पॉवर कंपनी की अधिकारिक वेबसाइट **www.cspc.co.in** के माध्यम से ही करें।
- भर्ती या नियुक्ति के संबंध में किसी भी प्रकार का भुगतान न करें या धन की मांग का जवाब न दें।
विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 16/10/2026 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुन: सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.
गिरवियों की सूची :
धमतरी, सदर बाजार धमतरी, 0131990810013496, 3511, 3528, दुर्ग, चारोदा स्वचेयर भिलाई, 0134110810022912, कृष्णा थियेटर रोड, 0125930810026771, महाराजा चौक, 0116770820000230, नेहरू नगर भिलाई, 0125780710023509, न्यू बस स्टैंड दुर्ग, 0126220810019294, 9309, पावर हाउस चौक भिलाई, 0134030810040780, 0332, संतराबाडी , 0112610810019848, 9854, 9855, 9862, 9870, 9872, 9887, स्मिति नगर भिलाई, 0115830810020361, 0385, महासमंद, सरायपाली छत्तीसगढ़, 0138490810004781, 0106, 0107, रायपुर, अश्वनी नगर रायपुर, 0131360810020579, 0623, बडाईपाडा, 0113640810025703, 5709, 5762, 5839, 0231, 0232, 0233, बंसताल रायपुर, 0124250810011143, 1159, 1196, बुधापारा रायपुर, 0124430710033215, 3212, 3265, देवेंद्रनगर रायपुर, 0124680810016983, कटोरा तालाब रायपुर, 0131700810019518, मोवा रायपुर, 0129340810021215, 1239, 1363, 0100, पचपेड़ीनाका चौक रायपुर, 0128700810022095, 2169, पंडरी रायपुर, 0114140810024559, 4579, 0169, 0177, सदार बाजार भटापरा, 0134460810012786, संतोषी नगर रायपुर, 0131480710025108, 5070, 0327, तेलीबंधा रायपुर, 0123840710030492, 0236, राजनंदगाव, डोंगरगढ़ राजनांदगांव 0133670810013739, 3757, लालबाग राजनंदगाँव, 0133880810021826,
ऊपर बताई गई नीलामी में हिस्सा लेने के इच्छुक व्यक्तियों को नीचे दी गई बातों का पालन करना होगा: इच्छुक बोली लगाने वालों को नीलामी के दिन ही एनईएफटी/आरटीजीएस के ज़रिए 10,000/- रुपये ईएमडी (जो बोली हारने वालों को वापस कर दिया जाएगा) जमा करना होगा। बोली लगाने वालों के पास वैध आईडी कार्ड/पैन कार्ड होना चाहिए। ज़्यादा जानकारी के लिए कृपया 9072607147 पर संपर्क करें।
अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु.

कार्यालय नगर पालिक निगम धमतरी, जिला-धमतरी (छ.ग.)
Website - www.nagarnigamdhamtari.com,
Email ID- commissionerdhamtari@gmail.com, Phone Fax No. 07722-241599
ई-प्रोक्यूरमेन्ट Request For Proposal (RFP)
Main Portal : http//eproc.cgstate.gov.in
क्रमांक/कार्य.अभि./लोक कर्म / RFP / 2026/1020 धमतरी, दिनांक 21/09/2026 सिस्टम टेण्डर नंबर - 199825
नगर पालिक निगम धमतरी द्वारा निकाय के विभिन्न परियोजनाओं के क्रियान्वयन, तकनीकी सेवाओं एवं सहायक कार्यों के लिए एजेंसी के चयन हेतु कार्य से संबंधित इच्छुक फर्म / एजेंसी / कंपनियो से ऑनलाईन Request For Proposal (RFP) प्रस्ताव दिनांक 12/10/2026 तक आमंत्रित की जाती है। ऑनलाईन दर प्रस्ताव के साथ वांछित समस्त दस्तावेज, डाक्यूमेंट फीस 5000.00 रू. डिमाण्ड ड्राफ्ट के रूप में एवं अमानत राशि 75,000.00 रूपये (एफ.डी.आर. के रूप में जो कि आयुक्त, नगर पालिक निगम धमतरी के नाम से देय हो) तथा 100.00 रू. के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर में शपथ पत्र ऑनलाईन स्केनिंग कॉपी के साथ-साथ मूल कॉपी स्पीड पोस्ट के माध्यम से दिनांक 14/10/2026 को सायं 5.30 बजे तक जमा करना होगा। प्रस्तुत प्रस्ताव दिनांक 15/10/2026 को प्रातः 11:30 बजे खोला जावेगा।
कार्य से संबंधित विस्तृत शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में निगम कार्यालय के लोक कर्म शाखा से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल Main portal:eproc.cgstate.gov.in तथा संचालनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में अवलोकन एवं डाउनलोड भी की जा सकती है।
कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम धमतरी

'इच्छा मृत्यु' को कानूनी मान्यता देने से पोप खफा

लूर्डेस (फ्रांस)। पोप लियो-14 ने चिकित्सकीय निगरानी में 'इच्छा मृत्यु' को कानूनी मान्यता दिए जाने की निंदा करते हुए रविवार को इसे 'झूठी दया' और अनैतिक करार दिया। चमत्कारिक उपचार के लिए प्रसिद्ध फ्रांस के तीर्थस्थल लूर्डेस की यात्रा के दौरान पोप लियो ने जीवन के महत्व को लेकर कैथोलिक चर्च की शिक्षाओं को दोहराते हुए यह बात कही। पोप लियो ने फ्रांस की यात्रा के तीसरे दिन एक बार फिर चिकित्सकीय निगरानी में 'इच्छा मृत्यु' के अधिकार को लेकर जारी बहस पर अपनी राय रखी। यह मुद्दा उनके मूल देश अमेरिका सहित दुनिया के कई देशों में चर्चा का विषय बना हुआ है। फ्रांस में भी इस मुद्दे को लेकर वर्षों तक राजनीतिक बहस होती रही। इसके बाद हाल में सांसदों ने ल

खबर संक्षेप

रायपुर में एनएचबी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

रायपुर। पॉलीहाउस और संरक्षित खेती से जुड़े किसानों और उद्योग प्रतिनिधियों ने छत्तीसगढ़ सहित 10 राज्यों के 11 शहरों में शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने नेशनल हॉर्टिकल्चर बोर्ड (एनएचबी) की प्रक्रियाओं और हालिया नियमों में बदलावों को लेकर चिंता जताई। रायपुर में यह विरोध प्रदर्शन नेशनल हॉर्टिकल्चर बोर्ड, तेलीबांधा में आयोजित किया गया। किसानों ने नई परियोजनाओं के लिए 'ग्रांट ऑफ क्लीयरेंस' प्रक्रिया को लेकर लंबे समय से बनी अनिश्चितता पर चिंता जताई। एनएचबी की वेबसाइट के अनुसार, कमर्शियल हॉर्टिकल्चर और कोल्ड स्टोरेज योजनाओं से संबंधित दिशानिर्देशों में 21 अगस्त 2026 को संशोधन किया गया था। जबकि योजना 1 और 2 के तहत नए आवेदनों को स्वीकार करने की प्रक्रिया 4 सितंबर 2026 से अस्थायी रूप से रोक दी गई थी।

एक्सिस बैंक ने कैंपस एंगेजमेंट के विजेताओं की घोषणा की

रायपूर। एक्सिस बैंक ने कैंपस एंगेजमेंट कार्यक्रम मूवस 2026 के विजेताओं की घोषणा की। देशभर के 110 से अधिक संस्थानों, जिनमें प्रमुख मैनेजमेंट और इंजीनियरिंग संस्थान भी शामिल हैं, के 43,000 से अधिक छात्रों ने इसमें भाग लिया। मूवस 2026 कैंपस स्तर पर सबसे अधिक भागीदारी वाले कार्यक्रमों में से एक बनकर उभरा। इस कार्यक्रम में "ऑर्गनाइजेशन ऑफ द फ्यूचरः डिजाइन फॉर 2035" थीम के तहत छात्रों को बैंकिंग के भविष्य की नई कल्पना करने की चुनौती दी गई। एंटरप्राइज ट्रांसफॉर्मेशन के मंच के रूप में तैयार किए गए मूवस 2026 में छात्रों को कस्टमर एक्सपीरियंस, ऑपरेशंस, रिस्क मैनेजमेंट, वर्कफोर्स डिजाइन और एआई-सक्षम इकोसिस्टम जैसे क्षेत्रों में नए और रचनात्मक समाधान विकसित करने के लिए आमंत्रित किया गया।

डॉलर के मुकाबले रुपया 28 पैसे टूटकर 96.03 पर

मुंबई। वैश्विक बाजारों में जोखिम से बचने की धारणा के बीच रुपया सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 28 पैसे टूटकर 96.03 (अस्थायी) पर रहा। अमेरिका द्वारा ईरान के समझौते के प्रस्ताव को खारिज किए जाने से होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने की उम्मीदें कम हुई हैं।

1 अक्टूबर से बदलेगा एफडी का गणित! आरबीआई के नए नियमों से पड़ेगा असर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

1 अक्टूबर 2026 से, कमर्शियल बैंकों में फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) करने वाले निवेशकों को बल्क फिक्स्ड डिपॉजिट पर ब्याज दरों के बारे में जानकारी देने, उन्हें दिखाने और लागू करने के तरीकों में बड़े बदलाव देखने को मिलेंगे। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने नए नियम लागू किए हैं।

इनका मकसद बल्क डिपॉजिट की दरों को पारदर्शी और समझने में आसान बनाना है, और यह पक्का करना है कि एक ही तरह के डिपॉजिट पर बैंक की सभी शाखाओं में एक जैसी दरें मिलें। यह नया नियम कमर्शियल बैंकों, स्मॉल फाइनेंस बैंकों, रीजनल रूरल बैंकों, लोकल एरिया बैंकों, पेमेंट बैंकों और अर्बन कोऑपरेटिव बैंकों पर लागू होगा।

दरें हर कामकाजी दिन बताई जाएंगी

1 अक्टूबर से, बैंकों को हर कामकाजी दिन सुबह 10 बजे तक अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर लागू होने वाली बल्क-डिपॉजिट ब्याज दरें पब्लिश करनी होंगी। 10 मिनट का ग्रेस पीरियड मिलेगा, जिसका मतलब है कि दरों को सुबह 10:10 बजे तक अपडेट किया जा सकता है। बैंकिंग संस्थानों के लिए यह भी जरूरी होगा कि वे योग्य डिपॉजिट पर ब्याज देते समय अपनी वेबसाइट पर दिखाई गई दरों का पालन करें।



सभी शाखाओं में एक जैसी दर

एक और अहम बदलाव जो लागू किया जाएगा, वह यह है कि बैंक एक जैसी बल्क डिपॉजिट (बड़ी जमा राशि) के लिए अलग-अलग ब्याज दरें ऑफर नहीं कर पाएंगे, सिर्फ इसलिए कि वे अलग-अलग ब्रांच में बुक की गई हैं। इससे यह पक्का होगा कि एक ही दिन ली गई एक जैसी रकम की डिपॉजिट के लिए, बैंक की सभी ब्रांच में एक ही दर लागू हो।

बल्क डिपॉजिट 3 करोड़ से अधिक होता है

इससे डिपॉजिट करने वालों को बड़ी रकम वाली बल्क एफडी बुक करते समय या बातचीत करते समय एक सीधा रेफरेंस पॉइंट मिलेगा। यह ध्यान रखना जरूरी है कि शेड्यूल्ड कमर्शियल बैंकों के लिए, बल्क डिपॉजिट का मतलब आम तौर पर 3 करोड़ रुपए या उससे ज्यादा का सिंगल-रुपया टर्म डिपॉजिट होता है। फिर भी, कुछ तरह के बैंकों के लिए यह सीमा अलग-अलग हो सकती है।

नॉन- रेसिडेंट डिपॉजिट पर भी लागू होगा

यही छूट नॉन-रेसिडेंट्स (अनिवासी भारतीयों) की कुछ रुपया डिपॉजिट पर भी लागू होगी। इसका मतलब है कि बैंक एलसीआर फ्रेमवर्क के तहत लागू रन-ऑफ रेट को ध्यान में रखकर योग्य व्यक्तियों को बल्क डिपॉजिट पर अलग-अलग ब्याज दरें ऑफर कर सकते हैं। इसके अलावा, नए नियम न केवल घरेलू डिपॉजिट पर, बल्कि नॉन-रेसिडेंट रुपया डिपॉजिट फ्रेमवर्क के तहत रखी गई कुछ बल्क डिपॉजिट पर भी लागू होंगे।

फिक्स्ड डिपॉजिट निवेशकों पर क्या होगा असर?

अब, ज्यादातर रिटेल फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) निवेशकों के लिए, इन बदलावों का मतलब यह नहीं है कि 1 अक्टूबर 2026 से उनकी मौजूदा एफडी ब्याज दरें अपने आप बदल जाएंगी या उनमें कोई बदलाव होगा। नया फ्रेमवर्क मुख्य रूप से इस बारे में है कि बैंकिंग संस्थान बल्क डिपॉजिट पर दरें कैसे तय करेंगे, उनकी जानकारी कैसे देंगे और उन्हें कैसे लागू करेंगे। बड़ी रकम जमा करने वाले डिपॉजिटर्स के लिए, बुकिंग की तारीख पर बैंक की बताई गई दर को देखना काफी आसान और बहुत जरूरी होगा।

यह नई श्रृंखला का पांचवां मासिक आंकड़ा है

देश का औद्योगिक उत्पादन अगस्त में आठ प्रतिशत बढ़ा, विनिर्माण क्षेत्र का बेहतर प्रदर्शन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जुलाई में इसमें 7.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी

देश का औद्योगिक उत्पादन अगस्त में आठ प्रतिशत बढ़ा, जबकि जुलाई में इसमें 7.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। विनिर्माण क्षेत्र के बेहतर प्रदर्शन और बिजली एवं गैस आपूर्ति में मजबूत वृद्धि से औद्योगिक उत्पादन को गति मिली। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। यह नई श्रृंखला के तहत जारी औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) का पांचवां मासिक आंकड़ा है।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के मुताबिक, अगस्त महीने में आईआईपी में सालाना आधार पर आठ प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इस दौरान विनिर्माण क्षेत्र नौ प्रतिशत और बिजली एवं गैस आपूर्ति क्षेत्र 12.3 प्रतिशत बढ़ा। आंकड़ों के अनुसार, खनन एवं संबद्ध क्षेत्र में अगस्त के दौरान 5.6 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि एक साल पहले इसी महीने में इस क्षेत्र का उत्पादन 15.8 प्रतिशत बढ़ा था।

पहले के अनुमान से संशोधित कर 7.4 फीसदी किया गया

अगस्त, 2025 में देश के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक में 4.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। वहीं, इस साल जुलाई के आईआईपी आंकड़े को पहले जारी 6.7 प्रतिशत के अस्थायी अनुमान से संशोधित कर 7.4 प्रतिशत कर दिया गया है। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-अगस्त के दौरान आईआईपी वृद्धि 6.7 प्रतिशत रही, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 4.2 प्रतिशत रही थी।



वृद्धि में इन वस्तुओं का योगदान रहा

वाहन, ट्रेलर एवं सेमी-ट्रेलर विनिर्माण समूह के तहत वाहन कलपुर्जों, सहायक उपकरणों, यात्री कारों तथा वाणिज्यिक वाहनों ने वृद्धि में उल्लेखनीय योगदान दिया। विद्युत उपकरण विनिर्माण में विद्युत सर्किट को बदलने या सुरक्षित रखने वाले उपकरणों, जैसे स्विचगियर, सर्किट ब्रेकर, स्विच तथा नियंत्रण एवं मीटर पैनल और उनके कलपुर्जों के अलावा ऑप्टिकल फाइबर एवं केबल के कनेक्टर, यूपीएस तथा सॉलिड-स्टेट ड्राइव ने वृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

प्राथमिक वस्तुओं का सूचकांक बढ़ा

अन्य परिवहन उपकरण विनिर्माण में दोपहिया वाहनों, रेलवे के डिब्बों एवं कलपुर्जों, रखरखाव या सेवा वाहनों तथा मोटरसाइकिल, मोपेड और साइडकार के कलपुर्जों एवं सहायक उपकरणों ने वृद्धि में योगदान दिया। उपयोग आधारित वर्गीकरण के अनुसार, अगस्त में प्राथमिक वस्तुओं का सूचकांक 111.8, पूंजीगत वस्तुओं का 140.7, मध्यवर्ती वस्तुओं का 131.8 और बुनियादी ढांचा एवं निर्माण वस्तुओं का 132.5 रहा।

टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं में वृद्धि हुई

टिकाऊ उपभोक्ता और गैर-टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं के सूचकांक क्रमशः 129.4 और 114.3 रहे। अगस्त, 2026 में उपयोग आधारित वर्गीकरण के तहत प्राथमिक वस्तुओं में 3.5 प्रतिशत, पूंजीगत वस्तुओं में 16.9 प्रतिशत, मध्यवर्ती वस्तुओं में 13.7 प्रतिशत, बुनियादी ढांचा एवं निर्माण वस्तुओं में 6.4 प्रतिशत, टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं में 11.1 प्रतिशत और गैर-टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं में 2.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

भारतीय रिफाइनरी कंपनियों ने खरीद में लाई विविधता

रूस से कच्चे तेल का आयात पांच महीने के निचले स्तर पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



जहाजों की आवाजाही पर नजर रखने वाले आंकड़ों के अनुसार भारतीय रिफाइनरी कंपनियों द्वारा अपनी खरीद में विविधता लाने के कारण सितंबर में रूस से कच्चे तेल का आयात घटकर लगभग 17.5 लाख बैरल प्रतिदिन रह गया, जो अप्रैल के बाद का सबसे निचला स्तर है। इस दौरान देश का कुल कच्चा तेल आयात तेजी से बढ़ा है।

- रूस से कच्चे तेल का आयात घटकर 17 .5 लाख बैरल

वैश्विक जिंस आंकड़ा और विश्लेषण फर्म केपलर के आंकड़ों के मुताबिक, सितंबर में भारत का कुल कच्चा तेल आयात औसतन करीब 53 लाख बैरल प्रतिदिन (बीपीडी) रहा। यह अगस्त की तुलना में लगभग छह लाख बैरल प्रतिदिन और एक साल पहले की समान अवधि से सात लाख बैरल प्रतिदिन अधिक है। भारत ने सितंबर में औसतन 17.4 लाख बैरल प्रतिदिन रूसी कच्चे तेल का आयात किया। यह आयात अप्रैल के 15.8 लाख बैरल प्रतिदिन के बाद सबसे कम है। इसकी तुलना में भारत ने अगस्त में रूस से 20.2 लाख बैरल प्रतिदिन और जुलाई में 26.5 लाख बैरल प्रतिदिन कच्चे तेल का आयात किया था। रूस से घटे आयात की भरपाई इराक और सऊदी अरब ने की। इराक ने इस महीने लगभग 5.75 लाख बैरल प्रतिदिन कच्चे तेल की आपूर्ति की, जो अगस्त में 1.63 लाख बैरल प्रतिदिन थी। इसी तरह सऊदी अरब से आपूर्ति भी अगस्त के 3.47 लाख बैरल प्रतिदिन से बढ़कर सितंबर में 5.66 लाख बैरल प्रतिदिन हो गई।

यूएई से भी आपूर्ति में गिरावट

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से आपूर्ति अगस्त के 5.46 लाख बैरल प्रतिदिन से घटकर 4.80 लाख बैरल प्रतिदिन रह गई। केपलर में मॉडलिंग के वरिष्ठ प्रबंधक सुमित रितोलिया ने कहा कि रूसी आपूर्ति में यह कमी ऐसे समय में आई है जब अमेरिका रूसी तेल के खरीदारों पर दबाव बनाना जारी रखे हुए है। इसके चलते भारतीय रिफाइनरी इकाइयरें ने अपने आपूर्ति स्रोतों के विकल्पों को लचीला बनाए रखा है।

सोना 2,600 रुपए टूटा और चांदी 5,000 रुपए कमजोर

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को सोने की कीमतें 2,600 रुपये टूटकर 1.5 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और मजबूत डॉलर के बीच वैश्विक बाजारों में भारी बिकवाली के कारण सोने में यह गिरावट आई। इससे पिछले सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,52,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। स्थानीय कारोबारियों के अनुसार, चांदी की कीमत भी 5,000 रुपये टूटकर 2.32 लाख रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई, जबकि शुक्रवार को यह 2.37 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

बिजनेस साइट

रायपुर में सीआईआई एमएसएमई कॉन्क्लेव 2.0 का शुभारंभ



रायपुर। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) छत्तीसगढ़ राज्य परिषद के एमएसएमई कॉन्क्लेव 2.0 का शुभारंभ सोमवार को रायपुर में हुआ। 'नवाचार एवं सतत औद्योगिक विकास द्वारा एमएसएमई का सशक्तिकरण' विषय पर आयोजित कॉन्क्लेव में 250 से अधिक उद्यमी, उद्योग प्रतिनिधि और नीति-निर्माता शामिल हुए। कार्यक्रम का मुख्य फोकस ईज ऑफ डूइंग बिजनेस, तकनीक, वित्त और अनुपालन सुधार पर रहा। कॉन्क्लेव का उद्घाटन उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने किया। विजय शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ का औद्योगिक विकास छोटे कारखानों और कार्यशालाओं से होगा। कानून-व्यवस्था, बेहतर सड़कें और त्वरित स्वीकृतियों को उन्होंने एमएसएमई विकास की नींव बताया। लखन लाल देवांगन ने कहा कि सरकार की औद्योगिक विकास नीति के केंद्र में एमएसएमई हैं और बस्तर-सरगुजा सहित सभी क्षेत्रों के उद्यमियोको त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराने का लक्ष्य है।

- वित्त और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस पर जोर

सी आ ई आ ई छत्तीसगढ़ राज्य परिषद के चेयरमैन एवं बजरंग पावर एंड इस्पात लिमिटेड के निदेशक बजरंग गोयल ने कहा कि एमएसएमई औद्योगिक मूल्य-श्रृंखला की रीढ़ हैं। सीआईआई छत्तीसगढ़ एमएसएमई पैनल के संयोजक आदित्य मूंदड़ा ने तकनीक, वित्त और अनुपालन सुधार को विकास के प्रमुख आधार बताया।

आज काइजेन विद एआई विषय पर प्रशिक्षण

सीएसआईडीसी अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, उद्योग संचालनालय के संचालक प्रभात मलिक, क्रेडाई अध्यक्ष पंकज लाहोटी, राडा अध्यक्ष कैलाश खेमानी और चैंबर अध्यक्ष सतीश थौरानी ने भी विचार रखे। वहीं सीआईआई के आनंद सिंघानिया, इरफान बुखारी और रोमिल राठी की भी प्रमुख भूमिका रही। कॉन्क्लेव का दूसरा दिन 29 सितंबर को होगा, जिसमें टीपीएम और 'काइजेन विद एआई' जैसे विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

अहलूवालिया हॉस्पिटल
81031 28515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • सभी प्रकार के ऑपरेशन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चो के ऑपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

AB आई हॉस्पिटल
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
पता : - 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटिक क्लीनिक
डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोनः 0771-4044551 समयः सुबह 9.30 से 4.30 तक

सिंघानिया स्किन केयर
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

स्वास्तिक नर्सिंग होम
पाल जी
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लाप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

एथलेटिक्स का 'सुपर डे', एक दिन में 6 पदक, सोने के तमगे की कमी

एजेंसी ▶▶| नागोया

गुलवीर सिंह ने एशियाई खेलों में अपना दूसरा रजत पदक जीता जबकि लंबी कूद के खिलाड़ी मुरली श्रीशंकर और भाला फेंक खिलाड़ी यशवीर सिंह भी अपनी-अपनी स्पर्धाओं में दूसरे स्थान पर रहे, जिससे भारत ने सोमवार को एथलेटिक्स में छह पदक जीते। विथ्या रामराज ने महिलाओं की 400 मीटर बाधा दौड़ में कांस्य पदक जीता।

यह इस स्पर्धा में पिछले एशियाई खेलों के कांस्य पदक के बाद उनका लगातार दूसरा पदक है। उन्होंने इस दौरान धाविका पीटी उषा का 42 साल पुराना राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी तोड़ा। रोहित यादव ने पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर अपना पहला बड़ा पदक हासिल किया और भारत को इस स्पर्धा में रजत-कांस्य की सफलता दिलाई। पारुल चौधरी महिलाओं की 5000 मीटर दौड़ में अपने स्वर्ण पदक का बचाव नहीं कर सकीं उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। भारत के एथलेटिक्स में एक दिन में रिकॉर्ड पदक रहे लेकिन स्वर्ण पदक का इंतजार जारी है।



परिस्थितियां काफी मुश्किल थी : यशवीर

यशवीर ने बाद में कहा, 'परिस्थितियां काफी मुश्किल थी। दौड़ने का स्थान गीला था और लगातार बूंदाबांदी हो रही थी। मुझे सही पकड़ नहीं मिल पा रही थी और रन अप थोड़ा फिसलन भरा था। चोट लगने का डर रहता है।'उन्होंने कहा, 'लेकिन मैं अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में सफल रहा इसलिए खुश हूं।''

पदक तालिका

स्थान	देश	स्वर्ण	रजत	कांस्य	कुल
1	चीन	132	53	45	230
2	जापान	41	68	63	172
3	द. कोरिया	21	26	43	90
12	भारत	4	20	21	45

यशवीर ने अंतिम प्रयास में जीता पदक

पुरुष भाला फेंक में हरियाणा के 24 वर्षीय यशवीर ने अपने छठे और अंतिम प्रयास में 85.72 मीटर का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए हमवतन रोहित को पीछे छोड़कर रजत पदक अपने नाम किया। उत्तर प्रदेश के 25 वर्षीय रोहित ने 84.35 मीटर की दूरी तक भाला फेंककर कांस्य पदक जीता।

मेरे करियर का महत्वपूर्ण पदक : गुलवीर

उत्तर प्रदेश के 28 वर्षीय धावक गुलवीर ने कहा, 'यह मेरे करियर का बहुत महत्वपूर्ण पदक है। मुझे जितनी भी स्पर्धाओं में दौड़ना पड़े मुझे कोई परेशानी नहीं है और मैं उनमें पदक जीतना चाहता हूं। मैं अंत में अपनी गति बरकरार नहीं रख सका क्योंकि मैं आमतौर पर लंबी दूरी का धावक हूं और मुख्य रूप से 5000 मीटर और 10000 मीटर में दौड़ता हूं।'

पारुल नहीं कर सकीं स्वर्ण पदक का बचाव

पारुल एशियाई खेलों में अपने स्वर्ण पदक का बचाव नहीं कर सकीं। उत्तर प्रदेश की 31 वर्षीय पारुल ने 15 मिनट 14.61 सेकेंड का समय निकालकर तीसरा स्थान हासिल किया। पारुल का मौजूदा एशियाई खेलों में यह दूसरा पदक है। उन्होंने रविवार को महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेज में कांस्य पदक जीता था।



निशानेबाजी : ईशा ने जीता रजत



21 वर्षीय निशानेबाज ईशा ने पांच शूट-ऑफ में से गुजरने के बाद रजत पदक जीता। हैदराबाद की 21 वर्षीय ईशा इस वर्ग की मौजूदा विश्व नंबर एक हैं। उन्होंने रजत की दौड़ में बने रहने के लिए उत्तर कोरिया की किम हियोन सुक के खिलाफ तीन शूट-ऑफ जीते।

चार गुणा 100 मीटर मिश्रित रिले टीम फाइनल में



भारत की चार गुणा 100 मीटर मिश्रित रिले टीम ने एशियाई खेलों में सोमवार को दूसरी हीट में दूसरा स्थान हासिल कर फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया। गुरिंदरवीर सिंह, अबिनया राजराजन, अनिमेष कुजूर और हरिता भद्रा की चौकड़ी ने 41.54 सेकंड का समय निकाला और चीन (41.52) से पीछे रही। भारतीय टीम ने हीट में कुल मिलाकर थाईलैंड और चीन के बाद तीसरे स्थान पर रहते हुए फाइनल में अपनी जगह सुरक्षित की।

कुराश : पिंकी बलहारा ने जीता कांस्य

पिंकी बलहारा ने सोमवार को महिला 78 किग्रा से कम भार वर्ग की कुराश स्पर्धा के सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया की सुमिन मो से 0-5 से हारकर कांस्य पदक अपने नाम किया।

मुकाबले के दौरान पिंकी को 'डक्की' (पेनल्टी) मिली, जबकि मो ने 'योनबोश' अंक हासिल किया। यह एशियाई खेलों में पिंकी का दूसरा पदक है। उन्होंने 2018 के जकार्ता एशियाई खेलों में महिलाओं के 52 किग्रा से कम भार वर्ग में रजत पदक जीता था। उस खेल में कुराश को पहली बार एशियाई खेलों में शामिल किया गया था। इससे पहले पिंकी ने दक्षिण कोरिया की लिम गाराम को 3-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह पक्की की थी। इस 27 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी ने निर्णायक अंक 'चाला' के जरिए हासिल किया, जबकि लिम पूरे मुकाबले में एक भी अंक नहीं जुटा सकीं। 'चाला' तब दिया जाता है, जब खिलाड़ी प्रतिद्वंद्वी को जमीन पर गिराता है, लेकिन इस दांव में पूरा नियंत्रण नहीं होता। पिंकी को प्री-क्वार्टर फाइनल में बाय मिला था।



मुक्केबाजी : लवलीना प्रिया, कपिल ने किए पदक पक्के

निशियो। लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) , प्रिया घंघास (60 किलो) और कपिल पोखरिया (90 किलो) ने मुक्केबाजी स्पर्धा के सेमीफाइनल में पहुंचकर भारत के तीन पदक पक्के कर दिए। लवलीना ने दक्षिण कोरिया की सियोंग सुयोन को क्वार्टर फाइनल में 5-0 से हराया जबकि प्रिया ने ताजिकिस्तान की मिजगोना सामादोवा के खिलाफ पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 60 किलो क्वार्टर फाइनल में सर्वसम्मति से लिए गए फैसले में जीत दर्ज की। पोखरिया ने दक्षिण कोरिया के किम गिचाए को पुरुषों के 90 किलो क्वार्टर फाइनल में 5-0 से हराया। इन तीनों के अलावा परवीन हुड्डा (65 किग्रा), अंकुश पंघाल (80 किग्रा) और नरेंद्र बरवाल (90 किग्रा से अधिक) भी भारत के लिए पदक पक्का कर चुके हैं।

भारत ने बांग्लादेश को हराया, अब सामना पाकिस्तान से

काकामिगाहारा। कप्तान हरमनप्रीत सिंह की हैट्रिक की मदद से भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने भारी बारिश के बीच पूल ए के आखिरी मैच में बांग्लादेश को 10-0 से हराकर लगातार पांचवीं जीत दर्ज की और अब सेमीफाइनल में 1 अक्टूबर को सामना पाकिस्तान से होगा। दूसरे सेमीफाइनल में मलेशिया की टक्कर दक्षिण कोरिया से होगी। भारत के लिए कप्तान हरमनप्रीत (27वां, 40वां और 45वां मिनट) ने 3 जबकि शिलानंद लाकड़ा (44वां और 45वां) ने 2 गोल किए। अभिषेक (तीसरा मिनट), जुगराज सिंह (22वां), सुखजीत सिंह (32वां), संजय (59वां) और मनदीप सिंह (60वां) ने एक-एक गोल दागा। भारत ने इससे पहले इंडोनेशिया को 13-1, दक्षिण कोरिया को 8-2, सिंगापुर को 7-0 और जापान को 2-0 से हराया था।



पुरुष क्रिकेट : सेमीफाइनल में भारत

नागोया। भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम सोमवार को खराब मौसम के कारण अफगानिस्तान के खिलाफ एशियाई खेलों का क्वार्टर फाइनल रद्द होने के बाद मैदान पर उतरे बिना ही सेमीफाइनल में पहुंच गई। गत चैंपियन भारत ने आईसीसी टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर होने के कारण अंतिम चार में जगह बनाई, जबकि अफगानिस्तान 10वें स्थान पर है। भारत का सामना मंगलवार को यहां नेपाल और श्रीलंका के बीच होने वाले क्वार्टर फाइनल के विजेता से होगा।



खबर संक्षेप



राजस्थान रेंजर्स टीम की ब्रांड दूत बनीं सानिया

मुंबई। किया टेनिस प्रीमियर लीग (टीपीएल) के आठवें सत्र से पहले राजस्थान रेंजर्स टीम को आरएपीएल समूह ने खरीद लिया है और भारतीय टेनिस स्टार सानिया मिर्जा इस टीम की ब्रांड दूत होगी। पिछले सत्र में सेमीफाइनल तक पहुंची इस टीम के जरिए स्वास्थ्य और वेलनेस क्षेत्र में कार्यरत आरएपीएल समूह ने खेलों में पहला कदम रखा है। सानिया ने टीम से जुड़ने पर कहा,' मैं ऐसी टीम के साथ जुड़कर बहुत खुश हूं, जो प्रतिभा और नई सोच दोनों का सम्मान करती है। भारतीय टेनिस को योजनाबद्ध और दीर्घकालिन निवेश की जरूरत है और यही इस टीम का नजरिया है।'आरएपीएल समूह के प्रबंधन निदेशक सलीम दीवान, अध्यक्ष सत्तार दीवान और उपाध्यक्ष जोनु राणा अब टीम का प्रबंधन देखेंगे जबकि आस्ट्रेलियाई टेनिस स्टार रिंकी हिजीकाता अंतरराष्ट्रीय मारकी खिलाड़ी के तौर पर शामिल होंगे ।

एशियाई खेलों से बाहर होने से आहत हुई सिंधू

नागोया। पीवी सिंधू एशियाई खेलों से निराशाजनक तरीके से बाहर होने के बाद आहत हैं लेकिन इस हार के दर्द ने उनके कुछ और हासिल करने के संकल्प को और मजबूत कर दिया है। सिंधू ने अपनी कमियों पर काम करने का वादा करते हुए कहा कि ' एक निराशाजनक नतीजा उस सफर को परिभाषित नहीं कर सकता, जो मेरे लिए इतना मायने रखता है।' सिंधू का अभियान रविवार को चीन की चेन यूफेई के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में हार के साथ समाप्त हुआ। सिंधू ने 'एक्स' पर लिखा, ' इसे शब्दों में बयां करने के लिए मुझे थोड़ा समय चाहिए था। मेरा एशियाई खेलों का अभियान समाप्त हो गया है और मैं आहत हूं। क्वार्टर फाइनल में मुकाबला अपने पक्ष मेंकरने से मैं तीन अंक दूर थी। मैं बार-बार उन्हीं तीन अंकों के बारे में सोच रही हूं।'

17 साल के लक्ष्य ने पार किया 247 गेंद में 200 रन का आंकड़ा

एजेंसी ▶▶| राजकोट

लक्ष्य रायचंदानी ने जुलाई से यूथ टेस्ट में तीन मैच खेले हैं और तीनों में शतक बनाए हैं। भारत के युवा बल्लेबाज लक्ष्य रायचंदानी का अंडर 19 टीम के लिए शानदार खेल जारी है। उन्होंने 28 सितंबर को ऑस्ट्रेलिया अंडर 19 के खिलाफ पहले यूथ टेस्ट में शतक बनाया।

लक्ष्य रायचंदानी का यह इस टीम के खिलाफ लगातार दूसरा शतक है। उन्होंने पांच दिन पहले यूथ वनडे में भी सैकड़ा बनाया था और नाबाद 110 रन की पारी खेली थी। लक्ष्य दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक दोहरा शतक लगा चुके थे। उन्होंने 247 गेंद में 200 रन का आंकड़ा पार किया।

पहला टेस्ट : भारत अंडर 19 ने ऑस्ट्रेलिया पर बनाई बढ़त



लक्ष्य ने 196 गेंद में पूरे किए 150 रन

लक्ष्य ने पहले यूथ टेस्ट के दूसरे दिन पारी का आगाज करते हुए 139 गेंद में 12 चौकों व दो छक्कों से 100 रन का आंकड़ा पार किया। उनकी पारी के दम पर भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया अंडर 19 के पहली पारी के स्कोर से आगे निकलने में सफल रहे। लक्ष्य ने बाद में 196 गेंद में 150 रन पूरे किए। उन्होंने शतकीय पारी के दौरान कप्तान यशबर्धन चौहान (54) के साथ तीसरे विकेट के लिए 124 रन की साझेदारी की। फिर निचले क्रम के बल्लेबाजों के साथ मिलकर भारतीय टीम को 300 के पार पहुंचा दिया। लक्ष्य ने छठे विकेट के लिए मानव कृष्णा (25) के साथ 45, सातवें विकेट के लिए अयान

पाकिस्तान टूर से बाहर हुए धाकड़ बल्लेबाज बटलर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जोस बटलर के लिए चोट ने मुश्किलें बढ़ा दी हैं और इसका असर इंग्लैंड की आने वाली बड़ी सीरीज पर पड़ सकता है। श्रीलंका के खिलाफ मैच में हैमस्ट्रिंग चोटिल होने के बाद बटलर पाकिस्तान में होने वाली वनडे ट्राई सीरीज से बाहर हो गए हैं।

इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैक्कलम के मुताबिक बटलर का अक्टूबर में पाकिस्तान दौरे पर लौटना संभव नहीं है। रिपोर्ट के मुताबिक, नवंबर में होने वाले ऑस्ट्रेलिया के व्हाइट-बॉल दौरे पर भी उनके खेलने की संभावना बेहद कम बताई जा रही है। बटलर को श्रीलंका के खिलाफ 24 सितंबर को हेडिंग्ले में खेले गए दूसरे वनडे मुकाबले के दौरान हैमस्ट्रिंग में परेशानी हुई थी। चोट लगने के बाद वह पहले रिटायर्ड हर्ट हुए, हालांकि कुछ समय बाद दोबारा बल्लेबाजी के लिए मैदान पर लौटे थे।



फुटबॉल

मेस्सी का हैरतअंगेज गोल फ्री किक में किया कमाल



एजेंसी ▶▶| कोलंबस

इंटर मियामी सीएफ को एमएलएस रेगुलर सीजन के मुकाबले में अपने घरेलू मैदान पर कोलंबस क्रू के खिलाफ 1-2 से हार का सामना करना पड़ा।

स्कॉट्स मिरेकल-ग्रो फील्ड में खेले गए इस मैच में इंटर मियामी के कप्तान लियोनेल मेस्सी ने शानदार फ्री-किक के जरिए टीम का एकमात्र गोल किया। हालांकि, मेसी के गोल के बावजूद उनकी टीम हार टाल नहीं सकी। कोलंबस क्रू ने मैच के 28वें मिनट में पेनल्टी के जरिए पहला गोल कर बढ़त बना ली। हालांकि, इंटर मियामी ने सिर्फ 5 मिनट बाद शानदार वापसी की। कप्तान लियोनेल मेस्सी ने मैदान के दाहिने छोर से मुश्किल एंगल पर मिली फ्री-किक को गोल में बदलकर स्कोर 1-1 कर दिया।

मेस्सी ने दागा सीजन का 21वां गोल

मेस्सी का यह सीजन का 21वां गोल था। इसके साथ ही उन्होंने 2026 एमएलएस गोल्डन बूट की दौड़ में अपनी बढ़त और मजबूत कर ली। दूसरे हाफ में इंटर मियामी की ओर से एक खिलाड़ी ने डेब्यू किया। हाल ही में टीम से जुड़े ब्राजील के विंगर रिकेल्मे फिलिपी 71वें मिनट में फाकुंडो मुरा की जगह मैदान पर उतरे और क्लब के लिए अपना पहला मैच खेला। मैच के आखिरी पलों में कोलंबस क्रू ने स्टॉपेज टाइम में गोल करते हुए मैच में 2-1 की बढ़त बनाई और जीत दर्ज की। इस हार के बावजूद, इंटर मियामी का इस एमएलएस रेगुलर सीजन में प्रदर्शन अब तक अच्छा रहा है। टीम ने 12 जीत, पांच हार और 10 ड्रॉ के साथ 46 अंक जुटाए हैं। इसी के साथ वह ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस की अंक तालिका में तीसरे स्थान पर बनी हुई है। मौजूदा एमएलएस एमवीपी अवॉर्ड और गोल्डन बूट विजेता लियोनेल मेस्सी इस सीजन शानदार फॉर्म में हैं।

अपने ही कप्तान से भिड़े डिकॉक ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच में बवाल

जोहानसबर्ग। दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच वनडे सीरीज के दूसरे मैच में क्विंटन डिकॉक अपने टीम के कप्तान टेम्बा बावुमा से भिड़ गए। उन्होंने एक डीआरएस के फैसले को लेकर बहस कर ली। दोनों खिलाड़ियों के बीच बहस का वीडियो सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।



वीडियो में देखा जा सकता है कि दक्षिण अफीकी गेंदबाज विलियम्स की गेंद बार्टलेट के पैड पर लगी थी। इसके बाद दक्षिण अफ्रीकी टीम अपील कर रही थी। अंपायर ने आउट नहीं दिया तो विकेटकीपर डिकॉक चिल्लाने लगे। डिकॉक का चिल्लाना टेम्बा बावुमा को पसंद नहीं आया।

ऑस्ट्रेलिया टेस्ट सीरीज नहीं खेलेंगे लुंगी एनगिडी

साउथ अफ्रीका स्क्वाड का ऐलान, नॉर्खिया टीम में शामिल

एजेंसी ▶▶| जोहानसबर्ग

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 3 मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए साउथ अफ्रीका ने प्रारंभिक स्क्वाड की घोषणा कर दी है। इसमें एनरिक नॉर्खिया का नाम शामिल है, जो मार्च 2023 से टेस्ट नहीं खेले हैं। कगिसो रबाडा का भी चयन हुआ है, लेकिन उनकी उपलब्धता पर संशय है। यह ग्रुप 1 अक्टूबर को डरबन में इकट्ठा होगा, जहां 9 अक्टूबर से सीरीज शुरू होगी। रबाडा के अलावा लुंगी एनगिडी, क्वेना मफाका, ओटनील बार्टमैन और लुथो सिपाम्ला सभी हैमस्ट्रिंग की चोट से जूझ रहे हैं। इसके कारण उनका चयन नहीं हुआ है। रबाडा और नॉर्खिया के अलावा प्रारंभिक स्क्वाड में कॉर्बिन बॉश, गेराल्ड कोएत्जी, मार्को यानसेन, वियान मुल्डर और डेन पैटरसन चुने गए हैं। कोएत्जी ने नवंबर 2024 के बाद से टेस्ट नहीं खेला है। डेवाल्ड ब्रेविस भी बाहर हैं।



एकरमैन का पहली बार चयन

टीम में सिर्फ एक अनकैप्ड खिलाड़ी टॉप-ऑर्डर के बल्लेबाज मार्केस एकरमैन हैं, जिन्होंने साउथ अफ्रीका ए के लिए 1000 से ज्यादा रन बनाए हैं। वह टॉप तीन में जगह बनाने के लिए टोनी डी जोरजी, ट्रिस्टन स्टब्स और मुल्डर को टक्कर देंगे। हालिया फॉर्म को देखते हुए एकरमैन उनसे आगे निकल सकते हैं।

यूनान के खिलाड़ी कुर्बेलिस ने किया इकलौता गोल, स्टेडियम में पसरा सन्नाटा

नेशंस लीग: यूनान ने जर्मनी को हराकर किया उलटफेर

एजेंसी ▶▶| लंदन

दिमित्रिस कुर्बेलिस के गोल की बदौलत यूनान ने नेशंस लीग फुटबॉल में जर्मनी को उसके घरेलू मैदान पर 1-0 से हराकर उलटफेर किया। जुर्गेन क्लॉप के कोच बनने के बाद जर्मनी की यह पहली हार है।

यूनान के स्थानापन्न खिलाड़ी कुर्बेलिस ने 74वें मिनट मैच का इकलौता गोल किया, जिससे ऑग्सबर्ग में स्टेडियम के अंदर सन्नाटा पसर गया। क्लॉप के मार्गदर्शन में जर्मनी ने गुरुवार को अपने पहले मैच में नीदरलैंड्स के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेला था। यूनान के खिलाफ जर्मनी ने पहले हाफ में दबदबा बनाए रखा लेकिन दूसरे हाफ में मेहमान टीम ने आक्रामक रुख अपनाया और कुर्बेलिस ने गोल कर घरेलू दर्शकों को स्तब्ध कर दिया। जर्मनी अब गुरुवार को म्यूनिख में सर्बिया का सामना करेगा।



पुर्तगाल ने नॉर्वे को उसके घर में दी मात

दिग्गज क्रिस्टियानो रोनाल्डो को स्थानापन्न खिलाड़ियों की सूची में रहना पड़ा, लेकिन पुर्तगाल ने नॉर्वे को उसके घर में 2-1 से हराया। ओस्लो में खेले गए मैच में जोआओ फेलिक्स ने लगातार दूसरे मैच में गोल करते हुए पुर्तगाल को 17वें मिनटमें बढ़त दिलाई। नॉर्वे के दिग्गज एर्लिंग हालांड ने कई मौके गंवाए, लेकिन 51वें मिनट में आखिरकार बराबरी का गोल कर दिया। यह नॉर्वे के लिए 57 मैचों में उनका 65वां गोल था। रोनाल्डो की जगह खेल रहे गोंसालो रामोस ने तीन मिनट बाद ही पुर्तगाल को फिर बढ़त दिला दी। उन्होंने नॉर्वे के गोलकीपर ओर्जान नीलांड के खराब पास को बीच में रोककर गोल किया।

New Dr. Juneja's Roop Mantra®
Ayurvedic Face Cream & Face Washes
Goodness of 12 herbs for Skin care
Helpful in protection from : Scars • Wrinkles • Pimples • Dull Skin
रूप मंत्रा आयुर्वेदिक क्रीम में मौजूद ऐलोवेरा, तुलसी, द्राक्षा, हरिद्रा, चंदन, बादाम इत्यादि जड़ी बूटियाँ चेहरे पर नमी सुरक्षित रख एक ट्रीटमेंट की तरह कार्य करती हैं। इसके पोषक एवं एंटी-ऑक्सीडेंट गुण चेहरे की त्वचा को युवा रखने में सहायता करते हैं। यह रूखी/ बेजान त्वचा, झुर्रियों, आंखों के नीचे काले घेरे, खिंचाव के निशान इत्यादि के प्रबंधन में विशेष सहायक है।
24x7 Helpline: 87259 66666 • www.roopmantra.com
Available at all medical & general stores
Clinically Tested*
*For efficacy and safety.

जापान में 1 लाख लोग 100 साल के पार, भारत में 37,988 है ये संख्या

टोक्यो। जापान ने एक और मामले में पूरी दुनिया को पीछे छोड़ दिया है। जापान में अब 100 साल या इससे अधिक उम्र वाले लोगों की संख्या 1 लाख के पार पहुंच गई है। बीते दिनों जापान के स्वास्थ्य मंत्रालय की एक रिपोर्ट में यह बात सामने आई है। बड़ी बात है कि 1 लाख के पार लोगों में सबसे ज्यादा महिलाएं हैं, महिलाओं की तुलना में पुरुषों की संख्या काफी कम है। इस तरह से जापान 100 साल के पार वाले लोगों की संख्या के मामले में दुनिया में पहले नंबर है, जबकि भारत चौथे नंबर पर है।

56 सालों से बढ़ रही ये संख्या

दरअसल, जापान में 100 साल या उससे ज़्यादा उम्र के लोगों की कुल संख्या लगातार 56 सालों से बढ़ रही है। 15 सितंबर को जापान के स्वास्थ्य मंत्री केनिचिरो उएनो ने 100 साल के पार लोगों से जुड़ा आंकड़ा पेश किया था। उन्होंने बताया कि देश में 100 साल या उससे ज़्यादा उम्र के लोगों की रिकॉर्ड संख्या 107,677 है, जिनमें से 94,298 महिलाएं (87.6%) और 13,379 पुरुष (12.4%) हैं। जापान ने स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि हमें बहुत खुशी है कि इतने सारे लोग इतने लंबे समय तक एक्टिव और स्वस्थ रह पा रहे हैं।



जापान के सबसे उम्रदराज पुरुष

27 अगस्त को जापान की सबसे उम्रदराज शिगेको कागावा की मौत हुई थी, जिसके बाद जेरोंटोलॉजी रिसर्च ग्रुप ने 114 साल की फुयो किशिमोटो को जापान की सबसे उम्रदराज़ जीवित व्यक्ति के तौर पर मान्यता दी। वहीं, जापान के सबसे उम्रदराज़ जीवित पुरुष 112 साल के हिकारू काटो हैं।

अमेरिका इस आंकड़े में दूसरे नंबर पर

वहीं, अगर अन्य देशों की बात करें तो जापान के बाद अमेरिका दूसरे नंबर पर है तो चीन 100 साल के पार वाले लोगों की संख्या में तीसरे नंबर पर है। टीओआई की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका में 73,629 लोग 100 साल या इससे अधिक उम्र वाले लोग हैं, जबकि चीन में यह संख्या 48,566 है। वहीं, भारत में 37,988 लोग 100 साल की उम्र तक पहुंच चुके हैं। इस तरह भारत दुनिया में सबसे अधिक 100 साल या उससे अधिक उम्र तक पहुंचने वाले लोगों की संख्या में चौथे नंबर पर है। 100 साल पार लोगों की संख्या में इजाफा होने के बाद लोगों में चर्चा शुरू हो गई है कि ज्यादा जीना हो तो जापान चले जाओ।

सिगरेट के टुकड़ों से बनेगी मजबूत सड़क इंजीनियरों ने ढूंढ निकाला शानदार तरीका

कैनबरा। सिगरेट पीने के बाद अक्सर लोग उसके टुकड़ों को सड़कों, फुटपाथों रपर फेंक देते हैं। इन टुकड़ों में लगे प्लास्टिक फिल्टर सालों तक बने रह सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया के वैज्ञानिकों ने सिगरेट के इस कचरे से निपटने के लिए एक अनोखा तरीका बताया है। मेलबर्न की आरएमआईटी यूनिवर्सिटी के इंजीनियरों ने सिगरेट के टुकड़े के कचरे का इस्तेमाल सड़क बनाने में करके पर्यावरण की रक्षा के लिए बड़ी राह दिखाई है। यूनिवर्सिटी ने बताया कि



शोधकर्ताओं ने सिगरेट के टुकड़ों को डामर में बंद करने की ऐसी तकनीक विकसित की है, जो उन्हें सड़क बनाने वाली सामग्री में बदल सकती है। इसमें सिगरेट के टुकड़ों को डामर कंक्रीट में मिलाने से पहले बिटुमेन या पैराफिन वैक्स से कवर किया गया।

सिगरेट का टुकड़ा आसानी से नहीं होता खत्म

सिगरेट के टुकड़े सेल्यूलोज एसीटेट से बने होते हैं, जो एक तरह का प्लास्टिक है। यह आसानी से नष्ट नहीं होता। इसके साथ ही फिल्टर में निकोटीन, भारी धातुओं के साथ ही तंबाकू व सिगरेट के धुएं से बचे केमिकल अवशेष भी हो सकते हैं। इससे निपटने के लिए डामर में इस्तेमाल से पहले सिगरेट के टुकड़ों को सील करने के तरीके का परीक्षण किया।

20 साल की डॉक्टरी छोड़ महिला ने शुरू की पाव रोटी की दुकान

बीजिंग। सोचिए, एक डॉक्टर अचानक स्टेथोस्कोप छोड़कर पाव या बन बेचने लगे, तो हैरानी तो होगी ही। चीन में एक महिला डॉक्टर ने ऐसा ही किया है। 20 साल तक डॉक्टर के रूप में काम करने के बाद उन्होंने अपना क्लिनिक बंद कर दिया और अब स्टीम्ड बन्स बेचने का बिजनेस कर रही हैं। उनकी यह कहानी सोशल मीडिया पर खूब



चर्चा में है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, डोंग मिन नाम की इस महिला डॉक्टर ने 1999 में वुहान यूनिवर्सिटी से मेडिकल की पढ़ाई पूरी की थी। इसके बाद उन्होंने शेन्जेन में स्त्री रोग विशेषज्ञ के तौर पर काम किया और फिर वुहान लौट आईं। लेकिन, धीरे-धीरे नौकरी का मानसिक दबाव बहुत बढ़ गया। डोंग मिन के मुताबिक, उन पर सिर्फ मरीजों के इलाज का ही नहीं, बल्कि कागजी काम, बार-बार होने वाली जांच और अस्पताल की कानूनी जिम्मेदारियों का भी बोझ था।

बन्स के बिजनेस की ऐसे हुई शुरुआत

2023 में एक दोस्त की सलाह पर उन्होंने स्टीम्ड बन्स की दुकान में पैसा लगाया। लेकिन, तभी दुकान का मुख्य कारीगर अचानक काम छोड़कर चला गया। घबराने के बजाय डोंग मिन ने खुद ही बन बनाना सीखने का फैसला किया। धीरे-धीरे वह इसमें माहिर हो गईं और उन्हें इस काम में असली मजा आने लगा। शुरुआत में परिवार ने इसका विरोध किया, लेकिन बाद में उनकी सफलता देखकर उनकी मां और भाई भी दुकान में मदद करने लगे।

कमर, जांघ, ऑर्म, वक्ष स्थल

शरीर के अन्य हिस्सों का वेजर व्दारा लाइपोसक्शन
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
Ajay Advt.

अंतिम 6 दिन
SAVE UN-LIMITED
UP TO 50 % LESS
सूटिंग्स, शर्टिंग्स, साड़ियाँ, मैचिंग्स, ड्रेस मटेरियल्स, सलवार सूट्स, बेड शीट्स, टॉवेल, नेपकीन
SUNDAY OPEN
महेन्द्र कम्पनी मोदी सन्स
मालवीय रोड, रायपुर (छ.ग.)
फोन: 4049406/7/8

उर्मिला मेमोरियल सुपरस्पेशिलिटी हॉस्पिटल
200 बिस्तरों का सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल
UMH आयुष्मान भव:
24x7 आपातकालीन सुविधा
किडनी एवं मूत्र रोग समस्याओं हेतु प्रतिदिन उपलब्ध

डॉ. आर.के. साहू DM किडनी रोग
किडनी एवं मूत्र रोग
डॉ. पंकज नरवारे M.ch. मूत्र रोग विशेषज्ञ
अगर आप निम्न समस्याओं से पीड़ित है...
• किडनी डायलिसिस • किडनी स्टोन • पैरों में सूजन • सांस फूलना • पेशाब का रंग गहरा होना • प्रोस्टेट कैंसर • पेशाब की समस्याएं • पथरी • पेशाब नली की सिकुड़न • महिलाओं में मूत्र समस्याएं
आयुष्मान कार्ड से डायलिलिस की सुविधा उपलब्ध
पेट रोगों हेतु निःशुल्क इंडोस्कोपी जांच 30 सितंबर 2026
ALL TPA, INSURANCE, SECL, SAIL, RAILWAY, AIRPORT, NTPC CG STATE & CENTRAL GOVT., CSEB
नहर रोड, भाठागांव, रायपुर (छ.ग.)
मो. 0771-4088820, 9109125524, 9589956859

Hero
HF-Deluxe
बाइक दमदार दाम शानदार
नई एक्स-शोरूम कीमत ₹59 999/-~
₹7 635/-* की बचत

कम डाउन पेमेंट ₹7499/-^
Hero GoodLife चांदी का सिक्का जीतने का मौका*
pine labs कैशबैक ₹5 000/- तक#
गुरुदक्षिणा ऑफर्स ₹2200/-*
कम ब्याज दर @0%*
Hero MotoCorp Ltd, Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No. 2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II. New Delhi-110070, India. ICIN: L35911DL1984PLC0173541. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com. Accessories and features shown may not be part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ^Finance offers are at the sole discretion of the financier, subject to its respective T&Cs. *Offer valid only on purchase of new Hero Two Wheeler & Hero GoodLife Enrollment on the corresponding purchase till 30th Sep. 2026. #The Cashback of 5% upto ₹5000 is applicable on the transaction between ₹30 000 to ₹1 00 000. The new revised ex-showroom price is valid for a limited period only. Hero MotoCorp reserves the right to modify or withdraw any or all offers without prior notice. ~Onroad price of HF Deluxe Self start variant applicable in Chhattisgarh.*Terms & Conditions apply.
INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY *Conditions apply
टोल फ्री 1800 266 0018
अधिकृत डीलर: रायपुर: छत्तीसगढ़ हीरो, 9289922351, आरसन हीरो, 9289922864, राजधानी हीरो, 9289922414, राजनांदगांव: जय हीरो, 9289922357, धमतरी: सत्योम हीरो, 9289922525, कांकेर: राहुल हीरो, 9289922834, महासमुंद: वत्स हीरो, 9289922623, बलोदाबाजार: अग्रवाल हीरो, 9289922959, आरंग: श्री राम हीरो, 9289922968, बेमेतरा: श्री सांई हीरो, 9289922835, कवर्धा: सरस्वती हीरो, 9289922958, जगदलपुर: विजयपाल हीरो, 9289923064, दंतेवाड़ा: जय विजय हीरो, 9289922990, दल्लीराजहरा: लक्ष्मी हीरो, 9289922983, भाटापारा: कुशल हीरो, 9289923052, भिलाई: इंडियन हीरो, 9289922355, चौहान मोटर्स, 9289233817, दुर्ग: उत्सव हीरो, 9289923114, उत्सव हीरो (स्टेशन रोड), 7000595300, एसोशिएट डीलर: रायपुर: संजय ऑटोव्हील, 9289924245, 0771-4266555, पंडरिया: ललित सर्विसेज़, 8770383767, अनपुरी: ओम ऑटो एजेंसी, 6261535855, दोमुहानी: किरण मोटर्स, 9754069392, लवन: गणपति ऑटो, 9926601111/9340379300, भिंभौरी: श्री राम मोटर्स, 8462900028/9340005833, गुरुर: श्री गुरुनानक ऑटो, 8349484458/7224880123, बोहला: विक्की मोटर्स, 9755583102, पांडातराई: शक्ति ऑटोमोबाइल्स, 9179035073, अभनपुर: राजधानी ऑटोमोबाइल्स, 9325529033, छुरिया: अंकित ऑटो, 9425240565, नवागढ़: श्री मोटर्स, 9165525555/9009866899, राजिम: गुरुदेव ऑटोमोबाईल्स, 9977280000, खरोरा: अग्रवाल मोटर्स, 9424212141, सरायपाली: बंसल ऑटो, 9425513611, डोंगरगढ़: युवराज मोटर्स, 8085160380, तिल्दा: आरसन मोटर्स, 9340335266, नगरी: हर्ष ऑटो, 8109502100, पाटन: दिव्या ऑटो, 9893492107, बागबाहरा: प्रियंका ऑटोकेयर, 9131058752, कोण्डागांव: आहुजा ऑटोमोबाईल्स, 9131794017/9993861888, नारायणपुर: गुरुनानक ऑटो, 9425596290, केशकाल: साहिल ऑटो सेल्स, 9893199247, झगरंडी: किरन ऑटोकेयर, 9754069392, फरसगांव: राजा ऑटोमोबाईल्स, 9425594144, बेरला: कोन्हा मोटर्स, 98931058752/ 6260472025, कसडोल: बजरंग मोटर्स, 9425511973, बालोद: नैन ऑटोकेयर, 9425563502, लिमतरा: माँ सरवेश्वरी ऑटोमोबाईल्स, 9301361155, गरियाबंद: छत्तीगढ़ ऑटो केयर, 8319358443, चरोदा: सत्यम ऑटोमोबाईल्स, 9977155055, गुंदरदेही: एम.एम. ऑटो, 9893542300/ 8720051135, जामुल: जय अम्बे ऑटो एजेंसी, 9826386346, रिसाली: भारत मोटर्स, 9993417123, फिंगेश्वर: अभिषेक ऑटो, 9977737000/9300093200, भिलाई-3: महावीर मोटर्स, 8109100019, कुरूद: शिव ऑटो, 8305711110/ 9993454103, डरपिनार- कांकेर: अंशू ऑटो, 9406054292, पखांजूर: रिशान सर्विसेज, 6267323235, गोहारा पादर: गोविंद ऑटो केयर , 9303664769, कुइकुदुर: दिलीप मोटर्स, 7869151152, सुकमा: आशुतोष ऑटोमोबाइल, 9425260291, भानुप्रतापपुर: संस्कार मोटर्स, 9406203600, मानपुर: दिलीप ऑटो केयर, 7999054324, लाखोली: शुभम ऑटो केयर, 9754000069, अम्बागढ़ चौकी: अमर मोटर्स, 9827969901, सालेवाड़ा: साई मोटर्स, 9754329434, राजिम: राजीव लोचन ऑटोमोबाइल्स, 7000186678, सारागांव: जी वी मोटर्स, 7566666243, सरसीवा: श्रीराम ऑटो, 6260060443, बीजापुर: माँ भवानी ऑटोमोबाइल्स, 9301683268/7987037477, चारामा: श्री करणी ऑटोमोबाइल, 9827894444, गुड़िहारी: श्री राम मोटर्स, 7697966999/9425502611, भखारा: प्रेम ऑटो, 8770027422, डीलर एक्सटेंशन काउंटर: रायपुर: आरसन हीरो (फाफाडीह), 7428587575, 0771-4000233, भिलाई (सुपेला): इंडियन हीरो, 0788-4911301, 8305597651, ऐडिशनल वर्कशॉप: रायपुर: आरसन मोटर्स (फाफाडीह), 7697868545/0771-4000233, आरसन मोटर्स (टिकरपारा), 2274333/666, राजधानी ऑटो केयर, (रिंग रोड नं.1, तेलीबांधा चौक) 0771-2420037, जेन्युईन स्पेअर पार्ट्स के लिए संपर्क करें: अधिकृत स्टॉकिस्ट: संजय ऑटोमोबाईल्स, 2226732/7474, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) रायपुर: आरसन हीरो, 9285052266, भिलाई: इंडियन हीरो, 9289922355, दल्लीराजहरा: लक्ष्मी हीरो, 9289922983.

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com